14.25 hrs.

Title: Discussion on the Bihar Reorganisation Bill, 2000. (Bill Passed)

MR. SPEAKER: Now, we come to item no. 8, Shri L.K. Advani to move Bihar Reorganisation Bill, 2000 for consideration and passing.

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोदय, 10 करोड़ आबादी का बिहार है और हिन्दुस्तान का दो-तिहाई इतिहास बिहार का इतिहास है।â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरा एक पॉइंट ऑफ ऑर्डर है।

अध्यक्ष महोदय : रघुवंश जी, पहले इनको सुन लेते हैं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, मेरा पॉइंट ऑफ ऑर्डर यह है कि जो विधेयक लाया गया है, इसमें फाइनेन्शियल मैमोरण्डम के संदर्भ में स्पट रूप से रूल 69 कहता है। मैं क्वोट कर रहा हूं :

Sub-rule (4) of Rule 65 says:

> "The Speaker may disallow a notice of a Bill in case the Bill does not comply with the requirement of sub-rule (2) of this rule, or rule 69 or 70."

Sir, Rule 69 (1) says:

> "A Bill involving expenditure shall be accompanied by a financial memorandum which shall invite particular attention to the clauses involving expenditure and shall also give an estimate of the recurring and non-recurring expenditure involved in case the Bill is passed into law."

अध्यक्ष महोदय, मैंने आपका ध्यान उप-नियम 2 की तरफ इसलिए खींचा है क्योंकि :

> " अध्यक्ष किसी विधेयक की सूचना अस्वीकार कर सकेगा यदि विधेयक में इस नियम के उपनियम (2) ; या नियम 69 या 70 की अपेक्षाओं का पालन नहीं किया गया हो।"

नियम 69 के उपनियम में प्रावधान है कि --

> " विधेयकों के जिन खंडों या उपबंधों में भारत की संचित निधि में से व्यय अन्तर्ग्रस्त हो वे मोटे टाइप या तिरछे अक्षरों में छापे जायेंगे :"
>
> " परन्तु जहां किसी विधेयक में कोई खंड जिसमें व्यय अन्तर्ग्रस्त हो अनजाने में मोटे टाइप या तिरछे अक्षरों में न छापा जाये, विधेयक का प्रभारी सदस्य अध्यक्ष की अनुमति से ऐसे खंडों को सभा की जानकारी में लाएगा। "

इसीलिए मैं इसे सभा की जानकारी में लाया। यह बिल की मूल कापी है और इसमें जो फाइनेंशियल मेमोरेंडम दिया गया है, उसमें इसकी विस्तार से कहीं कोई व्याख्या नहीं है। इसलिए मेरी इस नियम के तहत आपत्ति है। मैं कहना चाहता हूं कि इसको प्रवर समिति में भेजा जाये या ज्वाइंट कमेटी में भेजा जाये जहां इसकी पूरी जांच हो।

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष महोदय, फाइनेंशियल मेमोरेंडम के संबंध में माननीय नेता श्री देवेन्द्र प्रसाद सिंह जी ने जो सवाल उठाया है, उसी पर मैं कहने के लिए खड़ा हुआ था। उन्होंने जो तकनीकी सवाल उठाया है, उसका मैं पूर्ण समर्थन करता हूं लेकिन बिहार की विधान सभा और विधान परिद् ने वित्तीय खर्च के संबंध में संशोधन दिया है कि 1,79,900 करोड़ रुपये बिहार के लिए है।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपका प्वाइंट ऑफ आर्डर नहीं है।

डॉ रघुवंश प्रसाद सिंह : इनकी पार्टी के लोगों ने भी दिया है। हम आज सब कागज-पत्र लेकर आये हैं और आज हम इनको ठीक करेंगे। â€¦(व्यवधान) सारे कागज-पत्रों के आधार पर, सारे सबूतों के आधार पर हमारा कहना है कि इससे झारखंड का विकास नहीं होने वाला है बल्कि वह कंगाल रहेगा, बिहार भी कंगाल रहेगा। ये राजनीतिक कारणों से अलग राज्य बना रहे हैं। अगर राजनीतिक कारणों से नहीं बना रहे हैं और विकास के लिए बना रहे हैं तो इतना ही खर्च दे रहे हैं? श्री देवेन्द्र जी ने जो सवाल उठाया है कि वित्तीय ज्ञापन में सब खोलकर रखना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं है। इसलिए मेरी मांग है कि इस विधेयक को वापिस लें और इसे स्टैंडिंग कमेटी, ज्वाइंट कमेटी या ज्वाइंट सेलेक्ट कमेटी में भेजा जाये तभी जनता का कल्याण और देश प्रदेश का हित होगा।

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): Sir, the Financial Memorandum does not contain the package which was approved by the Bihar State Assembly. The Resolution contains the package also.

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, anyway you are participating in the debate. At the time of discussion, you can raise all these things.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, it also involves the expenditure to be incurred on that package. Therefore, my suggestion is, this is a very important Bill, and it should not be brought in this way. It should be referred either to a

Standing Committee or to a Select Committee.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज,बिहार) : अध्यक्ष महोदय, हमारा एक निवेदन है कि माननीय सदस्यों द्वारा जो तकनीकी बातें उठायी गयी हैं, सदन की भी यह भावना है, बिहार की जनता की भी यही भावना है कि इसे प्रवर समिति में भेजा जाये। â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव (सम्भल) : अध्यक्ष महोदय, आप इस पर अपनी रूलिंग तो दे दीजिए।

अध्यक्ष महोदय : हम दे देंगे। मिनिस्टर साहब पहले एक्सप्लेनेशन दे रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : हम आपसे बात न करके अध्यक्ष महोदय से बात कर रहे हैं।

THE MINISTER OF HOME AFFIRS (SHRI L.K. ADVANI): Sir, in legislation of this kind, a Financial Memorandum is a must under the rules. In fact, if the Financial Memorandum had not been there or had been improper, then the Bill itself would not have been allowed to be introduced, what to say of taking it up for consideration.

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, we raised this objection at that point of time also.

MR. SPEAKER: The Chair heard your point at that time.

SHRI L.K. ADVANI : Sir, reference was made to some special package suggested by the Bihar Assembly. I can only say that all these States' Reorganisation Bills till now have had a financial memorandum approximately of the same kind that has been included in this. In this particular case, the Government of India regarded as an imperative that when Jharkhand is constituted, we should give special care to the State of Bihar as it remains. Therefore, for the first time, the Statement of Objects and Reasons states that:

> "The Government has set up a Unit in the Planning Commission under the direct charge of the Deputy Chairman, Planning Commission to deal exclusively with matters relating to the development of the rest of Bihar consequent upon the formation of the State of Jharkhand. "

This exclusive attention given to the rest of Bihar is for the first time in the history of the States reorganisation and, therefore, I think, insofar as the technical objection is concerned you can certainly decide about it and so far as the substance is concerned, I have mentioned it ...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : This is vague...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Your point of order could be considered at the time of passing the Bill and not at this stage when the Minister is seeking to move the Bill for consideration.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, मंत्री जी ने जो बात कही है। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Yadav, you can raise all these points during the course of the discussion.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं फाईनैंशल मैमोरंडम के बारे में बोल रहा हूं। ...(व्यवधान) मैंने मेन आपत्ति फाईनैंशल मैमोरंडम के बारे में उठाई थी। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: You can raise all these points during the course of the discussion.

...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, you have not given your ruling on whether this Bill should be referred to the Standing Committee or not. What is your ruling on this? ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: The Bill has already been introduced.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, क्या बिना पैसा खर्च किए राज बंट जाएगा? ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Please raise all these matters at the time of discussion.

Now, the hon. Minister.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing, other than what the hon. Minister is saying, would go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

** Not recorded*

श्री लाल कृण आड्वाणी : अध्यक्ष महोद्य, मैं प्रस्ताव * करता हूं :

" कि विद्यमान बिहार राज्य के पुनर्गठन और उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए। "

SHRI BASU DEB ACHARIA : Sir, this is not proper. ...(*Interruptions*) It would have been better had it been referred to the Standing Committee ...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Yadav, I have already replied to your point of order. Your point of order relates to the passing of the Bill and not at the consideration stage. You please go through the provisions contained in clause 69(1).

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Motion moved:

> "That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be taken into consideration. "

Now, Amendment No. 1 − Shri Varakala Radhakrishnan.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): I beg to move:

> "That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 29th December, 2000." (1)

MR. SPEAKER: Amendment No. 2 − Shri Vilas Muttemwar − Not present.

Amendment No. 3 − Dr. Raghuvans Prasad Singh.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : अध्यक्ष महोद्य, मैं प्रस्ताव करता हूं :

" कि विधेयक को उस पर 10 नवम्बर, 2000 तक राय जानने के प्रयोजनार्थ परिचालित किया जाए। " (3)

* Moved with the recommendation of the President

MR. SPEAKER: Amendment No. 4 − Shri Basudeb Acharia.

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA) : I beg to move:

> "That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Select Committee consisting of 9 members, namely:--
>
> 1. Shri Lal Krishna Advani
> 2. Shri Ajoy Chakraborty
> 3. Shri Sanat Kumar Mandal
> 4. Shri Rupchand Pal
> 5. Shri Amar Roypradhan
> 6. Dr. Raghuvans Prasad Singh
> 7. Shri Swadesh Chakraborty
> 8. Shri Hannan Mollah; and
> 9. Shri Basudeb Acharia
>
> With instructions to report by the first day of the first week of the Budget Session, 2001". (4)

MR. SPEAKER: Now, Amendment No.5 − Shri Prabhat Samantray.

SHRI PRABHAT SAMANTRAY (KENDRAPARA): Sir, I beg to move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Select Committee consisting of 9 members, namely:-

(1) Shri Prasanna Acharya

(2) Shri Lal Krishna Advani

(3) Shri Bikram Keshari Deo

(4) Shri K.P. Singh Deo

(5) Shri Jagannath Mallik

(6) Shri Jual Oram

(7) Shri Arjun Sethi

(8) Shri Bhartruhari Mahtab; and

(9) Shri Prabhat Samantray

With instructions to report by the last day of the first week of the next Session. " (5)

MR. SPEAKER: Amendment No. 6 – Shri Ramji Lal Suman.

श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विद्यमान बिहार राज्य के पुनर्गठन और उससे संबंधित विायों का उपबंध करने वाले विधेयक को एक प्रवर समिति को सौंपा जाए, जिसमें नौ सदस्य हों, अर्थात :-

1. श्री बसुदेव आचार्य
2. श्री लाल कृण आड्वाणी
3. श्री स्वदेश चक्रवर्ती
4. डा. सुशील कुमार इन्दौरा
5. श्री रूपचन्द पाल
6. डा. रघुवंश प्रसाद सिंह
7. श्री बेनी प्रसाद वर्मा
8. श्री मुलायम सिंह यादव ; और
9. श्री रामजीलाल सुमन

और उसे 15 जनवरी, 2001 तक प्रतिवेदन देने का अनुदेश दिया जाए। " (6)

MR. SPEAKER: Amendment No. 9 – Dr. Prasanna Kumar Patsani.

DR. PRASANNA KUMAR PATASANI (BHUBANESWAR): I beg to move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Joint Committee of the Houses consisting of 12 members, 8 from this House, namely:--

1. Shri Lal Krishna Advani
2. Shri K.P.Singh Deo
3. Shri Bhartruhari Mahtab

4. Shri Jagannath Mallick
5. Shri Jual Oram
6. Shri Prabhat Samantaray
7. Shri Arjun Sethi; and
8. Shri Prasanna Acharya

And 4 Members from Rajya Sabha;

That in order to constitute a sitting of the Joint Committee the quorum shall be one-third of the total number of members of the Joint Committee;

That the Committee shall make a report to this House by the last day of the first week of the next Session;

That in other respects the Rules of Procedure of this House relating to Parliamentary Committees shall apply with such variations and modifications as the Speaker may make; and

That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do join the said Joint Committee and communicate to this House the names of 4 members to be appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee". (9)

MR. SPEAKER: Amendment No. 10 − Shri Basudeb Acharia.

[

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): I beg to move:

"That the Bill be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 15th November, 2000." (10)

MR. SPEAKER: Amendment No. − 17. Shri K.P.Singh Deo.

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): I beg to move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Joint Committee of the Houses consisting of 15 members, 10 from this House, namely:--

1. Shri Prasanna Acharya
2. Shri Trilochan Kanungo
3. Shri Bhartruhari Mahtab
4. Shri Jagannath Mallik
5. Shri Hannan Mollah
6. Capt. Jai Narain Prasad Nishad
7. Shri Rupchand Pal
8. Smt. Kumudini Patnaik
9. Dr. Prasanna Kumar Patasani
10. Shri Prabhat Samantray

And five Members from Rajya Sabha

That in order to constitute a sitting of the Joint Committee the quorum shall be one-third of the

total number of members of the Joint Committee;

That the Committee shall make a report to this House by 16 January, 2001;

That in other respects the Rules of Procedure of this House relating to Parliamentary Committees shall apply with such variations and modifications as the Speaker may make; and

That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do join the said Committee and communicate to this House the names of 5 members to be appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee. (17)

MR. SPEAKER: Amendment No. 18 − Shri Trilochan Kanungo.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO (JAGATSINGHPUR): I beg to move:

"That the Bill to provide for the reorganisation of the existing State of Bihar and for matters connected therewith, be referred to a Select Committee consisting of 9 members, namely:--

1. Shri L.K.Advani
2. Shri Prasanna Acharya
3. Shri Padmanava Behera
4. Shri K.P.Singh Deo
5. Shri Rupchand Pal
6. Shri Prabhunath Singh
7. Shri Ramji Lal Suman
8. Shri Beni Prasad Verma
9. Shri Trilochan Kanungo

With instructions to report by the 15th December, 2000." (18)

श्री थाम्स हंसदा (राजमहल) : अध्यक्ष जी, जो बिहार पुनर्गठन विधेयक पेश किया गया है, मैं उसका स्वागत करता हूं और उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। â€¦(व्यवधान)

1436 बजे **(उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)**

यह जो नया प्रदेश झारखंड बनने का बिल आया है, मैं सरकार को और माननीय प्रधान मंत्री जी के साथ-साथ बिहार के मुख्य मंत्री जी और सोनिया गांधी जी को भी धन्यवाद देता हूं कि सारे रास्ते को साफ कर दिया जिससे कल झारखंड राज्य बन सके। मैं माननीय सदस्यों से भी अनुरोध करूंगा कि इस पर विवाद न उठाया जाये। सब साथ दें जिससे यह झारखंड राज्य बन सके क्योंकि बहुत लम्बे समय से यह मांग चली आ रही है। कोई आज से नहीं, लगभग आजादी से पहले और उसके बाद से निरन्तर यह संघर्ष वहां के लोगों ने अलग राज्य बनने के लिए किया है। आज मैं धन्यवाद उनको भी देना चाहता हूं, उन नेताओं को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने लम्बे समय तक संघर्ष किया है और जो शहीद हुए हैं, उनको भी आज याद करना चाहता हूं। आज इसमें कुछ त्रुटि रह गई है कि झारखंड राज्य क्यों बनना चाहिए? उन कारणों को कम दर्शाया गया है, उन पर भी मैं प्रकाश डालूंगा। इसके दो कारण हैं, एक तो राज्य सरकार की भूल की वजह से और दूसरे केन्द्र सरकार की भूल की वजह से है। मैं राज्य सरकार की भूल की चर्चा यहां नहीं करूंगा। मैं केन्द्र सरकार की चर्चा करूंगा। केन्द्र सरकार की चर्चा यहां होनी चाहिए। सरकार सामने है। जो भूल है, वह यह है कि दो खंड मिलाकर झारखंड बनता है। छोटा नागपुर और संथाल परगना, इन दोनों को मिलाने से झारखंड बनता है। छोटा नागपुर और संथाल परगना, दो खंड एक साथ होते हैं। वहां के इलाके में वहां के काश्तकारी अधिनियम में दो कानून चलते हैं, एस.पी.लैंड टेनेंसी एक्ट और छोटा नागापुर टेनेंसी एक्ट, की चर्चा इसमें कहीं नहीं की गई. उसकी सीमा क्या होगी? पहले की सीमा होगी या कोई नयी सीमा होगी, इसकी चर्चा होनी चाहिए। वहां का समाज जिस रीति-रिवाज से चलता है, उसकी कहीं चर्चा नहीं है। वहां प्रधान परगना की व्यवस्था से समाज चलता है और वहां पंचायत चुनाव हो या न हो, यह विवाद लम्बे समय से है। उसकी भी चर्चा होनी चाहिए, वह इसमें नहीं है। एक महत्वपूर्ण बात केन्द्र सरकार से संबंधित है। नया राज्य जो बनता है और अगर उसमें त्रुटि है तो अगर उसे यथाशीघ्र समाप्त कर दिया गया तो आने वाले दिनों में दिक्कत नही होगी। वह केन्द्र सरकार से संबंधित है, इसलिए मैं यहां रख रहा हूं। एक दुमका शहर भी है। एक संथाल परगना है, उसको रेलमार्ग से नहीं जोड़ा गया है और न ही हजारीबाग को रेल मार्ग से जोड़ा गया है। दुमका,साहेबगंज,पाकुड के लोगों को अठारह घंटे में रांची जाना पड़ता है। रोड के रास्ते से 18 घंटे लगते हैं तब हम वहां पहुंच सकते हैं। इसलिए वहां तत्काल जिस तरह से पहले चलता था, वैसी व्यवस्था होनी

चाहिए। हाई-कोर्ट की एक ब्रांच रांची में थी, उसी तरह की दुमका में हाई-कोर्ट की एक ब्रांच होनी चाहिए। सरकार को साहेबगंज,पाकुड,दुमका होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग की व्यवस्था करना चाहिए। आज हम परिवहन की व्यवस्था देखें, वहां बिहार मेंपरिवहन निगम फेल है। अगर यही परिवहन निगम रांची में झारखंड में भी चला आता है तो तबाही हो जाएगी। एक भी बस नहीं चलेगी, इसलिए वहां नये परिवहन निगम की स्थापनी करनी होगी नहीं तो दिक्कत होगी। वहां के लोगों को दुमका से रांची जाने में बहुत दिक्कत होगी। साथ ही साथ अगर हौस्पिटल की बात की जाये तो मैं बताना चाहता हूं कि वहां इस इलाके का अगर एक भी आदमी बीमार पड़ता है तो या तो वह पटना जाता है या कलकत्ता जाता है।

इसमें उसे भीाण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नए राज्य के निर्माण में सरकार को चाहिए कि तत्काल एक मैडिकल कालेज दुमका में खोले, जिससे वहां के लोगों को राहत मिल सके। उस क्षेत्र में पहाड़ी लोग रहते हैं, आदिवासी लोग रहते हैं, उनके हित में अच्छा होगा कि उन्हें कलकत्ता या पटना न जाना पड़े, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही साथ साहेबगंज में गंगा नदी पर पुल बनना चाहिए।

विद्युत के बारे में आपको सुनकर ताज्जुब होगा। बगल में दस किलोमीटर की दूरी पर कायले से चलने वाले दो ताप बिजली घर - कहलगांव और फरक्का - हैं, लेकिन बिजली उनको 120 किलोमीटर की दूरी से मिलती है। दुनिया में आप कहीं पर भी देख लीजिए, कहीं पर भी इतनी दूरी से बिजली सप्लाई नहीं होती है। इसलिए तत्काल नजदीक में तीन जगहों - साहिबगंज, पाकुड़ और दुमका - पर बिजली का ग्रिड बनाना चाहिए, जिससे वहां के लोगों को बिजली मिल सके। ऐसे बहुत से इलाके हैं, जहां पिछले 15 सालों से बिजली नहीं पहुंच रही है, जैसे बुवारीजोर, पकुड़िया, बरहेट, उधवा, महेशपुर और महाराजपुर आदि। इंदिरा जी के समय में मिली, उसके बाद तो मिली ही नहीं। इसलिए ग्रिड स्टेशन का निर्माण होना ही चाहिए। आप सुनकर ताज्जुब करेंगे, साहिबगंज, पाकुड और वर्द्वान बीरभूम जिलो में जो रेल गाड़ी चलती थी, वह लूपलाइन के नाम से जानी जाती थी। इन इलाको में मात्र यही रेल लाइन है और कोई भी ट्रेन नहीं है, जो दिल्ली शहर और बड़े-बड़े मुख्यालयों को जोड़ सके। यह दुर्भाग्य है। पहले 13 अप 14 डाउन मात्र गाड़ी सियालदा से लेकर दानापुर तक, जिसको कभी-कभी मुगलसराय तक बढ़ाकर ले जाते थे, चलती थी। इन कमियों को आपको दूर करना होगा। ये मामले सीधे केन्द्र सरकार से संबंध रखते हैं, इसलिए केन्द्र सरकार को ही इन त्रुटियों को दूर करना होगा और तत्काल रामपुरहार से दिल्ली गाडी चलाना होगा। अगर आप इन त्रुटियों को दूर कर देते हैं और झारखण्ड के प्रखण्डों को सुखी देखना चाहते हैं, तो इनको आपको पैकेज देना होगा। पैकेज उनको मिलना चाहिए, जो भूखा है, उनको नहीं जो पहले से ही हलवा-पूरी खाते हैं। पैकेज नवजात शिशु को मिलना चाहिए, जिससे वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। होना तो यह चाहिए था, इधर झारखण्ड राज्य की घोाणा होती और उधर रांची से राजधानी ट्रेन चलती, तब बात समझ में आती कि वास्तव में सही मायने में काम हो रहा है।

मैं कुछ बातों की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। इंदिरा आवास योजना के अन्तर्गत प्लेन क्षेत्र के लिए आप 20 हजार रुपए स्वीकृत करते हैं, लेकिन पहाड़ों पर एक ईंट को ले जाने के लिए पांच रुपए देने पड़ते हैं, तो इतनी राशि में कार्य संभव नहीं हो सकता है। इसलिए पहाड़ी क्षेत्र के लिए अलग रेट तय करना चाहिए। जहां तक चापाकल का प्रश्न है, समतल में तो 40 फीट में पानी मिल जाता है, लेकिन पहाड़ों पर तो 200 फीट में भी पानी नहीं मिलता है। सलिए यह राशि भी उस क्षेत्र के अनुसार निश्चित होनी चाहिए। हमारे पास खेती नहीं है, हमारे पास खनिज है और कोयले की रायल्टी हमें कोयले के दाम पर दी जानी चाहिए, ताकि वहां के लोगों को राहत मिल सके।

अगर इन खामियों को आप दूर करते हैं तो हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि छोटा नागपुर और संथाल परगना आने वाले दिनों में आपको जापान की तरह उन्नत दिखाई देगा और सारे हिन्दुस्तान को विकास के रास्ते पर ले जा सकेगा, ऐसा मेरा विश्वास है। इन्हीं शब्दों के साथ, धन्यवाद।

श्री कड़िया मुण्डा (खूंटी) : महोदय, बिहार में दो राज्य बनें, आज इस विधेयक पर हम लोकसभा में चर्चा कर रहे हैं। मैं इस विधेयक को प्रस्तुत करने के लिए केन्द्र सरकार का और बिहार की विधान सभा का आभार प्रकट करता हूं। यह मांग आज की नहीं है। यदि इसका हम इतिहास देखें तो पता चलेगा कि अंग्रेजों के समय में भी इस भाग का शोाण होता रहा और मांग होती रही कि छोटा नागपुर और संथाल-परगना में जो आर्थिक और सामाजिक शोाण हो रहा था, उससे हमें मुक्ति मिले। आज अगर उसका हिसाब करें तो कम से कम डेढ़ सौ वर्षों से इस क्षेत्र के लोग अपने जंगल, जमीन और संस्कृति के लिए लड़ते रहे हैं। शायद जो दूसरे प्रांत बने है, वे इतनी लम्बी अवधि तक नहीं लड़े। इस लड़ाई में कितने लोग शहीद हुए, इसकी कोई गिनती नहीं है, क्योंकि उस वक्त जो शहीद होते थे उनकी कोई गिनती नहीं करता था। गोली चले, कोई मरे तो उसे कहीं फेंक दिया, जला दिया या कहीं नदी में बहा दिया। इसमें हजारों लोग मरे। आज इतने दिनों की कुर्बानी के बाद झारखंड अस्तित्व में आ रहा है। आज के दिन हम उन सभी शहीदों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं, जो इस क्षेत्र के विकास के लिए शहीद हुए।

महोदय, आज हमारे झारखंड क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक, शेक्षणिक, सांस्कृतिक और सभी दृटिकोणों से, आजादी के बाद भी वैसा ही शोाण हो रहा है, जैसा आजादी के पहले होता रहा। इसमें किसी तरह की कोई कमी नहीं आई। मैं आपको इसका एक उदाहरण बता दूं कि जब 1999 में सैकेंड्री बोर्ड की परीक्षा हुई तो रांची के एक स्कूल में एक विद्यार्थी परीक्षा देने आया। वह परीक्षा देते समय चोरी कर रहा था जिसे वहां के अध्यापक ने उसे पकड़ लिया और उससे पूछा कि तुम क्यों चोरी कर रहे हो। विद्यार्थी बड़ा साहसी था, उसने कहा कि सर, हम जिस विद्यालय में तीन साल तक पढ़े वहां भौतिक विज्ञान पढ़ाने वाला संस्कृत का अध्यापक था, यानी भौतिक विज्ञान को पढ़ाने वाले हमारे बिहार में संस्कृत के विद्वान हैं। यह 1999 की बात है। उसी तरह का हमारे यहां आज भी शोाण हो रहा है, इससे वहां के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। हमारे यहां आबादी के हिसाब से बजट का 30 और 70 का अनुपात होना चाहिए, यानी झारखंड क्षेत्र में 30 प्रतिशत खर्चा होना चाहिए और शेा बिहार में नॉन प्लान बजट में से 70 प्रतिशत खर्चा होना चाहिए। आज बिहार बिजली बोर्ड को जो दस प्रतिशत भाग दिया जाता है, उसे घटा दिया जाए तो हमें सिर्फ 20 प्रतिशत मिलता है। इस तरह से बिहार का रेश्यो, आबादी के हिसाब से, झारखंड को 20 प्रतिशत और शेा बिहार को 80 प्रतिशत मिलता है लेकिन उसमें भी विडम्बना है। आप अखबारों में दस साल से देख रहे हैं कि घोटाले ही घोटाले हो रहे हैं- जैसे चारा घोटाला, वृक्षारोपण घोटाला, दवाई घोटाला। â€¦(व्यवधान)

श्री मुलायम सिंह यादव : अगर घोटालों पर बहस होगी तो हम भी बताएंगे। â€¦(व्यवधान) सब घोटालों का पता चल जाएगा।â€¦(व्यवधान)

श्री कड़िया मुण्डा : जो 20 प्रतिशत खर्चा हुआ है, हम उसके आंकड़े बता रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आपको भी चांस मिलेगा, आप बैठ जाइये।

श्री कड़िया मुण्डा : इस तरह से जो पैसा विकास के कामों पर खर्च होना चाहिए, वह पैसा कागजों में ही खर्च हुआ है, असलियत में नहीं। जिन स्थानों पर वह पैसा खर्च होना चाहिए, उन स्थानों पर खर्च न होकर वह किसी की जेब में चला गया है। इसलिए वहां के लोग काफी नाराज हैं। वहां के दो करोड़ साठ लाख लोगों की मांग है कि अगर हम बिहार से अलग नहीं होंगे तो जिस तरह की आज वहां परिस्थितियां हैं, उसमें हमें वहां से भाग जाना पड़ेगा। लोग कहते हैं कि वहां की हवा ठीक है, पानी ठीक है, लोग सीधे हैं, मेहनती हैं, इसलिए शासक वर्ग और प्रशासक वर्ग खूब लूटते है ।पैसा लेने-देने का स्थान अच्छा है। लेकिन वहां की शासकीय परिस्थितियां ठीक नहीं है। माननीय थॉमस जी कह रहे थे कि हम भूखे मर रहे हैं और बाकी लोग हमारी हंसी उड़ा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि लोकतंत्र में सबका विकास समान रूप से होना चाहिए, ताकि समाज में समरसता रह सके।â€¦(व्यवधान) जब छत्तीसगढ़ की बात हो रही थी तो कहा जा रहा था कि आदिवासी बहुल 6 जिलों को छत्तीसगढ़ में जोड़ दिया जाए, ऐसा एक माननीय सदस्य ने कहा था। लेकिन अब अगर आदिवासियों एवं अन्कीय मूल निवासियो आबादी का 80 प्रतिशत यह मांग कर रहा है कि हमें अलग कर दो, तो आपको क्यों एतराज हो रहा है। ऐसी मांग करके वे क्या बुरा कर रहे हैं। जितने भी लोग एमपी या एमएलए बनते हैं वे जब पटना जाते हैं तो उनके साथ गुलामों की तरह व्यवहार होता है। रूम के अंदर वे घुस नहीं सकते हैं। वहां जो मंत्री बनाये गये हैं उनमें कोई दवा वाला, कोई चारे

वाला कोई आदिवासी कल्याण वाला है। क्या आदिवासी कल्याण मंत्री के ही हम योग्य हैं। सब विभाग ऐसे ही दिये गये हैं। बाकी जितने बड़े-बड़े विभाग हैं वे उनको नहीं मिलते हैं। पीडब्ल्यूडी का कोई मंत्री हमारे में से नहीं है। â€¦(व्यवधान) वहां हर स्तर पर, चाहे राजनीति का क्षेत्र हो, सामाजिक क्षेत्र हो, शैक्षणिक क्षेत्र हो, हमारी उपेक्षा हो रही है। आजादी के इतने सालों के बाद भी हमारी वहां उपेक्षा हो रही है। झारखंड इलाके से एक ही मुख्यमंत्री माननीय कृण वल्लभ सहाय जी हुए हैं और कोई नहीं हुआ है। â€¦(व्यवधान) आज जो मुख्यमंत्री हैं उनसे भी योग्य मुख्यमंत्री हो सकते हैं लेकिन किसी को नहीं बनाया गया है।â€¦(व्यवधान)

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : पंडित स्व विनोदानंद झा और माननीय भागवत झा आजाद का जी भी नाम आप जोड़ लीजिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: No running commentary please. It is a very serious matter.

श्री कड़िया मुण्डा (खूंटी) : ठीक है,स्वं विनोदानंद झा एवं भागवत झा आजाद का जन्म क्षेत्र झारखंड तो है परन्तु कार्यक्षेत्र नही। मेरा कहना है कि वहां के लोग पटना जाकर क्यों झंड़ा उठाते रहें। क्या वहां के लोग योग्य नहीं हैं। बिहार और झारखंड का इलाका एक ही है, तो झारखंड क्षेत्र वहां से मुख्यमंत्री क्यों नहीं बनाते हैं। इस तरह से वहां के लोगों का राजनीतिक शोण अब तक बराबर होता रहा है।â€¦(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record except Shri Kariya Munda's speech.

(Interruptions) *

श्री कड़िया मुण्डा : इसलिए वहां को लोगों की जो अलग राज्य के लिए मांग है वह ठीक है।

राज्य निर्माण की जो शर्ते होनी चाहिए वे झारखंड इलाके में पूर्ण हैं। वहां राज्यपाल का भवन है। वहां एक जमाने में ग्रीमकाल में विधान सभा का अधिवेशन होता था। वहां असेम्बली, मिनी सचिवालय और ए.जी. का ऑफिस है। जो आज भी रांची में ऑफिस है लेकिन बाद में उसका कुछ भाग पटना चला गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री का निवास है, मंत्रियों का निवास है। पैसे का जहां तक सवाल है, आज भी बिहार को जितनी आमदनी होती है, उसका 80 प्रतिशत भाग झारखंड इलाके से आता है। हम आर्थिक दृटिकोण से सक्षम हैं। भौगोलिक दृटिकोण से जितना सीमा क्षेत्र होना चाहिए, उसमें हम शेा बिहार से थोड़े कम होंगे। आबादी के हिसाब से हम दो करोड़ 60 लाख हैं। जो बहुत से राज्य बने हैं और जिन की आबादी लगभग दस लाख से एक करोड़ के बीच है, हम आबादी के हिसाब से उससे कहीं अधिक हैं।

जहां तक सामाजिक समरसता की बात है, वहां के लोग मिल-जुल कर रहते हैं। हमारे क्षेत्र में कोई जातीय झगड़े और छोटे-बड़े के बीच झगड़े नहीं होते हैं। हम साथ-साथ खेत में काम करते हैं, बाजार जाते हैं, और शादी-ब्याह के समय एक साथ बैठ कर मिल-जुल कर काम करते हैं। नए राज्य बनाने की मांग हर दृटिकोण से उचित है और इसे मान लेना चाहिए। कुछ लोग विशे पैकेज की बात कह रहे हैं। यह कितना उचित और अनुचित है, यह केन्द्र की सरकार बताएगी। हम सारे बिहार को पचास साल तक खिलाते रहे। हम उस दृटिकोण से कितने अक्षम हो गए हैं क्या इसकी भी किसी को चिंता है? सरकार उन्हें पैकेज दे, उसके बारे में मुझे कुछ नहीं बोलना। वह जितना मांगे, उतना दे, उसका आधा दे या पूरा दें, यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी है। हमारे साथ 50 साल तक अन्याय होता रहा, इस पर भी विचार होना चाहिए। पहले हमारे क्षेत्र में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारियों की बहाली प्रमंडल और जिला स्तर पर होती थी। नवम्बर 1995 में बिहार में एक कानून बना कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की बहाली पटना से होगी। हमारे गांव का आदमी पटना जाएगा तो किस खोने में खो जाएगा, पता नहीं? इतना ही नहीं एक साल पहले शिक्षकों के इंटरव्यू हुए। हमारे यहां के लोगों को बहुत दूर जाना पड़ा। वे इंटरव्यू दरभंगा और आरा में हुए। पता नहीं वे लोग वहां पहुंचे या नहीं? शैक्षणिक दृटिकोण से भी हमारे साथ शोण कम नहीं हुआ। इस बिल का समर्थन करते हुए मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि हम आर्थिक, भौगोलिक और आबादी के दृटिकोण से कम नहीं हैं। नया राज्य बनाने के लिए हमारे क्षेत्र सभी दृटिकोणों से सही है इसलिए इस बिल को सर्वसम्मति से स्वीकार किया जाए। आज उस क्षेत्र के लोग हमारी ओर देख रहे हैं। उनको लगे कि दिल्ली की सरकार और जन प्रतिनिधि हमारी चिन्ता करते हैं, हमारी मांग को सुनते हैं, विचार करते हैं और उनकी हमारे प्रति सहानूभूति है। उनको ऐसा न लगे कि हम उनके ऊपर उल्टा प्रहार कर रहे हैं। हमें साथ रहना है, साथ-साथ आना-जाना है। बहुत से मित्रों के साथ हमारे रिश्ते हैं, हमें बाद में भी आना-जाना है। इस दृटिकोण से सहृदयता से विचार करते हुए इस विधेयक को पास करें। मैं अंत में केन्द्र सरकार, बिहार विधान सभा और सांसदों के प्रति आभार प्रकट करता हूं। जय भारत।

* Not Recorded

1500. बजे

श्री सुबोध राय (भागलपुर): उपाध्यक्ष महोदय, आज यहां एक बहुत ही संवेदनशील विाय पर चर्चा हो रही है और खासकर देश के एक बड़े भू-भाग बिहारवासियों के लिये यह मामला बहुत ही गंभीर है।

उपाध्यक्ष महोदय, बिहार पुनर्गठन विधेयक का मैं पुरजोर विरोध इसलिये करता हूं क्योंकि यह बिहार की जनता के हित, हमारे राट्र के हित और खुद दक्षिणी बिहार की जनता के हित में नहीं है। वहां की जनता बहुत बड़े पैमाने पर शोित है, जो दलित है, गरीब है, आदिवासी हैं, अल्संख्यक हैं, उनके हित में नहीं है। यहां जिन मांगों की चर्चा की गई है, उनके बारे में पिछले काफी समय से आवाज उठती रही है लेकिन कौन नहीं जानता कि जब आजादी का संग्राम शुरु हुआ था तो दक्षिणी बिहार में सबसे पहले अंग्रेजी साम्राज्यवाद के खिलाफ संर्घा में बिरसा मुण्डा, सिद्धू कानू जैसे लोगो ने भाग लिया था। उस संर्घा में लाखों आदिवासियों, लाखों दलितों, अल्पसंख्यकों ने, जिनके अंदर देशभक्ति की भावना झकझोर रही थी, जो साम्राज्यवादी शोण से चीत्कार रहा था, उनके खिलाफ आवाज उठाने का काम किया था। इसमें उन लोगों ने कुर्बानियां दीं थीं। उन लोगों के मन में यह इच्छा कभी नहीं थी कि पूरे बिहार के लोगों से अलग रहकर या उनसे हटकर कोई काम करें.। वे लोग तो अंग्रेजी दासता के खिलाफ संर्घा कर रहे थे। वे उन लोगों के खिलाफ भी संर्घा कर रहे थे जो अंग्रेजी दासता को मज़बूत बनाने के लिये, जो शोण को मजबूत कर रहे थे, बड़े-बड़े भू-स्वामी जो सूदखोर और महाजन थे, जो गरीबं का शोण कर रहे थे, उनके खिलाफ संर्घा कर रहे थे। उन लोगों ने अपने संर्घा का ऐलान तब किया जब उनके खिलाफ शोण और उत्पीड़न बढ़ गया था। इन लोगों ने अंग्रेजों के खिलाफ संर्घा शुरु किया जब इनकी जमीनें छीनने का काम किया गया, बड़े बड़े सरमायेदार जिन्होंने शोण और अत्याचारों की वारदातें की थीं, उनके खिलाफ यह संर्घा किया गया । यह हमारी एक बहुत बड़ी ऐतिहासिक परम्परा है जो न केवल सम्पूर्ण बिहार बल्कि पूरे भारत के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखी गई हैऔर लिखी जायेगी । हम उस पर गौरवान्वित हैं। आज इस विधेयक से इतिहास के उस पन्ने को हटाने की बात की जा रही है, इतिहास की उस परम्परा को समाप्त करने की बात की जा रही है। इसलिये बिहार के गरीब, दलित, शोित तथा पीड़ित लोग मिलकर अपने शोण और उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर संर्घा करें।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश की वे ताकतें जो किसी न किसी बहाने हमारे देश की आजादी को पसंद नहीं करतीं, जो हमारे देश की एकता और अखंडता को पसंद नहीं करतीं और देश के अंदर तमाम गरीबों पर शोण और उत्पीड़न का साम्राज्य कायम करना चाहती हैं, ऐसे तत्व देश में साम्प्रदायिकता का प्रचार करते हैं, जो जाति वाद का ज़हर घोलने का काम कर रहे हैं, जो क्षेत्रीयता और अलगाववाद का नारा लगाकर अपना उल्लू सीधा कर रहे है। उनके द्वारा देश की एकता को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

यह बिल उन्हीं के लिये लाया गया है और इसीलिए आज यह चिन्ता नहीं है कि उन इलाकों के गरीबों का क्या होगा। इस बात को कौन नहीं जानता कि आज बड़ी संख्या में वहां के आदिवासी विस्थापित हुए हैं। छोटी-मोटी या बड़ी-बड़ी उन तमाम योजनाओं के शिकार वहां के हमारे गरीब आदिवासी, गैर आदिवासी भाई हुए हैं। उनके विस्थापन की समस्या के बारे में आज कोई बात नहीं कही गई। बड़े पैमाने पर आज वहां माफियाओं का राज है, जो गोल माफिया के नाम से जाने जाते हैं, जो जंगल माफिया के नाम से जाने जाते हैं। जो अपनी पूंजी का प्रसार करने के लिए वहां की तमाम प्राकृतिक सम्पदा को हासिल करने पर अपनी नजरें गड़ायें हुए हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, आज जिस तरह से भारत सरकार ने आर्थिक नीतियों को अनुसरण करने का काम किया है, इस नये राज्य की स्थापना आज उसकी मांग है, न वधनाढ्य वर्ग की मांग है क्योंकि नये राज्य की स्थापना के बाद सबसे ज्यादा लाभान्वित होने का अवसर उन्हीं का है और इसीलिए वे इस तरह की मांगों के पीछे ज्यादा दीवाने हो गये हैं। आज इसकी चिंता किसी को नहीं है कि कितने आदिवासी और गरीब भूमिहीन हो गये हैं। आज जंगलों से उनका अधिकार किस तरह से समाप्त हुआ है। किस तरह से उनकी मां-बहनें आज भी शोाण की शिकार होकर बिहार के दूसरे इलाकों में, चाहे ईंट का भट्ठा हो या कोई और जगह हो, मेहनत-मजदूरी करती है। उन्हें हर तरह का काम अपनी जिंदगी को बिताने के लिए करना पड़ता है। उनकी चिंता किसी को नहीं है। आज बिहार के गरीबों की भी चिंता नहीं है। आज अचानक भारत सरकार को चिंता हो गई कि नया राज्य बनना चाहिए। लेकिन भारत सरकार को इस बात की कभी चिंता नहीं हुई कि बिहार में 68 लाख एकड़ जमीन प्रतिर्व बाढ़ से तबाह हो जाती है। यदि नेपाल की नदियों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो यह बाढ़ की तबाही अनन्तकाल तक जारी रहेगी। भारत सरकार को आज तक कभी चिंता नहीं हुई कि 68 लाख एकड़ जमीन, जो बिहार के लोगों के लिए सोना उगलने का काम करती है, वह क्यों तबाह और बरबाद होती है। क्यों हर साल तबाही का आलम बिहारवासियों को भोगना पड़ता है। उसके बारे में किसी को कुछ चिंता नहीं है। आज बिहार में बड़े पैमाने पर अनेकों परियोजनाएं लम्बित पड़ी हैं, जिनमें केन्द्र सरकार को सबसे ज्यादा भूमिका निभाने की जरूरत थी, उन्हें आज तक क्यों उपेक्षित रखा गया। क्यों आज बिहार के अनेकों जिले, खास तौर से जो पूर्वांचल के जिले हैं, दक्षिणांचल के जिले हैं, मिथिलांचल के जिले हैं और दूसरे जिले हैं, जहां भारत सरकार की परियोजनाएं चलती हैं, उनके विकास के लिए भारत सरकार ने वहां कोई भी काम नहीं किया। ऐसी कोई भी योजना नहीं दी, जिससे बिहार के लोगों को आज संतोा होता, लाभ होता। भारत सरकार को इस मामले में आज सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत थी।

उपाध्यक्ष महोदय, हमें बड़ी हंसी आती है। हमारे कुछ मित्र थोड़ा का विरोध करके ऐसे बैठ गये जैसे लगा कि उन्होंने रस्म अदायगी कर देने का काम किया हो। उन्होंने बिहार के लिए पैकेज की मांग की । उन्होंने 1 लाख 79 हजार करोड़ रुपये के पैकेज की मांग की। आप किस तरह से यह पैकेज मांग रहे हैं। जो सरकार खुद कर्जों से घिरी हुई है, जो सरकार स्वयं देशी-विदेशी कर्जों के चक्रव्यूह में फंसी हुई है, जो सरकार स्वयं दीन-हीन बनी हुई है, क्या वह सरकार बिहार की दरिद्रता, बिहार की विपन्नता के लिए नीतियों को गढ़ सकती है। उन्हें दूर करने के लिए, कोई मजबूत कदम उठाने की इच्छाशक्ति उसमें नहीं है। बिहारवासियों को यह छलावा और मत दिखाओ।

मैं कहना चाहता हूं कि इसीलिए दक्षिण बिहार के उन इलाकों में, जिनमें रांची है, हज़ारीबाग है और चतरा के जंगल और पठार के इलाके हैं, वहां लगभग 1230 किलोमीटर जो उत्तर कर्णपुला घाटी के हिस्से हैं, उसमें पूरे देश का 8 प्रतिशत कोयले का भंडार अभी भी पड़ा हुआ है। आज उस पर किसकी निगाह है? आज उस पर निगाह है बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल और साम्राज्यवादी कंपनियों की और वह किसके सहयोग से यहां आना चाहती हैं? आज पूरे कोयलांचल में मल्टीनेशनल्स को लाने का और निजीकरण करने का जिस तरह से प्रयास किया जा रहा है, वह क्या वहां की गरीबी, वहां की तबाही और बरबादी को और बढ़ाने वाला नहीं होगा? पूरे देश के एक हिस्से के लोगों की जिन्दगी के साथ वह क्या और खिलवाड़ करने वाला नहीं होगा? यह जो बिल है, इसमें वहां के आदिवासियों की समस्या, जो उनकी भााा की समस्या है, जो वहां की संस्कृति की समस्या है, जो उनके रस्मोरिवाज की समस्या है, उनकी सुरक्षा की बात, उसकी अस्मिता की रक्षा की बात नहीं कही गई है। किसी को उसकी चिन्ता नहीं है क्योंकि जब हिन्दुत्व के ऐजेण्डा को लागू करना है तो दूसरी कोई भी संस्कृति, कोई भी दूसरा रस्मोरिवाज के वहां पनपने की बात नहीं हो सकती और इसलिए यह भाजपा की अच्छी तरह से सोची समझी नीति के तहत राज्यों के बंटवारे का काम किया जा रहा है। यह ऐसी समस्या है जो हर तरह से अच्छा वातावरण तैयार नहीं करेगी। यह बिल और ज्यादा क्षेत्रीयतावाद और अलगाववादी प्रवृत्तियों को बढ़ावा देगा और अनेक तरह की उन शक्तियों को मैदान में लाने का काम करेगा जिनकी राट्र की एकता और अखंडता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं होगी। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि जिस तरह से यह बिल पेश किया गया है, हमारे बहुत से साथियों ने

इसका विरोध किया है, उस विरोध को देखते हुए, पूरी गंभीरता से इसमें बातें की जानी चाहिए और इस बिल को वापस करने की बात करनी चाहिए क्योंकि इससे कोई नई और स्वस्थ परंपरा कायम नहीं हो रही है। इससे पूरी तरह से गलत परंपरा कायम हो रही है। इससे साम्प्रदायिक ताकतों को, क्षेत्रीयतावादी ताकतों को और ज्यादा मजबूत होने का मौका मिलेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का पूरी तरह से विरोध करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष जी, आज का दिन बिहार के इतिहास के पन्नों में एक नया पन्ना जोड़ने वाला दिन है। उपाध्यक्ष महोदय, बिहार का इतिहास स्वयं गौरवमयी रहा है। बिहार का इतिहास, चाहे वह देवी-देवताओं के मामले में लें, ऋषियों मुनियों या तपस्वियों की चर्चा करें, चाहे तीर्थंकरों की चर्चा करें, गौतम और महावीर का वह स्थान रहा है। बिहार का वैशाली तो प्रजातंत्र की जननी जन्मभूमि है। आज बिहार के जिस बंटवारे की चर्चा हम कर रहे हैं, उससे बिहार के इतिहास में हम एक नया पृठ जोड़ने जा रहे हैं।

हम आपको यह बता देना चाहते हैं कि वैसे तो मानसिक तौर पर हम राज्यों के बंटवारे के बहुत पहले से विरोधी रहे हैं। बिहार विधान सभा में भी कई बार सदस्य रहने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हुआ है। जब भी विधान सभा में इस सवाल पर चर्चा चली हैं, मैंने हृदय से बंटवारे का विरोध किया है।

मैंने दिल से बंटवारे का विरोध किया है लेकिन जिस दल से मैं हूं, जब उस समता पार्टी की संसदीय बैठक हुई, नीतीश जी यहां मौजूद हैं, उन्होंने उस बैठक में कहा कि बिहार बंटवारे पर हमारे दल को आपत्ति नहीं करनी चाहिए। हम बिहार बंटवारे के बाद शेा बिहार के लिए विशेा पैकेज लेंगे। उनके नेतृत्व में, जार्ज फर्नान्डीज साहब के नेतृत्व में 12 वीं लोक सभा के समय हम सब सांसद प्रधान मंत्री जी से मिलने गये। उनके सामने हमने अपने दुख-दर्द को रखा। हमने उन्हें कहा कि शेा बिहार के विकास के लिए, उसके उत्थान के लिए और शेा बिहार की भौगोलिक परिस्थितियों का आकलन करते हुए आप हमें 50 हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था कर दें ताकि शेा बिहार के लोग भी खुशहाल रहें। इसके बाद आप झारखंड या वनांचल जो भी राज्य बनाना चाहते हैं, उसमें हमारी सहमति है। हमने उस पर अपनी सहमति दी थी और उसी सहमति के आधार पर इस सदन में यह बिल आया है। हम इस बिल का समर्थन करते हैं लेकिन शर्त के साथ। हमारी शर्त है और शर्त कोई मुफ्त में नहीं है। शर्त कोई बनावटी नहीं है। यह हृदय की पीड़ा है। इसलिए हम बोल रहे हैं क्योंकि हमने उस धरती पर जन्म लिया है। हमने नंगे पैर अपना बचपन वहां गंवाया है। हमारी जवानी उस धरती पर आई है और आज हम सांसद भी बने हैं तो वह भी उस धरती की देन है। वहां के लोगों का आशीर्वाद और कृपा है। इसलिए हम उनकी भावना को जानते हैं।

मेरा कहना है कि झारखंड का जो इलाका है, वह बिहार का हृदय है। इस झारखंड का महत्व आज से नहीं है बल्कि त्रेता समय से है। जिस समय पांडव भटक रहे थे और श्री कृण पांच गांव मांगने गये थे उस समय उन्होंने कहा था कि झारखंड तिरहुत को दीजिए, पटना को दे दीजिए राजन, पढ़ने को काभी दे दीजिए और बैठने को हस्तिनापुर राजन। मेरा कहना है कि झारखंड का महत्व उस जमाने से चला आ रहा है। यह हमारा हृदय है। आज हमारे शरीर से हमारा हृदय अलग होने जा रहा है। हमें इस बात की पीड़ा है। नई पीड़ा का सवाल नहीं है। लेकिन बावजूद हमने इस बंटवारे का समर्थन किया है और वह भी शर्त के साथ किया है।

हमारे कांग्रेस के एक साथी बोल रहे थे कि वहां शोाण हुआ है। उन लोगों को पीड़ा हुई है इसलिए उन लोगों को अलग से विशे पैकेज मिलना चाहिए। हम आपको बताना चाहते हैं कि विशे पैकेज मुझे मिलना चाहिए और वह क्यों मिलना चाहिए, यह भी मैं आपको बता दूं। बिहार की वह धरती देवधर जहां भोलेनाथ निवास करते हैं, वहां देश विदेश से 15 से 20 लाख की संख्या इसी सावन महीने में कांवर लेकर आशीर्वाद लेने जाते हैं। उनकी पूजा करके अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए जाते हैं। कल हम इस देवधर में जायेंगे जो कि हमारे महादेव का स्थान है, तो हम झारखंड में जायेंगे। अब हम बिहार में नहीं जा सकते। वह भी आज हमारे हाथ से जा रहा है जो कि हमारे हृदय की जगह थी। आज हम चिह्न मस्तिका के पूजा करने के लिए हजारीबाग जाते थे। कल तक हम वहां मां का दर्शन करने जाते थे। मां के आंचल से ममता पाने जाते थे लेकिन अब हम वहां जायेंगे तो हम बिहार में नहीं जायेंगे बल्कि झारखंड में एक देवी की पूजा करने के लिए जायेंगे।

मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि बिहार 55 जिलों का राज्य है। 55 जिलों में से 18 जिलों का आप एक अलग राज्य झारखंड बनाने जा रहे हैं। बाकी जो 37 जिले हैं, वे शे बिहार में हैं। 1991 की जनगणना के अनुसार वहां की आबादी 863.74 लाख है जिसमें से 218.44 लाख की जनसंख्या आप बिहार में शामिल करने जा रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि वह 1991 की जनगणना है। यदि आप आज जनगणना करायें तो बिहार की आबादी 10 करोड़ से ज्यादा है। जो हिस्सा आपने शे बिहार के लिए छोड़ा है, उन हिस्सों की आबादी बढ़ी है और जिनको आप झारखंड बनाने जा रहे हैं, उनकी आबादी घटी है। हम आपको यह भी बताने जा रहे हैं कि इस आबादी के आधार पर, बिहार में पूर्व में जो धन गया चाहे वह केन्द्र से गया हो या उस राज्य के जो मुखिया बने, उस सूबे के सूबेदार बने, वहां के मुख्यमंत्री बने, जैसा हमारे एक साथी ने यह बात ठीक कही कि मात्र उस इलाके से एक श्री के.वी.सहाय को छोड़कर दूसरा कोई मुख्यमंत्री नहीं बना था।

आप बाबू विनोदानन्द जी का नाम ले रहे थे, लेकिन विनोदानन्द जी देवघर में पैदा हुए थे और उनका निर्वाचन क्षेत्र कहीं दूसरी जगह था। इसलिए हम बताना चाहते हैं कि मात्र एक मुख्य मंत्री बने थे। उनकी बात में सच्चाई है लेकिन आपको इस सच्चाई को भी देखना पड़ेगा कि जितने भी मुख्य मंत्री उत्तर बिहार और मध्य बिहार के बने, कितनी ईमानदारी के साथ बिहार का ज्यादा से ज्यादा धन उन्होंने झारखंड इलाके में खर्च किया। उनकी ईमानदारी पर आपको बधाई देनी चाहिए। उन्होंने कहीं कोई कोताही नहीं की। केन्द्र का जो भी पैसा गया, उसका विशे भाग आदिवासी विकास के नाम पर उस इलाके में गया और शे बिहार का हिस्सा, उस दिन भी मारा गया। बड़े-बड़े जो उद्योग धन्धे वहां लगाए गए, चाहे वह बोकारो स्टील प्लांट हो, चाहे हतिया का प्लांट हो, निजी तौर पर जो कारखाने लगाए गए, चाहे वह टाटा में लगे हों, सारे कारखाने उसी इलाके में लगाए गए। वे उस समय झारखंड करके नहीं लगाए गए थे, उस दिन बिहार के नाम पर लगाए गए थे। बिहार का सारा धन बिहार पर खर्च हुआ था। आज वह हमारा हृदय हमसे अलग हो रहा है।

इस बिल की पेज संख्या 43 देखिए। बिहार के नाम पर जो संस्थाएं खोलीं गईं, हम चाहेंगे कि हमारे गृह मंत्री जी उनको जरा एक नजर से देख लें। बी.आई.टी., सिन्दरी, आर.आई.टी जमशेदपुर, राजकीय पॉलीटैकनिक, धनबाद, राजकीय पॉलीटैकनिक, रांची, राजकीय पॉलीटैकनिक, आदित्यपुर, राजकीय पॉलीटैकनिक, खुतरी, राजकीय पॉलीटैकनिक, लतेहर, राजकीय महिला पॉलीटैकनिक, जमशेदपुर, राजकीय महिला पॉलीटैकनीक, रांची, राजकीय महिला पॉलीटैकनीक, बोकारो, खान संस्थान, धनबाद, खान संस्थान, बाघा, खान संस्थान, कोडरमा, राजकीय पॉलीटैकनीक, दुमका, राजकीय महिला औद्योगिक विद्यालय, रांची, राजकीय महिला औद्योगिक विद्यालय, हजारीबाग, राजकीय महिला औद्योगिक विद्यालय, डाल्टेनगंज, सैनिक विद्यालय, तिलैया, नेतरहाट विद्यालय, इन्दिरा गांधी कन्या विद्यालय, हजारीबाग - ये सब उसी झारखंड में हैं। हम गृह मंत्री जी से जानना चाहेंगे कि हमने अपने जिस हृदय को बिहार के नाम पर सींचा था, बनाया था, आज हमारा हृदय हमसे अलग होने जा रहा है, अब हमें नया बिहार बनाना पड़ेगा और इसके लिए हमें विशे पैकेज की जरूरत है और यही इन्साफ है कि हमें आप विशे पैकेज दीजिए जिससे हम अपने बिहार को संवार सकें, बना सकें।

गृह मंत्री जी ने कहा था कि इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ है। हमने शे बिहार के लिए व्यवस्था की है। इस बिल में लिखा हुआ है - सरकार ने झारखंड राज्य की िवरचना के परिणामस्वरूप बिहार के शे भाग के विकास से संबंधित विाियों को अनन्यतः निपटाने के लिए योजना आयोग के उपाध्यक्ष के सीधे भारसाधन के अधीन योजना आयोग में एक समर्पित इकाई स्थापित की है। जो समर्पित इकाई स्थापित हुई है, हम कहना चाहते हैं कि यह बिल पिछले सत्र में भी आया था। चार महीने में योजना आयोग की समर्पित इकाई ने उस बिहार के लिए कौन सा काम किया। यदि कोई काम किया था तो इसमें क्यों नहीं दर्शाया गया। हम चाहते थे कि इसमें आप दो पंक्तियां और जोड़ देते, आपकी बड़ी कृपा होती। आप यह जोड़ देते कि हमें क्या पैकेज देने जा रहे हैं और कितने समय में देने जा रहे हैं। हम आपके आभारी होते। हम आपके आदेश को मान रहे हैं, आप हमारी भावनाओं और पीड़ा को समझिए। हम अपनी भावना और पीड़ा, व्यथा आपके बीच रख रहे हैं कि कल जिस तरह हमारे एक हिस्से को आप खुशहाल बनाने जा रहे हैं, दूसरी तरफ हमारे हाथ में खाली कटोरा मत रखिए कि हम दूसरे के दरवाजे पर भीख मांगने का काम करें। आज बिहार के लोग आसाम, बंगाल, गुजरात और दिल्ली में आकर अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। इसका कारण यह है कि वह शे बिहार प्राकृतिक विपदाओं से मारा हुआ इलाका है। एक तरफ जहां मोतीहारी, बेतिया, मुजफ्फरपुर, शिवहर और सीतामढ़ी, इधर दरभंगा, मधुबनी तक बाढ़ से प्रभावित है, किसानों की सालभर की पूंजी, मेहनत कुछ ही दिनों में समाप्त हो जाती है, वहीं उत्तर बिहार का छपरा, सीवान, गोपालगंज, वैशाली ये सब इलाके बिल्कुल जल जमाव से प्रभावित होते हैं।

किसान अपना परिश्रम और पूंजी लगाकर कुछ नहीं पा सकते, वहीं दूसरा भाग गया और पहाड़ी इलाका है जहां की मिट्टी उपजाऊ नहीं है। वहीं जहानाबाद से लेकर औरंगाबाद तक आज वहां नर संहारों की भरमार चल रही है। वहां के लोग आज अपने घर छोड़कर दूसरे प्रदेशों में जीविका चलाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। आप हमारी भावनाओं को समझिए और भावनाओं के अनुरूप अपने से भी कहिए। हम नहीं कह रहे हैं कि हमें इतना दीजिए, बिहारवासियों की भावनाओं को समझिए और भावनाओं के अनुरूप समीक्षा कीजिए। शे बिहार के लिए व्यवस्था कीजिए ताकि वहां के लोग कटोरा लेकर भीख मांगने के लिए मजबूर न हों। हमारी नजर में कुछ त्रुटियां जाने-अनजाने में रह गई हैं। पेज संख्या 26 और 27 को देखा जाये। जिस तरह से निर्वाचन क्षेत्रों का बंटवारा किया गया है, हमें लगता है कि भौगोलिक त्रुटियां हुई हैं। इसलिए कि जहां देवगढ़ को बांका से निकाला गया है, वहीं मुंगेर, गया को जोड़ देने से सात विधान सभा पर एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हो जाएगा और सात विधान सभा के ऊपर एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हो जाने की वजह से वहां के प्रतिनिधि को कठिनाई नहीं पड़ेगी लेकिन अन्य तरह की कठिनाई भी सामने आएंगी। इसी तरह औरंगाबाद में इमामगंज जुड़ा हुआ है और इमामगंज और ओबरा की दूरी 125 कि.मी. है। यह हमें ही नहीं समझ में नहीं आ रहा है कि किस भौगोलिक दृटिकोण से इमामगंज को औरंगाबाद में जोड़ा है। इसी तरह नवादा को देखिये। नवादा में फतेहपुर को भी जोड़ा गया। वह नवादा सात विधान सभा क्षेत्र का एक लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हो जाएगा और वहां के सांसद भारतीय जनता पार्टी के हैं। â€¦(व्यवधान) माननीय गृह मंत्री जी ने कहा है कि वे इसे दिखवा रहे हैं, कहीं त्रुटि होगी, उसमें सुधार कर रहे हैं, इस पर हमें कुछ नहीं कहना है लेकिन कुछ ऐसे भी क्षेत्र हैं जो पांच-पांच विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र पर भी हो गये हैं। ये औरंगाबाद, नवादा, गया और मुंगेर है जो सात-सात पर हो गये हैं और पांच पर चतरा, हजारीबाग, भागलपुर हैं। हम यह मानते हैं कि कहीं न कहीं से भौगोलिक त्रुटियां हो गई हैं। हम चाहते हैं कि इसे गंभीरता से दिखवा लेना चाहिए और कार्रवाई करनी चाहिए। झारखंड, जिसमें पूंजी लगी है और आप देखेंगे कि 28 चीनी मिलें वहां पहले से कार्यरत थी जिनमें से 18 में ताला लग चुका है बल्कि बंद हो चुकी हैं और दस लगभग बंदी के कगार पर हैं। उद्योग-धंधे के नाम पर वहां शून्यता है। बरौनी में भी कारखाने बंदी के कगार पर जा चुके हैं। इसी तरह छतरा जिले में महौड़ा जगह थी जहां चीनी मिल थी, डिस्टिलरी थी, वे सब बंद हो गई हैं और वहां के लोग असहाय हो गये हैं। लाखों-लाखों परिवार जो नौकरी चलाकर जीविका चलाते थे, आज वे बेरोजगार हो गये हैं, भुखमरी के शिकार हो गये हैं और दिल्ली में 1200 रुपये, 1500 रुपये की नौकरी से अपनी जीविका चला रहे हैं। आप अच्छी तरह से जानते हैं कि दिल्ली कितना महंगा शहर है और दिल्ली में 1200 और 1500 रुपये महीना कमाने वाला अपनी जीविका कैसे चला रहा होगा, इस पर आप गंभीरता से सोचिए। मैं खासकर बिहार के 54 सांसदों से निवेदन करूंगा कि वे इस भावना से माननीय गृह मंत्री जी को अवगत कराये ताकि सरकार शे बिहार की भावना को महसूस कर सके और महसूस करके उसका सही हक और हिस्सा मिल सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं इस झारखंड बिल का समर्थन करता हूं और हमें विश्वास है कि आज माननीय गृह मंत्री जी अपने वक्तव्य में हमें आश्वस्त करेंगे कि वे हमारी इन बातों पर गंभीरता से चिंतन करके हमें विशे पैकेज देने का काम करेंगे।

SHRI P.H. PANDIYAN (TIRUNELVELI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, on behalf of the All-India Anna DMK Party, I would like to make the following submissions about the Bihar Reorganistion Bill, 2000. Yesterday, when the Minister of Home was replying about the formation of Uttaranchal, he mentioned that the aspirations of the people had been fulfilled. Now, I would like to ask him what are the aspirations of the common people in this Bill. My feeling is that the aspirations of the people are: adequate means of livelihood, food, shelter and employment. If we are not able to satisfy these aspirations, what is the use of forming the new States? Do you mean to say that with the formation of new States, the aspirations of the people are going to be fulfilled? Do you mean to say that they would get employment by this amendment? Do you mean to say that the people are going to get food, shelter, employment and other opportunities in the future. The future is not assured.

About 50 years ago, our late leader *Anna* had raised a demand for a separate *Dravida Nadu*. During the Indo-China war, he gave up that demand. While advocating for that demand, he had said on the floor of Rajya Sabha that 'North' is prospering but 'South' is not prospering. I would like to say that when leaders from Kanyakumari to Kashmir had the same sense of unity, integrity and sovereignty, why should there be a demand for formation of a new State? We from the AIADMK Party are of the firm view that if the existing States are administered properly and if the existing States are able to carry out the constitutional obligations towards the people, that is enough. The existing States are not able to discharge the constitutional obligation of protecting the lives and properties and providing the necessities of life. Therefore, I would say that these Bills are a political exercise. On political considerations, these Bills have been brought forward in this House to satisfy a section of the people. We are whipping up feelings of fissiparous and divisive tendencies to get these Bills passed.

I do not know about Uttaranchal and Jharkhand except that I read a case about Jharkhand during Shri P.V. Narasimha Rao's time. That is all. But from Kashmir to Kanyakumari, it belongs to each and every citizen of this country. Shri Prabhunath Singh said that he was born in the land of Bihar. I also have a feeling that I belong to the land of his State. The land is one. It is all Indian land. There is no Bihar land or Jharkhand land nor is there Uttar Pradesh and Tamil Nadu land. All the land belongs to each and every citizen of this country. With that feeling of integrity, I would say that a senior statesman or politician like the Minister of Home, Shri L.K. Advani, should not have brought forward these Bills during his time. If these Bills are allowed to be debated and passed, there will be hundred States in India during the next ten years. India will not remain united. It will be disintegrated. Now, in the border States, we have problems from Pakistan and China. So, to preserve independence and sovereignty, I would like to appeal to the Minister of Home that it is not very late and he could withdraw this Bill.

इसलिए वित्त मंत्री जी, इस विवाद को खत्म कीजिए। इन्हें अलग प्रान्त दे दीजिए जहां ये अपनी बातचीत कर लें। मेरी आप्से यह राय है कि 1 लाख 79 हजार करोड़ रुपए की, एन.डी.ए. के माननीय नेता या सद्स्यों की मांग हैं, हमारी भी मांग है, शायद इधर की भी मांग हो, कांग्रेस के मित्र भी मांग करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है। भारतीय जनता पार्टी के कुछ लोग नार्थ बिहार के होंगे, उत्तरी बिहार के होंगे, वे भी कहेंगे कि हमें दीजिए। इसमें सर्वसम्मति है और जब सर्वसम्मति है तो देर किस बात की है। आप कहेंगे पैसा नहीं हैं, आप विदेशों से पैसा ला रहे हैं, विदेशी कर्ज ले रहे हैं, फिर बंट्वारा क्यों कर रहे हैं। यह सोचना चाहिए था कि रुप्या मांगा जाएगा। दोनों बातें नहीं हो सकतीं कि आप बंट्वारा भी करें और धनाभाव भी बताएं। जब बंट्वारा कर रहे थे तभी सोचना चाहिए था कि यह सब करना पड़ेगा। स्भापति जी, वित्त मंत्री जी बैठे हैं, मुझे बड़ी खुशी होगी अगर 1 लाख 79 हजार करोड़ रुप्ये से सहमत नहीं हैं तो जितने रुप्यों से सहमत हो रहे हैं, वह बताइए ताकि रास्ता निकाला जाए। हम प्रभुनाथ जी, रघुनाथ जी और अन्य साथियों से भी कहेंगे कि मजबूरी है, ये विदेशों से कर्ज मांग रहे हैं, यहां बहुत बड़े देश के मालिक बन रहे हैं और वहां भीख मांग रहे हैं। देश की यह हालत हो गई है कि जब हमारे बड़े-बड़े मंत्री अमरीका में जाते हैं तो वहां के अफसरों से बात कर पाते हैं, वहां के मंत्रियों से बात नहीं कर पाते। यहां बड़ी हैसियत दिखाते हो, मुझे पता है, यहां ऐसे लगते हैं जैसे कैबिनेट मंत्री हैं लेकिन ये वहां जाकर, हमारे यहां जो डिप्टी सैक्रेटरी, ज्वाइंट सैक्रेटरी होता है, ऐसे अफसरों के बीच जाकर खुशामद करते हैं। यह हमारे मंत्रियों की हालत है। इसे भिखमंगा देश बनाया जा रहा है और दूसरी तरफ हर चीज के बंट्वारे होते चले जा रहे हैं। यह तो एक नए आन्दोलन का निमंत्रण तो दे दिया। इसमें सब शामिल होंगे। बी.जे.पी. के जो नहीं होगे तो शर्म की वजह से नहीं होंगे। समता पार्टी आदि सब होंगे। इसलिए इसे पैकेज के साथ आना चाहिए। अगर पैकेज नहीं है तो इतनी जल्दी क्या है। मुझे यह खबर मिली है कि 15 अगस्त को बड़ी भारी उपलब्धि पेश की जाएगी।

लालकिले से एक बड़ी उपलब्धि घोषित होगी। एक सबसे बड़ी उपलब्धि घोषित होगी कि हमने उत्तराखंड बना दिया। ये तो उत्तरांचल कहेंगे, लेकिन हमने जब उत्तराखंड पास कर दिया तो हम इसे उत्तराखंड ही कहते रहेंगे और यदि कभी मौका मिला तो उसका नाम उत्तराखंड ही होगा। ये एक उपलब्धि बताएंगे कि हमने छत्तीसगढ़ बना दिया। आप भाण सुनिएगा, उसमें लिखा जायेगा। हमें पता है, हमें खबर मिली है। इसीलिए जल्दी-जल्दी ये विधेयक पास हुए हैं। कार्य मंत्रणा समिति में इन्हें इसीलिए जल्दी रखा गया है ताकि 15 अगस्त को बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्रधानमंत्री के माध्यम से घोषित की जा सके। इनके भाण में तीन बड़ी उपलब्धियां होंगी।

अब ये अमेरिका जा रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि से तो हमें बड़ा डर लग रहा है कि कहीं यह बड़ा खतरनाक कदम न हो जाये। हमें पता चला है कि वहां सब चीजों पर दस्तखत होंगे। सी.टी.बी.टी. पर दस्तखत का पूरा वायदा हो चुका है। अगर सरकार ने हम लोगों को विश्वास में लिये बिना सी.टी.बी.टी. पर दस्तखत किये तो मैं

आज बताये दे रहा हूं कि सरकार का काला मुंह होकर आयेगा, अगर इसी तरह से सी.टी.बी.टी. पर दस्तखत हो गये। हमारी यह मांग है कि वे पांचों देश भी अपने सारे हथियारों को समुद्र में फेंक दें तो भारत भी अपने हथियार फेंकने को तैयार है। जब तक ये देश अपने हथियार नहीं फेंकते तो आपको इसको कभी स्वीकार नहीं करना चाहिए। आपको देश के स्वाभिमान को बचाना चाहिए। इसलिए आपको इस बारे में पहले सोचना चाहिए था कि विदेशी कर्जा लेंगे तो क्या होगा। अब हम इस पर नहीं

बोलेंगे, जब पर्सों तर्सों इस पर बहस होगी, तब आपको बताएंगे। हम एक लाख 79 हजार 900 करोड़ रुपये की मांग का समर्थन करते हैं। अगर हम लोगों की मांग ज्यादा हो तो आप वित्त मंत्री हैं, आपके पास सारे देश का आर्थिक नक्शा रखा है कि हमारी वित्तीय हालत कैसी है। जो आप उचित समझते हैं, वह कोई न कोई चीज आपको देनी चाहिए, वरना इस विधेयक को आप वापस लीजिए और दोबारा पैकेज के साथ हाउस में इसे लाइये।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : सभापति महोदय, मैं बिहार पुर्नगठन विधेयक, 2000 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं उत्तरी बिहार से आता हूं। जब मैं विधान सभा का सदस्य था, उस समय से ही मेरी भावना रही है कि बिहार का दो भागों में, एक वनांचल या झारखंड और जो दूसरा बिहार मे इसका बंट्वारा होना चाहिए। बंट्वारा, ऐसा नहीं है कि हम कोई पहली बार अलग हो रहे हैं। बिहार कभी बंगाल के साथ था, हम बंगाल का हिस्सा थे और 1912 में जिस समय इस सदन का निर्माण भी नहीं हुआ था, बिहार और उड़ीसा को बंगाल से अलग कर दिया गया था। उसके बाद 1936 में बिहार और उड़ीसा भी एक दूसरे से अलग हो गये। आज सन् 2000 में यदि बिहार के साथ अभी एक दूसरा राज्य झारखंड बन रहा है तो हम इसका स्वागत करते हैं। झारखंड की जनता आज बहुत प्रसन्न होगी। इसकी लड़ाई कोई नई लड़ाई नहीं है। झारखंड राज्य की लड़ाई बहुत पुरानी है। इसी सदन में जिस समय जवाहर लाल नेहरू जी प्रधान मंत्री थे और जयपाल सिंह जी रांची से आते थे, जब वे यहां वहां से सांसद थे, तब से यह मांग चली आ रही है। बहुत बार यहां मांग हुई, लेकिन पता नहीं क्यों, जिस समय उन्हें कांग्रेस ने मंत्री बना दिया और झारखंड पार्टी का मर्जर कांग्रेस पार्टी के साथ हो गया तो उस समय झारखंड की जनता की मांग को कुछ नेताओं ने खत्म कर दिया।

मैं एन.डी.ए. की सरकार के प्रति आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि इन लोगों ने यह फैसला लिया कि बिहार को दो भागों में बांटा जाये और झारखंड राज्य का निर्माण कराया जाये। आज उत्तरी बिहार से होने के नाते मैं बताना चाहता हूं कि जितनी भी सारी इकाइयां हैं, जितनी भी इंड्स्ट्रीज हैं, वे सारी दक्षिण बिहार में हैं और उत्तरी बिहार में कुछ नहीं है। पहले वहां चीनी मिलें थीं. जूट की मिलें थीं, कागज की मिलें थीं, लेकिन आज वे सारी मिलें बन्द पड़ी हुई हैं। केवल एक मिल चल रही है और वह बरौनी का पैट्रोलियम का कारखाना है, एक ऑयल रिफाइनरी है, वही चल रही है।

बरौनी में दूसरा कारखाना फर्टिलाइजर का है, वह भी बंद पड़ा है। दक्षिण बिहार में काफी उद्योग स्थापित हुए, वहां इतना खनिज पदार्थ होते हुए भी और जंगलों की पर्याप्त व्यवस्था होते हुए भी वहां के लोगों की गरीबी दूर नहीं हो सकी, दक्षिण बिहार का उद्धार नहीं हो सका और न इससे उत्तर बिहार का हो सका। हमारी सबसे अधिक चिंता उत्तर बिहार को लेकर है। वहां की जमीन बहुत उपजाऊ है। केवल जल प्रबंधन कर दीजिए, तो हम पंजाब और हरियाणा को मात दे सकते हैं। वहां से अधिक अनाज की उपज कर सकते हैं, इतनी वहां क्षमता है। लेकिन हमारे साथ दिक्कत है कि जो भी नदियां हमारे यहां हैं, वे नेपाल से आ रही हैं। उनके कारण हम बाढ़ की चपेट में रहते हैं और कभी सूखे की भी चपेट में रहते हैं। हम कोई पैकेज केन्द्र से नहीं चाहते। यह अंतरराट्रीय मामला है और ये नदियां भी अंतरराट्रीय हैं। इसलिए हमें इस सम्बन्ध में नेपाल से समझौता करना होगा। उस समझौते के अधीन अगर बाढ़ से राहत मिल गई तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उत्तर बिहार पंजाब की तरह इस देश का सबसे ज्यादा अनाज उत्पादक राज्य बन सकता है।

1930 में वहां 28 चीनी मिलें थीं, जो अब घटकर आठ या दस रह गई हैं। उसका मुख्य कारण वहां का कुप्रबंधन है। अंग्रेजों के जमाने में लोगों ने तय किया कि उत्तर बिहार की जमीन ऐसी है जहां गन्ने की उपज काफी हो सकती है इसलिए वहां चीनी मिलें लगाई गईं। तमिलनाडू में, महाराट्र में सबसे अधिक चीनी का उत्पादन हो रहा है, लेकिन वहां पर आठ बार सिंचाई करनी पड़ती है, पानी देना पड़ता है, जबकि उत्तर बिहार में शायद एक बार ही गन्ने के खेत में पानी देना पड़े। मैं जब विधायक था तो एक बार एक चीनी मिल में गया। वहां एक बोरा चीनी का दाम 810 रुपए था। मैंने पूछा कि इसकी लागत कितनी आती है तो मुझे जवाब मिला कि एक बोरा चीनी पर हमें 22,000 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैंâ€¦(व्यवधान) जी हां, 22,000 रुपए - इससे आप सोच सकते हैं कि वहां कैसे चीनी का उत्पादन हो सकता है। 1930 में बनी चीनी मिलें आज के आधार पर, जिस तरह आज की व्यवस्थाएं हैं, कभी भी सर्वाइव नहीं कर पाएंगी।

वहां जो नया राज्य बनने जा रहा है, उसको लेकर झारखंड के लोगों के मन में काफी खुशी है। वे इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे थे। मैं उनको बधाई देना चाहता हूं। आज झारखंड के इलाके में व्यवस्था होगी, उसके लिए पैकेज की भी व्यवस्था होनी चाहिए। लेकिन उसके बारे में यह तय होना चाहिए कि यह भार किस सरकार पर पड़ेगा। बिहार को पहले भी कई पैकेज दिए गए हैं। मैं बताना चाहता हूं कि सारे घोटाले चाहे चारे के हों, दवा के हों या भूमि के हों, वे उत्तर बिहार या मध्य बिहार में नहीं हुए, वे सब दक्षिण बिहार में हुए हैं। इसलिए जो पैकेज पठारी क्षेत्र को लेकर बने, वह वहीं पर लागू हो।

संसदीय क्षेत्र का जो विभाजन हुआ है, इससे डिस्पैरिटी हो गई है। कहीं-कहीं एक लोक सभा क्षेत्र में पांच विधान सभा क्षेत्र हैं, कहीं पर सात हैं। हमारे यहां चार ऐसे संसदीय क्षेत्र हैं जहां सात विधान सभा क्षेत्र हो गए हैं। उनके सांसदों पर उस इलाके का ज्यादा बोझ पड़ गया है। उनका अनुमान है कि हमारे क्षेत्र में भी व्यवस्था होनी चाहिए इसलिए सरकार को इस पर विचार करना चाहिए।

दक्षिण बिहार के राज्य बनने से मैं समझता हूं जैसे छत्तीसगढ़ और उत्तरांचल को लेकर कुछ दिक्कतें हैं, वह रांची में नहीं होंगी, क्योंकि रांची राजधानी होने जा रही है।

रांची में पहले से ही उच्च न्यायालय मौजूद है। वहां मुख्य मंत्री का आवास है, राज्यपाल का आवास है, मंत्रियों का आवास है और जब उस समय विधान सभा भी वहां चला करती थी तो उसकी भी वहां व्यवस्था है, इसलिए कुछ विशे करने की आवश्यकता नहीं है लेकिन दूसरे राज्यों के लिए करनी पड़ेगी। ये सारी सुविधाएं हमारी रांची में उपलब्ध हैं लेकिन उस इलाके की एक दूसरी जगह दुमका है जहां से रांची आने जाने में काफी समय लगता है, इसलिए सरकार को इसकी व्यवस्था करने के बारे में सोचना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्रीमती हेमा गमांग (कोरापुट) : सभापति महोदय, मैं बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक-2000 का स्वागत करती हूं। इसके साथ-साथ उड़ीसा राज्य की जनभावना को मैं सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह आग्रह करती हूं कि उड़ीसा राज्य का अभिन्न अंग जो कि सरायकेला व खरसांवा विधान सभा क्षेत्र को, झारखंड राज्य को नहीं बल्कि, संशोधन विधेयक के द्वारा उड़ीसा राज्य को सौंपा जाये, यही उड़ीसा राज्य लोगो की हार्दिक इच्छा है।

सरायकेला व खरसांवा क्षेत्र 1947 से पहले उड़ीसा राज्य का अभिन्न अंग था। वहां के राजाओं ने जब नये राज्य का गठन किया जा रहा था तो उस समय उड़ीसा राज्य में इन दोनों क्षेत्रों के राजाओं ने अपनी हार्दिक इच्छा व जनभावनाओं की इच्छा के अनुरूप उड़ीसा राज्य में रहने की सहमति लिखित रूप से सरकार को दी थी। इन दोनों क्षेत्रों में उड़िया भाषी लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है। वहां की संस्कृति, सभ्यता और भाषा अनेक प्रकार की समानताएं वर्तमान समय में भी उड़ीसा राज्य जैसी ही हैं। उस समय में भी उड़ीसा राज्य के नेताओं तथा नागरिकों ने जब इन दोनों क्षेत्रों को बिहार राज्य से जोड़ा जा रहा था तो व्यापक विरोध किया गया था । लेकिन आज हमारी कांग्रेस पार्टी एवं अन्य पार्टियों ने जब झारखंड राज्य बनाने का ऐतिहासिक संकल्प किया है तो कम से कम उड़ीसा राज्य के उस अभिन्न हिस्से को झारखंड की बजाए उड़ीसा राज्य को सौंपा जाये, इसी रूप में जनभावनाओं का आदर होगा। झारखंड राज्य के गठन की मांग वहां के आदिवासी और वनवासी लोगों द्वारा की गई थी तथा वे इस मांग को लेकर काफी समय से संघर्षरत थे। मैं चाहती हूं कि दलित आदिवासी समाज के लोग अपनी भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और भाषाई इकाई में एक रहकर अपना विकास करें। दलित आदिवासियों का जो कई वर्षों से शोषण होता आ रहा था, मैं चाहता हूं कि झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य में आदिवासी वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री बनने का अवसर प्रदान किया जाये तथाâ€¦(व्यवधान) कांग्रेस ने उड़ीसा को भी तीन बार आदिवासियो वर्ग

के नेता के बनाया था। सरायकेला और खरसांवा इन दोनों क्षेत्रों को केन्द्र सरकार उड़ीसा राज्य को सौंप दे। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है कि झारखंड के लाखों नागरिक, हमारे आदिवासी भाई-बहन जो आसाम के हैं, आज झारखंड राज्य बनने जा रहा है, उसके लिए मैं हार्दिक रूप से इस बिल का समर्थन करती हूं।

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : सभापति महोदय, सदन में प्रस्तुत बिहार पुनर्गठन विधेयक 2000 का मैं समर्थन करता हूं। चिर-परिचित यह मांग उस इलाके के लोगों की विशेकर आदिवासी, दलित, गरीबों की मांग रही है। यह मांग हमारे माननीय सदस्यों ने ठीक उठाई है। श्री जयपाल सिंह जी आदिवासियों के नेता थे।

जो हमेशा इसे अलग झारखंड की मांग करते थे। उस समय यह मांग काफी जोरों पर थी और कांग्रेस के लोगों ने श्री जयपाल सिंह को पटाने का काम किया, फंसाने का काम किया और कांग्रेस में मिला लिया था फिर भी वह काम नहीं हो सका। â€¦(व्यवधान) उसके बाद श्री एस. के. बागे, झारखण्ड के बहुत बड़े नेता हुए और बिहार विधान सभा में विपक्ष के भी नेता हुए। उनके जमाने में झारखण्ड अलग राज्य बनें, इसकी चर्चा भी उस समय हुई। वहां के लोगों की इच्छा, आकांक्षा की पूर्ति हो, लेकिन वे भी कांग्रेस के जाल में फंस गए और कांग्रेस की सरकार में मंत्री बन गए। â€¦(व्यवधान) आप बैठिए, हम सब बात जानते हैं, कांग्रेस की रीढ़ को जानते हैं â€¦(व्यवधान)

महोदय, आज हम एनडीए की सरकार को बधाई देना चाहेंगे कि इस विधेयक को पेश करने का काम किया। आज हम समझ सकते हैं, जैसा कि इस सदन के माननीय सदस्यों की भावनाओं को हमने देखा है, हमको लग रहा है कि अभी यह विधेयक इस सदन में पारित होगा और जल्द ही झारखण्ड के लोगों की आकांक्षाओं की पूर्ति होगी। हम उनकी इस आकांक्षा में अपने आपको शामिल करते हैं और हृदय से वहां की जनता को मुबारकबाद देते हैं। महोदय, जिस दिन यह विधेयक सदन में प्रस्तुत किया जा रहा था, उस दिन हम लोगों की तरफ से, अन्य विपक्ष दलों की तरफ से, माननीय मुलायम सिंह जी तरफ से तथा दूसरे लोगों की तरफ से और रघुवंश प्रसाद जी की तरफ से इसका विरोध हुआ था। उस समय गृह मंत्री जी ने कहा था, स्वीकार किया था कि हम समझते हैं, जानते हैं कि शेा बिहार की स्थिति खराब होने वाली है, लेकिन हम ऐसा नहीं करेंगे, जिससे कि एक दरिद्र हो जाए और एक समृध्द राज्य बन जाए। जहां तक उत्तर बिहार का प्रश्न है, मैं मुलायम सिंह जी की बात से शत-प्रतिशगत सहमत हूं, महोदय आप भी उत्तर बिहार से आते हैं, आज हम कर्पूरी ठाकुर जी को याद करते है, चाहे विपक्ष के नेता की हैसियत से, चाहे मुख्य मंत्री की हैसियत से, उन्होंने बराबर इस बात का जिक्र किया था, जब तक उत्तर बिहार में नेपाल से आने वाली नदियों को बाधने का काम केन्द्रीय सरकार द्वारा नहीं होगा, तब तक उत्तर बिहार की गरीबी, बेबसी, लाचारी दूर नहीं की जा सकती है। राज्य में चाहे किसी भी दल की सरकार हो, लालू प्रसाद जी की सरकार को हम भले ही कुछ कह दें, उत्तर बिहार में नेपाल से आने वाली नदियों से बाढ़ के कारण हर साल नुक्सान होता है, इन्फ्रास्ट्रक्चर का नुक्सान होता है, सड़के टूटती हैं, मकान ढहते हैं, जमीन बरबाद होती है, खेत बरबाद होता है, यह समस्या हम किसके सामने रखें। यह काम बिहार सरकार के बूते का नहीं है। बिहार की सरकार नेपाल की सरकार से बात नहीं कर सकती है। आज हमें प्रसन्नता है कि राजधानी में नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री जी आए हुए हैं। हम चाहेंगे कि भारत सरकार नेपाल के आने वाली नदियों से हमारा जो नुक्सान होता है, अगर उसको रोकने का काम कर सके, तो बिहार के लोगों में दरिद्रता नहीं रहेगी। अभी मदन प्रसाद जायसवाल जी कह रहे थे कि हम हरियाणा को खिला सकते हैं, हमारी जमीन उपजाऊ है, लेकिन किस तरह से खिला सकते हैं, नेपाल के साथ कौन बात करेगा। नेपाल के साथ बात करने के लिए सरकार को स्पट नीति अपनानी होगी। भारत सरकार को बताना होगा कि हम किसी भी कीमत पर इसकी रक्षा करेंगे तभी हमारा दुःख दूर हो सकता है।

महोदय, बिहार में 32 शुगार फैक्ट्रीज हैं, मध्य बिहार में तीन शुगर फैक्ट्रीज हैं, सारी शुगर फैक्ट्रीज बंद हैं, केवल चार-पांच शुगर फैक्ट्रीज ही चल रही है, बाकी सारी दम तोड़ रही हैं और 5-6 को किसी न किसी तरह से चलाई जा रही हैं। बिहार में पिछले वर्ो में एक भी शुगर फैक्ट्री देने का काम भारत सरकार ने नहीं किया है। आप हमारी दरिद्रता को दूर करना चाहते हैं, तो शुगर फैक्ट्रीज को बेहतर बनायें और नई शुगर फैक्ट्री बिहार में लगावे। इसी प्रकार जहां तक जुट की बात है, पूर्णिया और सहरसा के इलाके में जूट की फैक्ट्री थी और किसान जुट पैदा करते थे।

आज वह जूट फैक्ट्री बंद है। हमारा खाद का, कागज का कारखाना बंद है। हमारे सामने सिर्फ बालू, मिट्टी और पानी है, हम इनकी रक्षा कैसे करेंगे। वित मंत्री जी, आप भी बिहार से आते हैं। आप पहले उत्तर और मध्य बिहार के थे लेकिन अब आप हजारीबाग, झारखंड राज्य में चले गए। आप झारखंड राज्य में जा रहे हैं, इसके लिए हम आपको मुबारकबाद देते हैं, लेकिन जो शेा बिहार बच रहा है उसे आप बचाने का काम करें। हम यह बात आपको बहुत विनम्रता पूर्वक कहना चाहते हैं। मुलायम सिंह जी ने ठीक कहा, हम उनकी दो बातों से सहमति रखते हैं। पहली यह है कि अगर उत्तर-बिहार के लोगों को अपने रहमोकरम पर छोड़ देंगे तो उत्तर-बिहार या मध्य बिहार के लोग ज्यादा दिनों तक चुपचाप बैठने वाले नहीं हैं। वे इस बात के लिए बगावत पर उतारू होंगे, आंदोलन और संर्घा करेंगे। झारखंड राज्य बने, उससे हमारा कोई विवाद नहीं है लेकिन हमारे साथ जो भेदभाव हो रहा है, उसे हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। दूसरी बात यह है कि किस उद्देश्य के लिए झारखंड राज्य बनाया जा रहा है । मुलायम सिंह जी ठीक कह रहे थे। 81 सीटों में से 23 सीटें आदिवासी और दलित भाईयों की हैं, बाकी सारी सीटें दूसरे लोगों की हैं, जनरल सीटें हैं। हमारी इच्छा है और हम भी चाहते हैं कि जिस उद्देश्य से आप झारखंड राज्य का गठन कर रहे हैं तो उस इलाके के सम्झायक विकास के लिये रखंड में कोई आदिवासी मुख्य मंत्री हो, कम से कम पहला मुख्य मंत्री तो आदिवासियों के बीच में से बनाने का जरूर संकल्प लीजिए। आप घोाणा करेगे ऐसा, हम उम्मीद करते हैं और आशा रखते हैं। गृह मंत्री जी इस समय यहां नहीं हैं, वित्त मंत्री जी यहां मौजूद हैं हम आपसे जानना चाहते हैं कि आप हमें बिजली के मामले में क्या सहायता दे रहे हैं। आप हमें बिजली के मामले में मदद कीजिए, हमें पैसे की जरूरत नहीं है।

हम इन्फरास्ट्रक्चर जैसे रोड,बिजली,सिंचाई,चीनी मिलों की अधिक से अधिक स्थापना,शेा बिहार म करे महोदय, आप शंका व्यक्त करते हैं, कहते हैं कि पैसे का गोलमाल हो जाता है, हमें पैसा नहीं चाहिए, आप हमें बिजली दीजिए, हमारे उद्योग धंधे दीजिए। हमें नेशनल हाईवे, सड़क दीजिए। हमारे यहां नदियों में तट बंध बांधने का काम कीजिए, सिंचाई का प्रबंध कीजिए। ये सारी चीजें उत्तर-बिहार और मध्य बिहार के लोगों को दीजिए ताकि हम बिहार की उन्नति और तरक्की कर सकें तथा शेा बिहार में अपने झारखंड भाइयों के साथ मिल कर खुशहाली का जीवन व्यतीत कर सकें, यह मैं आशा करता हूं और उम्मीद रखता हूं। इन्हीं शब्दों के साथ हम इस विधेयक का समर्थन करते हैं।

*** SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ):** Mr Chairman, Sir, I want to speak in Bengali. This is for the first time I am speaking in my mother tongue.

Mr Chairman, Sir, I was waiting for this day since long. In 1973 when I went to Ranchi for the first time as the President of Youth Congress, the Congress leader from Bihar Shri Gyan Ranjan was with me. The people I met for the first time were all a*divasi* youths. They told me only one thing and that was, "You have come to speak about Youth Congress. Please listen to our mental agony. That we are a part of India, that we were a party to our struggle for freedom. Our leader Birasa Munda was a soldier in freedom struggle. Our leaders Sidhu Kanu fought for liberation struggle, these facts have been confined in the pages of history only. But where is our identity? Is our

identity today confined to only as a Minister or an MLA through quota? What is our future in the whole region of Vananchal or Jharkhand? Mr Chairman, Sir, I could not give any reply that day. I just came back with bowed head. I asked in my heart that Gandhiji alone cannot have the full credit for free India, or for that matter, the credit does not go only to Rajendra Pasad or Jaya Prakash Narayan. If some Birasa Mundas, some Sidhu Kanus were not there, or if some Santhal struggles for independence, were not fought, it would not have been possible for us to drive away the British very easily and achieve independence. That day I realised in my heart that we have to give these people their rights someday. So even before my party had evolved any opinion about Jharkhand agitation when it originated, I felt in my heart that they have a right to agitate and long live their struggle. Today I am very happy that the Government, the Congress and the House and others are supporting the cause for a separate statehood for Jharkhand. I never feel that the country is divided if any agitation based on language, social or cultural heritage or even alongwith economic burden is recognised and a separate State is formed. I just feel the opposite. I feel in this

_____*â€¦.* Translation of the speech Originally delivered in Bengali.

present scenario in India, if somebody express their desire to be in India but wants recognition on cultural, social, political or against economic discrimination and urge for separate identity then I feel by granting recognition to their desires, the process of democracy is strengthened. If that aspiration is suppressed by force then democracy is never strengthened. This is what I feel. I am surprised that some Hon'ble Members are arguing that by forming the separate States, the country will be divided. These very members assert in their party meetings that in the name of strong Centre if all the power is concentrated in the Centre, then democracy is at peril. They only speak about decentralisation of power and again they are the one who feel devolution of power is unfortunate for the State. I do not find any logic in this argument. We must understand today that the desires for separate identity based on language, culture and some political freedom cannot be curbed by force. This will weaken the process of democracy. I am going to utter the name of person who is very much known to all of us. During our first day of independence struggle Rabindra Nath sang a song at Swadeshi Mela in Calcutta. I remember that song −

Thousands and thousands of mind

All culture identity should be tied with one knot.

That is what he meant by unity in diversity. This is the tune of India. If Nagaland feels today that as Naga I too have my own language, my own dress, my own identity. I want a separate State to preserve my identity, there is nothing wrong in their demand. Today if after endless exploitation and long struggle, the *adivasis* have achieved success by having separate Jharkhand, then the House with all humility should grant their long cherished desire without any discussion and honour their fighting spirit. We cannot suppress their desire, their urge for separate identity by force. This desire to have identity of their own is complicated but very natural. We must understand this. I do not want to speak against anybody. Many members have raised the question that creation of different States will divide the unity of our country. Why it will divide the country? (Interruptions)

Mr Bwiswmuthiary, I am with you for Bodoland. But first let me speak on this Bill first. Today I will very humbly submit before you. When Mahatma Gandhi went to Champaran to attend peasant struggle, when Indian National Congress was counting the days of struggle for independence what did Congress say at the meeting of Tripuri Congress in 1924? It spoke of Chattisgadh. What did Congress say at the meeting of Benaras Congress? What did Congress say during division of Bengal? When Gokhle stopped it what did the Indian National Congress say? It said − Today the demand of the people of India is not just food or hunger but recognition for their culture, language, social values. We should not backtrack on this question of respect for culture, language and heritage. If needed Constitution has to be amended not only once or twice but 60 or 70 times. This is what Jawahar Lal Nehru also said. At the outset we had States based on language. But later on we found out that it is not only language, there are other aspects also which must be considered, which must be honoured. Our respected leader Mulayam Singh said that creation of small States is not good for our country. But as Chief Minister of Uttar Pradesh you passed the Bill for Uttarakhand in your Assembly. That day you knew that the State is divided. Why did you pass Bill then? Because you knew that you have to respect the feelings of the people of the hills. There was nothing wrong or unjust in that. And I feel although belated the decision of creating the separate State of Jharkhand is very appropriate. Democracy will not be weak by this decision. I know that the demands of the people of North Bihar are just. The people of Bihar have sacrificed so much for the independence of our country. Bihar's contribution to our freedom struggle is immense. What Bihar has contributed cannot be surpassed by others. I remember the 42 movement. As a student we had to study the Quit India Movement of 1942. We all know what Bihar has contributed to get independence from the British. It is not only Gandhiji's Champaran, or Dr Rajendra Prasad or Jay Prakash Narayan, there is not a single district in Bihar which has not sacrificed hundreds of people in our freedom struggle against the British. If Chapra, Bhagalpur, Mujaffarpur today say that we are penniless, helpless, I will definitely plead for them and urge the Central Government to appoint a Committee so as to look into and help them in their economic crisis. I have no objection to that. But if somebody argues against the creation of Jharkhand saying they

have so much of menganese, I would say these are natural resources. One can find gold in the sand of Subarnarekha river and these are all natural resources. Nature has given them underground coal. Nobody has brought coal from underground. Nature has given them other mineral resources also. They have Subarnarekha river Shon river has originated from Jharkhand. Ganga is flowing by the side of Raj Mahal and Saheb Ganj. What they do not have? If the nature is so bountiful there it is no use feeling jealous about their resources. If North Bihar lacks these natural resources, there is other mean to get these things. There is scientific method and with the help of science and other means we can renovate North Bihar. I am not against the demands of members from North Bihar. But we must admit that people arguing that creation of small States will disrupt the unity of our country are totally wrong. We do not realise how we are causing pain by this kind of argument. I do not want to say anything regarding cast and creed. But I am sorry to say that a feeling has been created among some sections of the society, the Dalits, the Adibasis, the backward people that independence has been achieved by all. But opportunity of power to rule has been achieved by only some particular cast, some particular class, some particular community and by some particular people. We cannot heal or stop their agony by oratory only. Mere lip service or fruitless oratory is not the remedy to heal their pain, to redress their grievances. The remedy lies by fulfilling their desire to have some identity − cultural, social, linguistic and against economic discrimination and to have a small State of their own within democratic framework. If the House fails to provide this much space to the urge of these people then democracy cannot survive. So I feel − open the window. Let free air come. If you have just a room with a single window and you make all the people sit in that room assuring that all of us are here but allowing a selected few to sit near that single window and breath fresh air, keeping the rest of the windows shut, this cannot go on for ever.

Mr Chairman, Sir, through you I would like to convey why voice has been raised in Bidharva against discrimination. Why voice is raised in North Bengal? I am not in favour of dividing any State. I do not want that the State should be divided. But I am sorry to say that the place from where I come is the place where some areas of Bihar were included in Bengal during the reorganisation of Bengal and Bihar in 1953. Singhbhum from Mah Bhum went to Bihar while Purulia came to Bengal. People both from Purulia and Singhbhum sing Tushu songs. There is no difference in culture. But the agony was terrific because of this transfer. The place I came from as an MP is the place where some pockets have been transferred from Bihar like Chakulia, Kishangunj and the villages adjoining Kishangunj. Here the culture is Surjapuri and Surjapuri language holds a special place. Also there is respect for Urdu language. If we cannot allow them to study Urdu language or if we do not respect Surjapuri language and claim we the Bengalis, the son of *zamindar* or people from higher cast, have the final word to say cannot sustain. This chauvinism cannot continue. Days are changing. We must accord recognition to the realities. Today the slogan raised in North Bengal is very dangerous. They say that they have a language called Rajbansi. The SCs in our area are known as Rajbansis like Ray, Sarkar, Chowdhury, Sinha, Burman. I have grown up with them since childhood. They have their festivals, their own language. They have raised the slogan in the name of Kantapuri that their language Rajbansi should be given recognition and honour. In North Bengal University, this language is not taught and will never be taught. Jalpaiguri is the most populous district. Most of the seats here are reserved for the Dalits. Rajbansis have most of the seats. They demanded that they want the Circuit Bench of High Court. It was not a very big demand. This was sanctioned by Calcutta High Court. West Bengal Government also agreed. But after Mr Jethmalani's visit, there was some twist and now I hear that what will be the outcome, nobody knows. Should we belittle people in this manner? The people who have demanded Kamtapuri have never taken to arms. They are the most peace loving people of North Bengal. They have never used guns in their life. Today they are speaking about guns. They are speaking about guns because North Bengal has been discriminated against in various plans. Nothing has been done for the developmental schemes in North Bengal. Discriminatory attitude towards North Bengal has turned it into a backward State. The people have grudge because of discrimination. Today even when we speak about unity, we cannot shut their voice. I demand the Prime Minister if you do not take any special measure for North Bengal through proper planning by publishing while paper then fires will flare up and I do not have any power to stop that fire. Today while participating in the debate on Jharkhand, why I am warning the government. This is what the *adivasis* there have disclosed to me. They are not from Jharkhand. They are *adivasis* from North Bengal from Tapan Thana. They came to me and said, Priya Babu, you are an MP from our Bengal. Don't try to stop the formation of Jharkhand. We are with you people and will remain with you. But if people there get recognition, do not try to scuttle that recognition. Why they have said like that? Because it is a message. They feel that somebody should take up their cause also. They should also have some identity somewhere. Mr Chairman, Sir, that is why today I am mentioning their cause. We should not discuss their cause with a narrow mind. I am not against what has been said about Karaikela and I know there is need for reconsideration on some point. We cannot strengthen democracy by giving pain to somebody. But it is true that INC has supported the Bill not due to any political compulsion. INC has supported this demand because Jawahar Lal Nehru said in the Conference of INC − Congress should go forward step by step in the democracy of India by assessing the cultural, social, political demands of the people. Congress should not suppress anything by force. That is why Congress though a party is also a platform. That is why the Congress was called the movement of the people. How many people know the name of Birasa Munda? How many names are known to those who study Indian history? Mahatma Gandhi is surely known. Jawahar Lal Nehru, Jay Prakash Narayan and some more like K.V. Malavya, Madan Mohan Malavya, Govinda Ballav Panth, Lala Lajpat Rai. These names are known and should be known because

they are all memorable persons. But is the responsibility of knowing the name of Birasa Munda solely lies with the *adivasis*? Is it not the responsibility of the country to let people know the name of Birasa Munda? What a historical struggle he fought! When the Hindu *zamindars*, Muslim *zamindars* used to oil the British, the *adivasi* Santhals fought against the British in Santhal revolution. They understood that this country belongs to them not to the British. We have to proceed on the basis of this historical fact. That is why, Sir, I feel that we should not fight for the introduction and discussion of this Bill to form Jharkhand. We should not fight at least on this Bill. I have great respect for many things among my leftist friends − the CPM. I will request them to look at the sky and see the sun is rising. People have awakened. People will no longer remain in dogma or theory. They demand respect and honour for their dress, their language, their surroundings, their consciousness, their intelligence, their understanding, their soul, their sorrow. Their urge is to have recognition for all these aspects. If we do not listen to their urge and forcibly do not want to listen, then we are committing a great blunder.

Mr Chairman, Sir, I come from a very small district. The name of that district was West Dinajpur. I ask my leftist friends that you have only said to divide the small district into two for decentralisation of power. The two districts are North and South. Why have you said that? Because that was the people's demand. At that time you felt that to be correct. But now you feel the case of Jharkhand is not proper. But I feel this is not improper. I feel that if any State after a peaceful discussion in the Assembly without resorting to violence through gun bomb or any other means and arrive at consensus for formation of a separate State, then that decision must be welcome and recognised. I am raising this because I come from North Bengal. I am not speaking about West Bengal. You will be surprised to know that new born baby is drowned due to flood in North Bengal. Because of lack of shelter that post-natal mother cannot have any place and provide some relief. Why there is no shelter? Shelter was sanctioned by Planning Commission but it was not constructed. Today they have awakened. Today they are asking for their dues. I have told our Prime Minister that you do not know from where the storm is originating. But it is coming.*

I tell you hon. Finance Minister, a storm is coming from North Bengal. The Rajbongshi community would be compelled to take guns if you do not address the issue of planning through a White Paper.

हमारी देश के लिए जितनी भी मदद हो, हम मुल्क को बचा नहीं पायेंगे। मैं देख रहा हूं। दार्जिलिंग में हमने कितनी मुश्किलों का सामना किया है, बसुदेव जी को मालूम है।

Rajivji went to Darjeeling. There was not a single person although Prime Minister Rajiv Gandhi went. Jyoti Basu went and there was nobody. Police were standing under the shadow of the trees. Rajiv Gandhi told me Priya we cannot apply our law here. We have to follow what they have in their mind. We must give them something. They must get their respect and their rights. We have to realise today these things. Why Himachal Pradesh was created? Why Haryana was created? Why Punjab was created? Why Mizoram was created? Why not Jharkhand be created? Why not Bidharva be created? I feel that if we have more States, the unity of India will be preserved. But if we try to control and suppress people's urge for more freedom by means of force, military, army or police. India cannot remain united. That is why I want to support the creation of Jharkhand. I remember that person our Minister Kartic Orang who is no more who used to speak with his limited effort about the people of Jharkhand. Jaipal Singh who is also no more spoke about the formation of Jharkhand. I respect the struggle for Jharkhand. I respect all their political leaders. I know the pain of North Bihar.

I have spoken about your Bodoland. I am not against formation of Bodoland. But I must advise you to shun the path of violence and gun and try to achieve your goal through non-violence and *satyagraha.* The struggle of Jharkhand did not follow violent means. They have not taken to arms. They have not kidnapped anybody and murdered. They have not destructed train or other public property by bomb blast. They have shown patience.

About Orissa also I feel that Orissa has been deprived in this regard. It is not proper.

Mr Chairman, Sir, I shall take just one minute. I must make people understand what I want to say. In the 2nd Conference of INC, Atul Prasad approached Rabindra Nath for a song in Bengali for the delegates. Rabindra Nath replied that how could he sing a song in Bengali which would not be understood by the delegates from all over India. Atul Prasad asked him to sing such a Bengali song with words which could be understood by everybody. Rabindra Nath composed a song and the words of that song were understood by all the delegates from all over India. I quote a few lines from that song −

Ayioe bhubano mano mohini,

Ayi nirmalo surjo karojjolo dharani,

Janako Janani Janani.

Neelo sindhu jalo dhanto charonotalo,

Anilo bikampito shyamalo anchalo,

Shubhro tusar kiritini.

All the delegates said that they understood the meaning of *nirmalo, janani, bhuban, mohini, tusar.* That was how Rabindra Nath composed the song. If we have honest purpose we can unite all. But if we have some dubious purpose we fail. That is why Congress support the State of Jharkhand. Congress thanks the struggle of the *adivasis* of Vananchal. I will also say if my party someday come to power and form the Government, I will try to have the Chief Minister of Jharkhand from amongst the *adivasis.* Their symbol should be established from them only.

Saying this after supporting the Bill, I conclude my speech.

श्री मुलायम सिंह यादव : सभापति जी, हम दासमुंशी जी को बंगाली भाा में अच्छा भाण देने के लिए बधाई देते हैं।

श्रीमती आभा महतो (जमशेदपुर) : आदरणीय सभापति जी, बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं और साथ ही अंतरात्मा से स्वागत करते हुए हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल जी एवं पितातुल्य गृह मंत्री जी का भी आभार व्यक्त करते हैं कि 50 वर्षों की जो झारखंड राज्य की इच्छा है, वह आज पूरी होने जा रही है।

आज जो विधेयक आया है, इसमें बहुत लोगों ने कुर्बानियां दी हैं-- सिद्धू कानू, बिरसा मुण्डा, तिलका माझी, मैं उनको भी इस अवसर पर श्रद्धांजलि देना चाहती हूं।

सभापति जी, हम सब भारत के लोग हैं। यह देश हमारा है और देश केवल नाम से नहीं बनता, न मिट्टी के किसी टुकड़े को जोड़ने से बनता है। देश नागरिकों के मिलने से बनता है और हम सभी एक ही देश के नागरिक हैं। अगर राज्य अलग हो रहा है तो इसमें देश के बंटवारे की बात कहीं नहीं आती है। आज जिस तरह से कोई परिवार बड़ा होता है और मां-बाप के न चाहते हुए भी पुत्रों को अलग-अलग रहना पड़ता है, वही स्थिति हमारी है। आज हम बिहार से अलग हो रहे हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि मन से भी अलग हो रहे हैं, विकास की दृटि से अलग हो रहे हैं और इसमें कोई दुख नहीं होना चाहिए। इस मामले में मैं बिहार सरकार की महिला मुख्य मंत्री राबड़ी देवी को भी धन्यवाद देना चाहूंगी कि 50 वर्षों की इस मांग में उनकी भी सहभागिता है, भले ही रघुवंश जी कितना भी विरोध कर लें। â€¦(व्यवधान) लेकिन उनकी सरकार ने सर्वसम्मति से इस विधेयक को पास करके राट्रपति को भेज दिया था और आज इतनी जल्दी हम इस विधेयक को यहां लाने में समर्थ हुए हैं। इस मामले में वहां के राट्रीय अद्यक्ष लालू जी ने भी विधान सभा में कहा था कि अगर यह विधेयक जल्दी नहीं आता है तो मैं पांच लाख लोगों को लेकर संसद का घेराव करूंगा, लेकिन सभापति जी, वह दिन नहीं आया और बहुत जल्दी यह विधेयक हम पास कराने जा रहे हैं, यह खुशी की बात है। â€¦(व्यवधान) कहा जाता है कि अंग्रेजों द्वारा हमें सताया जाता था लेकन आज भी उपनिवेश का शिकार हम लोग थे और हमेशा से हम झारखंड के लोगों के साथ उपेक्षा का बर्ताव किया गया, तभी जाकर इस चिंगारी ने धीरे-धीरे आग का रूप लिया और वहां अनेक आंदोलन हुए। आज सब सपने पूरे होने जा रहे हैं जो वहां के लोगों ने बरसों संजोए थे। कितने लोग तो सपने देख-देखकर ही चले गए और आज दुनिया में नहीं हैं। पिछली बार 12वीं लोक सभा में यह विधेयक पेश होना था तो हमारे ही क्षेत्र के एक एक्स-एम.एल.ए. ने कहा था कि मैं इसी आशा में जिन्दा हूं कि कब बिल पारित हो जाए और तब मैं खुश होकर मरूं। उनके लिए भी यह खुशी की बात है और वह बहुत खुश हो रहे होंगे, आज वह दिवाली और होली एक साथ मना रहे होंगे।â€¦(व्यवधान)

सभापति जी, झारखंड की प्रशासनिक व्यवस्था एवं भौगोलिक स्थिति भी बिहार से हमेशा से अलग रही है। वहां की प्रशासनिक व्यवस्था में वहां के जिले में डियूटी कमिश्नर होते हैं और शे बिहार में डी.एम. कहे जाते हैं। छोटा नागपुर झारखंड में बिहार टैनेन्सी ऐक्ट कभी लागू नहीं हुआ। वहां छोटा नागपुर टैनेन्सी ऐक्ट और संथाल परगना टैनैन्सी ऐक्ट लागू होता था।

हमारा देश विभिन्न जाति और धर्मों का देश है जहां विविधता में एकता है। अंग्रेजों ने फूट डालो और शासन करो की नीति के आधार पर राज्यों का गठन किया था।

19.00 hrs.

आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने राज्यों का पुनर्गठन भौगोलिक और भाायी आधार पर किया था लेकिन आज महत्वपूर्ण बात यह है कि राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने सर्वप्रथम राज्यों का पुनर्गठन आर्थिक विकास के आधार पर किया है। यह सर्वविदित है कि झारखंड हमेशा से बिहार का उपनिवेश बनकर रहा है और हमेशा से पिछड़ापन झेल रहा है। इसीलिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने 12 नवम्बर 1977 को पटना में लोहिया विचार मंच की सभा में कहा था कि मैं बिहार के दो टुकड़े करने के पक्ष में हूं। उत्तर बिहार की संस्कृति दक्षिण बिहार की संस्कृति से भिन्न है इसके बंटवारे से ही दोनों क्षेत्रो का विकास होगा।

सभापति महोदय, मैं कुछ ऐतिहासिक पहलुओं को आपके सामने रखना चाहती हूं। भारतवर्ा में झारखंड क्षेत्र जंगल और पहाड़ों का एक मनोरम भूभाग है जिसकी अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक, ऐतिहासिक एवं पारम्परिक व्यवस्था सैंकड़ों वर्षों से एक धरोहर के रूप में मौजूद है। मैं झारखंड की कुछ ऐतिहासिक पृठभूमि को इस सदन में रखना चाहती हूं। यही वह धरती है जहां शिव पुराण में उल्लेख हैः-

"अयः पात्रे पयः पानम, शाल पत्रे च भोजनम,

शयनम् खर्जूरी पत्रे, झारखंडे विधियते।"

यहां के लोग मिट्टी के बर्तनों में खाना खाते हैं, पानी पीते हैं। साल के पत्ते पर खाना खाते हैं। खजूर के पत्ते की चटाई पर सोते हैं। यह झारखंड की संस्कृति है। अभी हमारे प्रियरंजन दास मुंशी जी बंगला में अपना भाण दे रहे थे। बंगला के सर्वाधिक लोकप्रिय ग्रंथ कृतिवास रामायण में झारखंड का उल्लेख है -

" मान्दार पृथ्वी जाईवो झारखंड देशे,

झारखंडी रा आछे अद्भूत रुपे। "

हमारे उड़िया के आदरणीय भाईगण यहां हैं। उड़िया चैतन्य भागवत के आदिखंड में कहा गया है -

" प्रथमे चोलीला प्रभु तीर्थेश्वर, तबे वैद्यनाथ झारखंड गेला एकेश्वर। "

चैतन्य चरितामृत में बंगला में लिखा है -

" मथुरा जाबार काले झारखंड मिलीलो,

प्रायः लोक ताहात परम आनन्द। "

अर्थात् चैतन्य महाप्रभु को मथुरा जाते समय झारखंड मिला था और वहां के लोगों को प्रेमपूर्वक रहते देखकर वे बहुत खुश हुए। अकबरनामा में भी झारखंड का उल्लेख है। अंग्रेजों द्वारा नियुक्त इस क्षेत्र के सर्वेयर मैनुअल डिकेन्स में भी अपने अभिलेख में इस क्षेत्र को झारखंड कहा है।

महोदय, मुगल शासन के बाद अंग्रेजी हकूमत ने झारखंड के अतीत के साथ छेड़खानी शुरू की थी जिसके कारण 1765 के बाद लगातार अंग्रेजों के खिलाफ जनजातीय विद्रोह हुए। इनमें से महत्वपूर्ण है 1772 में मलेर विद्रोह, 1774 में चेरो विद्रोह, 1778 एवं 1783 में पहाड़िया विद्रोह, 1784 में तिलका माझी विद्रोह, 1798 में तमाड़ विद्रोह, 1820 में कोल विद्रोह, 1831-32 में ग्रेट कोल विद्रोह,1855-57 में संथाल विद्रोह 1895 से 1900 तक विरसा आंदोलन।

महोदय, विद्रोहों से अंग्रेज शासक परेशान हो उठे और मिलिट्री कार्रवाई कर विद्रोह को शांत करने के लिए 1780 में सर्वप्रथम झारखंड क्षेत्र को प्रशासनिक परिवर्तन कर रामगढ़ पहाड़ी क्षेत्र का नाम दिया। विद्रोह शान्त नहीं होने से फिर रामगढ़ पहाड़ी क्षेत्र को 1833 में बंगाल प्रेसीडेन्सी के अन्तर्गत दक्षिण-पश्चिम सीमान्त ऐजेंसी का गठन कर झारखंड क्षेत्र को कई प्रशासनिक ढांचे में जैसे रामगढ़ जिला, जंगल महल जिला और मेदनीपुर जिला में शासन के सुविधानुसार अंग्रेजों ने अलग-अलग बांट दिया।

महोदय, रामगढ़ जिला अब हजारीबाग, गिरीडीह और कोडरमा जिला तक था। â€¦(व्यवधान)

श्रीमती कान्ति सिंह : इसे पढ़ा हुआ समझा जाये। â€¦(व्यवधान)

श्रीमती आभा महतो : कैसे पढ़ा हुआ समझा जाये। â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप अपनी बात जारी रखिए।

श्रीमती आभा महतो : कान्ति सिंह जी, मैंने तो पोलिटिकल साईंस में ऑनर्स किया हुआ है लेकिन आपकी मुख्यमंत्री जी छठी क्लास भी पढ़ी हुई नहीं है। â€¦(व्यवधान)

श्रीमती कान्ति सिंह : आपको इतना भी पता नहीं कि सदन में बैठकर ऐसा नहीं बोला जाता। â€¦(व्यवधान) सभापति जी, मुझे इस बात पर ऑब्जेक्शन है। â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : सदन के संचालन में आप खुद व्यवधान डाल रहे हैं। आप बैठ जाइए।

...(व्यवधान)

श्रीमती कान्ति सिंह : इन्होंने ऐसा क्यों कहा। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : श्रीमती आभा महतो जी, आपका भाषण बहुत अच्छा हो रहा था।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप आसन की कोई बात नहीं सुन रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : सभापति महोदय, खैरियत है कि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू नहीं है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : आभा जी, आप अपनी बात कह रही थीं। आपको कोई ऐसी बात नहीं कहनी चाहिए। जो माननीय सदस्य इस सदन के सदस्य नहीं हैं, जो डिफैंड नहीं कर सकते हैं, उन पर इस तरह से अशोभनीय बात नहीं करनी चाहिए। अपनी बात कहिए।

...(व्यवधान)

श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया (जूनागढ) : इस तरह से एक-दूसरे को कोई नहीं टोक सकता। उन्होने क्यों टोका। क्या ऐसे टोकना चाहिए?...(व्यवधान)

श्रीमता आभा महतो : सभापति महोदय, मैं आपनी बात वापस लेती हूं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय : इस बात को कहने की कोई जरूरत नहीं है। आप तो झारखंड पर बोल रही हैं। जो विषय सदन के सामने है, उसी पर बोलिए।

...(व्यवधान)

सभापति महोदय : सदन में अनावश्यक व्यवधान न पैदा किया जाए।

...(व्यवधान)

श्रीमती आभा महतो : यह टौर्चर सहते-सहते पचास वर्ा हो गए। हम लोग बहुत दुखी हैं और दुख की अंतिम घड़ी भी झेल रहे हैं। ...(व्यवधान) कांति जी, मैं बात वाप्स ले रही हूं।

झारखंड श्रेत्र में जनजातीय विद्रोह को दबाने के लिए भारत के अन्य हिस्सों से राजे-रज्वाड़ों को नियुक्त किया गया था और उस एरिया को जंगल महल एरिया कहा जाता था। मिदनापुर जिला जो वर्तमान में धनबाद, पुरुलिया, बांकुड़ा, मिदनापुर से लेकर पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला तक था, दक्षिण-पश्चिम सीमा प्रान्त में गवर्नर जनरल इन काउंसिल द्वारा नियुक्त पॉलीटिकल एजैंट द्वारा शासन चलाया जाता था। मैं आपको याद दिलाना चाहूंगी कि 1854 में अंग्रेजों ने फिर से प्रशासनिक फेरबदल में दक्षिण-पश्चिम सीमान्त एजैंसी, जिसे अंग्रेजी में south-western frontier agency कहते हैं, उसे समाप्त कर छोटा नागपुर डिवीजन का सृजन किया और छोटा नागपुर को बंगाल के उप-राज्यपाल के अन्तर्गत रखा गया। उस समय का उप-राज्यपाल भवन आज राज्यपाल भवन के नाम पर रांची में मौजूद एव सुरक्षित है।

1857 में संथाल विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने इस क्षेत्र यानी छोटा नागपुर डिवीजन से सन् 1862 में कुछ भाग जैसे सरगुजा और रायगढ़ को सैन्ट्रल प्रौविन्स में मिला दिया था और अब मध्य प्रदेश में है। 1895 से 1900 तक बिरसा आन्दोलन के कारण अंग्रेजों ने फिर से छोटा नागपुर डिवीजन का राजनीतिक परिवर्तन करने के लिए प्रशासनिक ढांचा ही बदल दिया। फलस्वरूप 1912 में बंगाल से जब बिहार अलग हुआ तो छोटा नागपुर डिवीजन में से कई जिले बिहार के साथ मिला दिए गए। फिर 1936 में उड़ीसा को बिहार से अलग किया गया। इस तरह अंग्रेजों ने जनजातीय विद्रोह को दबाने के लिए झारखंड क्षेत्र को समय-समय पर बांट कर फूट डालो और शासन करो की नीति अपनाई।

सभापति महोदय : अब आपका समय समाप्त हुआ। इस पर अन्य माननीय सदस्य भी बोलेंगे। कई माननीय सदस्य आपके दल के भी बोलने वाले हैं। आप लोग समय दे दीजिए, मैं उनका नाम पुकार देता हूं। अब आप कन्क्लूड कीजिए।

श्रीमती आभा महतो : सभापति महोदय, 1954 के राज्य पुनर्गठन आयोग को झारखंड पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद जयपाल सिंह जी ने अपने 34 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन अलग राज्य बनाने के सम्बन्ध में दिया था। उस समय भी इस आन्दोलन को करने से उनको रोका गया। एक साजिश के तहत उनको कांग्रेस पार्टी में शामिल कराया गया। उसके बाद भी इस राज्य को नहीं दिया गया। जयपाल सिंह जी के कांग्रेस में शामिल होने के बादâ€¦(व्यवधान) हम पार्टी की तरफ से बोल रहे हैं।

सभापति महोदय : सदन को इतिहास की पूरी जानकारी है।

श्रीमती आभा महतो : अभी हमारी पार्टी के अन्य सांसद लोग भी बोलेंगे।

सभापति महोदय : आपकी पार्टी के बहुत से माननीय सदस्य बोलने वाले हैं। अभी सात माननीय सदस्य और बोलने वाले हैं।

श्रीमती आभा महतो : सभापति महोदय, जयपाल सिंह जी के बाद भी यह आन्दोलन बन्द नहीं हुआ। इसके बाद झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष निर्मल महतो की आठ अगस्त, 1987 को हत्या के बाद यह आन्दोलन और उग्र रूप में आ गया, जिसके परिणामस्वरूप फिर से इस बारे में लोगों को सोचना पड़ा। इसी क्रम में हमारी पार्टी ने इस आन्दोलन को समझा और जनता की इच्छा का सम्मान करते हुए सर्वप्रथम एक अखिल भारतीय स्तर के राजनैतिक दल, हमारी भारतीय जनता पार्टी ने इस झारखंड आन्दोलन का समर्थन किया। 8 अप्रैल, 1988 को आगरा में पार्टी की कार्यकारिणी की समिति की बैठक में छोटा नागपुर और संथाल परगना के 18 जिलों को मिलाकर एक वनांचल राज्य गठन करने का प्रस्ताव पारित क्या।

सभापति महोदय : अब आपका समय समाप्त हो रहा है।

श्रीमती आभा महतो : मुझे दो मिनट का समय और दिया जाये।â€¦(व्यवधान) शिक्षा और रोजगार के बारे में बातें आई हैं। मैं दुख के साथ कहना चाहती हूं कि वहां बहुत सारे उद्योग-धंधे और शिक्षण संस्थान हैं, लेकिन उनमें 98 प्रतिशत â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : यह ठीक बात नहीं है। अब आप समाप्त कीजिए। आपके चीफ व्हिप का पत्र मेरे पास है। उसमें समय भी अंकित है। मैं नहीं चाहता कि इसको पढ़ दूं। महिला सदस्य होने के नाते आपको पहले ही ज्यादा समय मिल गया है।

श्रीमती आभा महतो : सभापति महोदय, मैं आपसे आग्रह करना चाहती हूं कि आप बस दो मिनट मुझे और बोल लेने दीजिए।â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : आप एक मिनट में खत्म कीजिए।

श्रीमती आभा महतो : रोजगार और शिक्षा के बारे में स्थिति यह है कि वहां इतनी इंड्स्ट्रीज, इतने उद्योग लगे, लेकिन करीब 98 प्रतिशत यानी अधिकतम ऊंचे पदों पर और 95 प्रतिशत छोटे पदों पर बिहार के लोग आसीन हैं। वहां इंजीनियरिंग और मेडीकल के जितने शिक्षण संस्थान हैं, वहां आज भी हमारे झारखंडी लोगों को एडमीशन नहीं मिलता है। आज भी उनकी अधिकाधिक संख्या वहां पर पदस्थापित है। योजना के बारे में मैं कहना चाहती हूं कि जो पैकेजâ€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : अब आपका समय समाप्त हो गया।

श्रीमती आभा महतो : हमारे यहां जो योजना का पैसा जाता है, उसको भी पूर्णत्या खर्च नहीं किया जाता है। आज वहां से जो पैकेज की मांग आई है, मैं कहना चाहती हूं कि उसके लिए कोई योजना उनके पास है क्या? हमारे उड़ीसा के कुछ भाई कह रहे हैं कि सरायकेला खरस्वां को उड़ीसा में शामिल कर दिया जाये। लेकिन सरायकेला खरसंक के लोग उड़ीसा में मिलना नहीं चाहते हैं। मैं आपको इसका उदाहरण दे सकती हूं। 1991 की जनगणना मेंâ€¦(व्यवधान) मैं कुछ ऐतिहासिक पहलू रख रही हूं। 1991 की जनगणना के मुताबिक सरायकेला खरस्वां के क्षेत्र में 7-8 प्रतिशत उड़िया भाषी लोग हैं। सरायकेला खरसंवा लोक सभा क्षेत्र अनुसूचित जन जाति का आरक्षित क्षेत्र है।

हमारे आदिवासी साथियों के साथ वे सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते आए हैं।â€¦(व्यवधान) मैं इस विधेयक का समर्थन करती हूं और अंत में यही कहना चाहती हूं कि रांची हमारी राजधानी होगी। वहां राजभवन है, हाई कोर्ट है, सचिवालय है और आफिस भी है इसलिए कोई दिक्कत नहीं है। भाषण के अन्त में यही करना चाहूंगी ।

कब से छोड़ी मथुरा नगरी, कब से छोड़ा काशी,

झारखंड में विराजो हे वृंदावन के वासी।

कुमारी मायावती : माननीय सभापति जी, बिहार पुनर्गठन विधेयक, 2000 को आज माननीय गृह मंत्री जी ने चर्चा के लिए सदन में रखा है। इस विधेयक का मैं अपनी पार्टी की ओर से पुरजोर समर्थन करती हूं। बिहार में जो नया राज्य बनने जा रहा है झारखंड के नाम से, उस क्षेत्र में अनुसूचित जाति के साथ-साथ उनसे भी ज्यादा तादाद में अनुसूचित जनजाति के लोग रहते हैं। वैसे तो समाज के हर वर्ग के लोग वहां रहते हैं, लेकिन आदिवासी समाज वहां पर काफी तादाद में रहता है। झारखंड क्षेत्र में आदिवासी समाज को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए स्वाभिमान की जिंदगी बसर करने के लिए बिरसा मुण्डा का जो आंदोलन रहा, वह भी किसी से छिपा नहीं है। उनसे प्रेरित होकर झारखंड के लोग, खास तौर से आदिवासी लोगों में स्वाभिमान की भावना पैदा हुई। अपने कुछ अधिकारों के प्रति जागरुकता पैदा हुई। उन्होंने अपने बारे में सोचा कि बिहार राज्य के झारखंड क्षेत्र में काफी तादाद में ये लोग रहते हैं, ये लोग बड़े पैमाने पर पिछड़े हुए क्यों हैं। उन्होंने इन सारी चीजों के बारे में सोच-विचार कर उस क्षेत्र के अन्य लोगों ने भी झारखंड अलग से राज्य बनना चाहिए, इसके लिए काफी संघर्ा किया। खुशी की बात है कि काफी जद्दो-जहद के बाद बिहार विधान सभा में झारखंड अलग से राज्य बनना चाहिए, इस सम्बन्ध में विधेयक पास हुआ। हमारी पार्टी ने भी विधान सभा में पुरजोर समर्थन किया। बिहार विधान सभा में झारखंड अलग से राज्य बनना चाहिए, यह विधेयक जब पास होकर भारत सरकार के पास आया तो भारत सरकार इस विधेयक को जल्दी पास करे, इसके लिए भी हमारी पार्टी ने झारखंड में काफी कोशिश की। इतना ही नहीं, बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में झारखंड से आदिवासी लोग चलकर दिल्ली आए और पिछले साल संसद के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन यानी 23 दिसम्बर को उन्होंने संसद के बाहर धरना दिया और प्रदर्शन किया कि झारखंड राज्य जल्दी बनाया जाए। खुशी की बात है भारत सरकार ने झारखंड क्षेत्र के लोगों की तरफ ध्यान दिया और आज इस विधेयक को सदन में चर्चा के लिए और पारित कराने के लिए रखा।

इस क्षेत्र के लोग जो लम्बे अर्से से संघर्ा कर रहे थे कि उनका अलग से राज्य बने, यदि आज यह विधेयक पास हो गया तो उनको काफी खुशी होगी। बहुजन समाज पार्टी को भी इसकी काफी खुशी होगी।

लेकिन जब झारखंड राज्य अलग से बनने के लिए जा रहा है तो मेरा आपके माध्यम से सरकार से कहना है कि जिस मकसद से झारखंड राज्य बनने जा रहा है, उस मकसद की तरफ केन्द्र की सरकार को भी और जो झारखंड राज्य की नई सरकार बनेगी, उसे भी उसके विकास की तरफ ध्यान देना होगा। उस क्षेत्र में जो अनुसूचित जाति के लोग हैं, आदिवासी लोग हैं, पिछड़े वर्ग के लोग हैं, वे काफी दबे हुए लोग हैं और जब भी नयी सरकार बनती है, मेरा यही कहना है कि आदिवासी समाज के मनोबल को बढ़ाने के लिए यदि किसी भी पार्टी की सरकार बनती है तो आदिवासी समाज के व्यक्ति को वहां का मुख्य मंत्री बनाया जाये। इससे उस क्षेत्र के आदिवासी समाज का मनोबल बढ़ेगा और यदि नहीं बनाया गया तो बहुजन समाज पार्टी की अपनी कोशिश रहेगी कि आज नहीं तो कल उस क्षेत्र को तैयार करेगी। जिस दिन झारखंड क्षेत्र तैयार हो जाएगा, यदि दूसरी पार्टियों ने आदिवासी समाज को लाने नहीं दिया लेकिन बहुजन समाज पार्टी आज नहीं तो कल झारखंड क्षेत्र को तैयार करेगी। आदिवासी समाज के किसी व्यक्ति को अपनी पार्टी की ओर से जरूर मुख्य मंत्री बनाएगी और इस प्रकार आदिवासी समाज की आकांक्षाओं को जरूर पूरा करेगी। मै एक-दो बातें और कहना चाहती हूं। जब नया राज्य बनने के लिए जा रहा है, जो भी विधान सभा की सीटें उधर तय की हैं, उसमें अनुसूचित जाति की वर्तमान जनगणना के आधार पर लोक सभा और विधान सभा में आरक्षण का कोटा पूरा होना चाहिए। केन्द्रीय सरकार की ओर से अनुसूचित जाति, जनजाति को अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए जो भी कानून बने हैं, उस राज्य में सख्ती से इम्प्लीमेंट होने चाहिए। इस नये राज्य के विशेा पैकेज की बात हुई है, हालांकि बिहार राज्य के जो जिम्मेवार लोग हैं, एम.पी. हैं, उन्होंने कहा कि जब बिहार में नया राज्य झारखंड के नाम से बनने जा रहा है तो केन्द्र सरकार ध्यान दे रही है और विशेा पैकेज की व्यवस्था करेगी लेकिन केन्द्र सरकार को बिहार की तरफ ध्यान देना चाहिए क्योंकि बिहार राज्य काफी पिछड़ा हुआ है। उसके पिछड़ेपन को ध्यान में रखते हुए उसे विशेा पैकेज दिया जाये। हमें कोई एतराज नहीं होगा यदि बिहार को भी विशेा पैकेज दिया जाएगा। लेकिन झारखंड जो अलग राज्य बनने के लिए जा रहा है, बहुत पिछड़ा हुआ है, उस क्षेत्र की काफी उपेक्षा हुई है। वहां पर प्राकृतिक संसाधनों, खनिज पदार्थों की कमी नहीं है। लेकिन वहां पर सारी चीजों को पैदा करने वाले और इंडस्ट्री में काम करने वाले दबे कुचले लोग हैं लेकिन उसका फायदा उस क्षेत्र की जनता को नहीं मिला है। यही मुख्य वजह थी कि जनता के मन में आया कि झारखंड अलग राज्य बनना चाहिए। यह वहां की जनता की काफी लम्बे समय से आकांक्षाएं हैं जो जरूर पूरी होंगी। दो राज्य बन चुके हैं। उत्तरांचल और छत्तीसगढ़ दो विधेयक पास हो चुके हैं और आज बिहार में झारखंड के नाम से विधेयक पास होने वाला है लेकिन तीन विधेयकों के पास होने के बाद मैं समझती हूं कि पूरे देश में ऐसे बहुत से प्रदेश हैं जिनकी अलग नये राज्य बनाने के लिए मांगें उठेंगी। यहां एक माननीय सदस्य बैठे हैं, वह बोडोलैंड के बारे में काफी स्टडी कर रहे थे और कई बार मुझे लगता है कि स्पीकर महोदय के चैम्बर में भी गये हैं।

उनकी अपनी मांग है कि बोडोलैंड बनना चाहिए। मैं समझती हूं कि इस से छोटे राज्य बनाने की मांगे पैदा होगी। इसके लिए केन्द्र की सरकार को भौगोलिक स्थिति के आधार पर और जनसंख्या के आधार पर को मापदंड तय करना चाहिए कि इस आधार पर नया राज्य गठित होगा। यदि केन्द्र की सरकार ने नए राज्य को बनाने के लिए कोई मापदंड तय नहीं किया, तो आपके लिए नई समस्यायें खड़ी हो जायेगी। हम इन तीन राज्यों के गठन से खिलाफ नहीं है। हमने इस विधेयक का समर्थन किया है, लेकिन इसके बाद और भी अन्य प्रदेशों में नए राज्यों को बनाने की आवाजें उठेंगी और सरकार उन आवाजों को दबा नहीं पाएगी। उन राज्यों की एसेम्बलीज़ प्रस्ताव पास करेंगी कि अमुक राज्य अमुक स्टेट में बनना चाहिए। देश में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा राज्य है, जहां 425 विधान सभा की सीटें है। उतरांचल की 22 सीटें निकल जाने के बाद 423 सीटें शेा रह जायेंगी और फिर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग मांग करेंगे कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अलग से राज्य बनना चाहिए। इसी प्रकार बुन्देलखण्ड के लोग, पूर्वांचल के लोग भी चाहेंगे कि अलग से राज्य. बनना चाहिए। बहुजन समाज पार्टी छोटे राज्यों के गठन के खिलाफ नहीं है, छोटे राज्यों के पक्ष में है और यदि उत्तर प्रदेश के पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुन्देलखण्ड और पूर्वांचल नाम से टुकड़े होते हैं, तो हम उसके खिलाफ नहीं है, हम उसके पक्ष में हैं। ऐसी स्थिति में केन्द्रीय सरकार को कोई मापदंड तय करना होगा कि भौगोलिक स्थिति के आधार पर, जनसंख्या के आधार पर हमारा यह क्राइटेरिया होगा। यदि यह क्राइटेरिया पूरा होता है, तब केन्द्र की सरकार इस सदन में विधेयक को पेश करेगी और नया राज्य बनाने की संस्तुति देगी। ये तीनों विधेयक पास होने के बाद पूरे देश में जिन राज्यों में लम्बे समय से मांग चल रही है कि अलग राज्य बनना चाहिए, वे आवाजें उठेंगी। इसलिए केन्द्रीय सरकार को राट्रीय स्तर पर कोई राट्रीय नीति बनानी होगी। नए राज्यों को बनाने के लिए राट्रीय नीति तय करनी होगी, मापदंड तय करना होगा, ताकि उस मापदंड के आधार पर नए राज्यों का गठन हो सके। मैं एक बात और कहना चाहती हूं, हालांकि आपको इस बात की जानकारी होगी। भारतीय संविधान के निर्माता परमपूजनीय बाबासाहिब अम्बेडकर, जिनका इस देश के संविधान को बनाने में योगदान रहा है, का ध्यान उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश की तरफ नहीं था, बल्कि पूरे राट्र के बारे में निश्चित था। पूरे देश में जितने भी राज्य हैं, जिन राज्यों में आबादी काफी है, क्षेत्रफल काफी ज्यादा है, उनके बारे में बाबासाहिब अम्बेडकर का मानना था कि जिन राज्यों की भौगोलिक क्षेत्रफल काफी फैला हुआ है, आबादी बहुत ज्यादा है, उधर नए राज्य बनने चाहिए, नहीं तो उस क्षेत्र का विकास नहीं हो पाएगा। मुझे मालूम है, मैं उत्तर प्रदेश की मुख्य मंत्री रही हूं, मैंने जब उत्तर प्रदेश में बड़े जिलों को काटकर नए जिले बनाए, तो बहुत सी पार्टियों ने उसका विरोध किया था कि इससे राज्य का बंटवारा होगा और राज्य को टुकड़े होंगे। आज जब नए राज्य बन रहे हैं, छोटे राज्य बन रहे हैं, जिन पार्टियों ने उत्तर प्रदेश में विरोध किया, वे पार्टियां आज प्रचार कर रही हैं कि उत्तर प्रदेश का बंटवारा हो रहा है। मैं समझती हूं कि इससे देश का बंटवारा नहीं होगा, देश का कोई हिस्सा दूसरे देश में नहीं जा रहा है। हमारे देश में कोई बड़ा राज्य है, उस बड़े राज्य के विकास में एक एडमिनिस्ट्रेटर या मुख्य मंत्री या कैबिनेट पूरा ध्यान नहीं दे पा रही है और उस क्षेत्र की जनता अपने को अविकसित महसूस कर रही है और मांग करती है कि नया राज्य बनना चाहिए, तो मैं समझती हूं कि उस क्षेत्र के विकास के लिए यदि छोटा राज्य बनता है, तो बहुजन समाज पार्टी उसका समर्थन करेगी।

बहुजन समाज पार्टी छोटे राज्यों की पक्षधर है। छोटे राज्यों के बनने से देश का बंटवारा नहीं होगा, इससे देश की एकता और अखंडता को कोई खतरा नहीं होगा। आज यह तीसरा विधेयक है, इसके बाद और कोई विधेयक जल्दी से नये राज्यों को बनाने वाला नहीं आने वाला है। यहां गृह मंत्री जी होते तो मैं उन्हें जरूर बताती, लेकिन अन्य मंत्री यहां बैठे हुए हैं, सभापति जी, आपके माध्यम से मेरा उनसे कहना है कि आप इस पर जरूर सोच-विचार करें।

महोदय, मैं एक बार फिर इस बात को रिपीट करती हूं कि जो और राज्यों में नये राज्य बनाने की मांग उठ रही है, वह दबेगी नहीं। इसलिए आपको राट्रीय स्तर पर

कोई राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए और नये राज्यों को बनाने के लिए कोई मापदंड तय करना चाहिए ताकि सही प्रकार से नये राज्यों के गठन करने में निर्णय लिया जा सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए, बिहार में जो झारखंड राज्य अलग से बनाने जा रहे हैं, इस विधेयक का मैं अपनी पार्टी की ओर से पुरजोर समर्थन करती हूं।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Mr. Chairman, Sir, I have given a notice that I will also be speaking in between in Oriya.

Firstly I would like to draw the attention of my friends who are sitting here on my left. The NDA Government has brought this Bihar Reorganisation Bill. I have my friends who are sitting on this side. Prof. Dukha Bhagat is here. *Behan* Abha Mahto is here. Shri Karia Munda is here. A very close friend, Shri Salkhan Murmu is also here. I would like to draw the attention of this House that it was Shri Murmu who raised it in the Ranchi High Court when the Jharkhand issue had been totally relegated to the background and a direction was given. He is a resident of Mayurbhanj of Orissa. A number of people have agitated for the cause of Jharkhand and I have full sympathy and support for it. There is no doubt about it.

Biju Janata Dal is not against the creation of Jharkhand. Repeatedly, one of my colleagues, Shri Prasanna Acharya, at the time of introduction of this Bill, had categorically stated that our Party, a member of NDA, is not against the formation of Jharkhand State. That is why, in the NDA manifesto, it was clearly mentioned about the formation of Vananchal in Bihar, Chhattisgarh in Madhya Pradesh, and Uttaranchal in Uttar Pradesh, and it was also mentioned by no less a person than the President of this country. But when this Bill was being prepared, was it discussed among the NDA constituents? I want to make it very clear. I am not mentioning about the Cabinet. Was it discussed with BJD? It was not done.

A number of questions have arisen in this House as to why you did not raise it for the last 45 years and why you are raising it now.

One of my colleagues had clearly mentioned it during the introduction of this Bill that there was no scope to raise this issue. Where was the forum? After 1956, after the State Reorganisation Commission's report was accepted by a Congress Government, where was the scope? Where could we, the people of Orissa, have raised this issue? Where could the people of Saraikela and Kharswan have raised this issue? There was no forum. A forum has been created now by the introduction of this Bill. That is why, we have given certain amendments with a request to this august House that you please send it to a Select Committee for reconsideration.

I want to ask my friends sitting on my left. I will come to my friends sitting on my right later on. Everybody knows that Orissa is being run by us. It is a coalition Ministry. BJP is there as its partner participating in the administration. BJD is heading that Ministry. The Cabinet took a decision. Both the BJP and BJD have said that they will strive to get Saraikela and Kharswan. An all-party meeting was conducted in Bhubaneshwar. In that meeting, the Congress was there; the BJP was there; the BJD was there; and the Communists were there. They passed a unanimous Resolution that they would strive for Saraikela and Kharswan. Later on, the Orissa Legislative Assembly has passed a unanimous Resolution. That Resolution was given to the hon. Home Minister by two Cabinets Ministers of the Centre, one MoS and a State Unit President of BJP.

But I was totally taken aback when no mention was made about this Memorandum, or perhaps, the Home Minister thought it fit not to mention at the time of introduction. Where is the scope? You did not discuss it in the NDA. Why did you allow the people of your Party to pass a Resolution there in the Cabinet, in the all-party meeting and in the Assembly? Here, as we all know, as the constituent of NDA, we are piloting this Bill.

Now I come to the friends sitting on my right. The Congress Government in 1948 and 1949 took a decision that Saraikela and Kharswan are integral part of Singhbhum. If at all Saraikela and Kharswan are to be given to Orissa, then the whole of Singhbhum should go. In 1953, when the SRC was formed, a number of petitions were given. Before that, in the Constituent Assembly also, a number of petitions were given. In 1956, the Chairman of that Committee, Justice Faizal Ali clearly made a note that he would not be a party to this decision. This was the past history, dating back to some 50 years. I was not born then. A number of my friends sitting here in this House were not born then. But still then we keep close to our heart the betrayal of 1949 and 1956.

> I would remind this House about a little bit of history. Ashoka had conquered Kalinga some 2000 years back. But that was also avenged after 300 years of that conquer.

I would also remind my friends that when Sardar Patel was heading the Home Ministry − it was called the Ministry of States − at the time of amalgamation of the Princely States he mentioned :

> "Centuries ago, it was the proud privilege of Challenge to arouse awakening in a great monarch, who became in course of time not only a great and wise sovereign and suzerain, but also a great guide, friend and philosopher of his people. Few had dreamt and none had imagined that it would from the same land

that will start revolutionary change which would achieve for India the same measure of unity and strength and security which India had obtained under the distinguished ruler, Ask."

After 53 years of Independence what has happened in Saraikela and Kharswan? My friend Shri Kanungo has narrated some difficulties of the people of Saraikela and Karswan. There are reports -- I do not know how Bahen Abhaji says that just six to seven per cent of Oriya-speaking people are there, I do not know that -- but I think if somebody is interested to go into the factual details of the Census Reports, not only of 1911, l92l, l93l, l95l, l97l but also of 1981, there it is clearly mentioned that in Saraikela block, out of the total population of 76,ll7 in l97l Oriya speaking people are l8,493. In 1981 it was l4,275. It is coming down.

In Kharswan block, out of a population of 50,l09 Oriya-speaking people are 21,530. The population has grown in l98l but the number of Oriya-speaking people has come down to l9,000. In Govindpur which is now called Rajnagar, the population is 79,997 and the Oriya-speaking people are l6,000. The population has grown to 82,000 in 1981 and the number of Oriya-speaking people has come down to l5,722. Why is it so?

Has anyone cared to intervene, cared to inquire why the Oriya-speaking population is coming down in these two blocks or three blocks as has been mentioned in the Memorandum? Why is it coming down and where are the schools? There are reports that in 1947-48, there were l500 primary Oriya schools. Have you added any one school to that within the last 53 years of your occupation? The commitment was given by no less a person than Shri Srikrishna Sinha, the then Chief Minister that all protection would be given to the Oriya-speaking people. Have you added any one school? Rather a number of schools have been closed down.

Have you added a single room to the Oriya High Schools? Rather most of the schools have been dilapidated and have been broken down. Have you added any Oriya teacher to those schools? Rather, you have put some other teachers.

This is the basic problem which is pinching us. We are not against the creation of Jharkhand but you are not protecting the interests of the people whom you have taken charge of for the last 50 years and they are flying away. They are coming back to Orissa and it is a genuine demand of the people of Orissa to claim that the commitment that you had made 53 years ago -- or 50 years ago or 52 years ago and 44 years ago -- has not been fulfilled.

*Mr Chairman, Sir, we know that in this House we will not get justice in our favour. We know that the Congress Government hatched a conspiracy against us about 50 years ago in an unjust manner. Seraikela and Kharsuan were forcibly taken away from us. No attention was paid to our genuine argument and submission. A great injustice has been done to us.

* Translation of the speech Originally delivered in Oriya.

स्भापति महोद्य : अब आप कन्कलूड करें। आपकी पार्टी के अन्य माननीय सद्स्य भी बोलना चाहते हैं।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : Sir, I will take just one minute and not more than that. Today, the only claim that we have is: please give us a forum so that you can listen to our cause. You are just rushing through the Bills. You have rushed through the Chhattisgarh Bill; you have rushed through the Uttaranchal Bill and today you are rushing through the Jharkhand Bill. Where is the scope? We do not have time to say all these things. That is why, I am again pleading before everyone. The Congress Party has not issued a whip to vote in favour of this Bill. But how many Congress Members are here now? They have attended the all-Party meeting in Orissa and passed a Resolution in the Assembly. But we have only two Members of Congress from Orissa now. I do not know what they are going to do. ...(*Interruptions*)

स्भापति महोद्य : चेयरमैन की अनुमति के बिना आप बोल रहे हैं, कृपया बैठिये।

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): You do not bother about us, you think of your Party.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB : The Congress and the B.J.P. are all-India parties as Shri Mulayam Singh Yadav has said. When you think of the nation, you think differently; when you sit in a State, you think differently. Why is this dual policy? This is a question which you have to answer to the people of Orissa.

Sir, with these few words, I conclude.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): There is no question of any dual policy made by the BJP in Orissa. Our Party also passed a Resolution to carve Vidharbha out of Maharashtra. But since this Resolution was not passed unanimously by the Maharashtra Assembly, we had to abandon the idea. Just like that though we want Saraikela

and Kharsuan, we also want this Bill to be passed. ...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please sit down. Nothing will go on record.

*(Interruptions) â€¦ **

** Not recorded*

श्रीमती कान्ति सिंह (बिक्रमगंज): स्भापति महोद्य, बिहार पुनर्गठन विधेयक, 2000 इस सदन में आया है, मैं उसका समर्थन करती हूं। मैं बिहार की मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी और हमारे दल के राट्रीय नेता श्री लालू प्रसाद जी को बधाई देती हूं कि उन्होंने यह विधेयक विधान्स्भा से पारित कराकर केन्द्र को भेजने का काम किया।

स्भापति महोद्य, सरकार जो विधेयक लाई है, उसमें उसकी नीयत स्पट नहीं है। अगर सरकार की नीयत स्पट होती तो बिहार सरकार द्वारा विधेयक में जो स्ंशोधन लाये गये थे, उसको इस सदन में लाती। मुझे यह बात भी समझ में नहीं आती कि बिहार विधान्स्भा द्वारा किये गये स्ंशोधनों में ऐसी कौन सी अलोकतांत्रिक बातें थीं जिसे केन्द्रीय सरकार ने शामिल नहीं किया। मुझसे पूर्व श्रीमती आभा महतो और श्री थाम्स हंसदा जी तथा तमाम लोगों ने कई बातें कहीं।

19.52 hrs. (SHRI P.H.PANDIYAN in the Chair)

हम लोग समझते हैं कि अगर आज झारखंड राज्य बन जाता है तो वहा के लोगो के बीच दीवाली और होली मनायी जायेगी। लेकिन मेरी समझ में यह बात नहीं आती है कि बिहार का बंट्वारा हो रहा है और द्स करोड़ की आबादी वाला बिहार में से निकालकर तीन करोड. आबादी वाले जो झारखंड राज्य बन रहा है उसमें 18 जिलों को लाया जा रहा है और इन 18 जिलों में 81 विधान स्भा क्षेत्र आते हैं। इन 81 विधान स्भा क्षेत्रों में 30 जनजाति के लिए और सात सीटें अनुसूचित जाति के लिए और 44 सीटों का सामान्य वर्ग के लिए प्रावधान किया गया है। 30 सीटें जनजाति और सात सीटें अनुसूचित जनजाति दोनों मिलकर 37 सीटें होती हैं और सामान्य वर्ग की 44 सीटे इसमें आती हैं। वहां के लोग चाहते हैं कि यह झारखंड आदिवासी राज्य बने। जिन की सोच में आदिवासियों का आज तक शोाण होता आया है, उनकी सरकार बने। यदि आज झारखंड राज्य बनता है तो किस तरह से झारखंड सरकार में आदिवासी व्यक्ति मुख्य मंत्री बनेगा। हम यह जरूर चाहते थे कि झारखंड राज्य बने, लेकिन हम चाहते थे कि झारखंड राज्य सही तरीके से बने। चूंकि झारखंड राज्य में जितनी माइन्स हैं, मिनरल्स हैं, चाहे वह स्टील हो, खनिज हो जितनी भी 17-18 बडी-बडी इंड्स्ट्रीज हैं, आज उनकी क्या स्थिति है। कोयले का क्षेत्र लीजिए, जो झारखंड राज्य बनने जा रहा है, उस इलाके में आप देखिये, सारी कोयले की खदाने घाटे में जा रही हैं। चाहे सी.सी.एल हो, या बी.सी.सी.एल. हो, या राजमहल का एरिया हो, राजमहल में थोड़े बहुत फायदे है। लेकिन अगर वह ई.सी.एल. में लिया जाता है तो वह भी घाटे में चली जा रही है। जब तक वहां की खदानों की अधिक स्थिति सही न हो जाए, क्योकि वहां वी.आर.एस. लागू करके मजदरो को हटाने की बात की जा रही है। इस तरह से जो झारखंड राज्य बनेगा, वह किस तरह से सुदृढ राज्य बन पायेगा। क्या वहां के आदिवासियों को राज्य में सही तरीके से प्रातिनिधित्व मिल सकेगा है। वहां बोकारो का स्टील कारखाना है, वह भी घाटे में जा रहा है। हमारे मन में एक शंका है कि जो झारखंड राज्य बन रहा है और वहां जो हमारी खदाने हैं, उनकी आर्थिक स्थिति को यह किस तरह से सुधारने का काम करेंगे।â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Member, you are not supposed to read papers in the House.

श्रीमती कांति सिंह : क्योंकि अभी देखा जा रहा है कि केन्द्र सरकार के पास 88 हजार करोड़ रुपया ऋण देय से दिया जा रहा है, यानी की बजट का 26 प्रतिशत सूद में दिया जा रहा है और जो यह झारखंड अलग राज्य बन रहा है, केंद्र सरकार उसे किस प्रकार से मजबूत करेंगी।

स्भापति महोद्य, दूसरी ओर आप देखें कि हमारे बिहार में करीब 7,25 हजार हैक्टेयर ऐसी जमीन है जो हमेशा पानी में डूबी रहती है और 13 लाख हैक्टेअर में मात्र एक फसल हो पाती है। जैसा कि हमारे पूर्व वक्ताओं ने कहा है कि वहां कितनी ही चीनी की मिलें बंद हो चुकी हैं और जो बाकी द्स मिलें बची हैं, उनकी वित्तीय स्थिति भी अच्छी नहीं है। आज यदि हम बिहार को दो भागों में बांटकर अलग झारखंड राज्य बनाते हैं तो जो बिहार पर 31 हजार करोड़ रुप्ये का कर्ज है वह किस तरह से देने का काम किया जायेगा। क्योंकि हमें इस बात की आशंका है कि जो 31 हजार करोड़ रुप्ये का कर्ज है कहीं वह जो बिहार इधर रह रहा है, उधर तो नहीं दे दिया जायेगा या फिर झारखंड के नये राज्य को तो नहीं दे दिया जायेगा। यदि इनका मन साफ है तो जो 31 हजार करोड़ रुप्ये का ऋण है, उस ऋण को माफ किया जायेÂºÉä

क्योंकि जब केन्द्र में प्रधान मंत्री इंद्र कुमार गुजराल थे तो उन्होंने पंजाब का 12,500 करोड़ रुपया माफ किया था जबकि पंजाब धनाढ्य राज्य है। सभी जानते हैं कि बिहार गरीब राज्य है तो क्या केन्द्र सरकार उसके ऋण को माफ करने जा रही है? उसके बाद मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारे यहां की जो माइन्स हैं, खास तौर पर हमारे नजदीक की कांस्टीट्यूएंसी में जो PPCL पाइराइट्स की माइन्स हैं, उन्हें भी दो साल से बंद कर दिया गया है जबकि हर तरह की सुविधा उसमें उपलब्ध है और कहा जा रहा है कि पाइराइट्स को निकालने में कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन ज्यादा पड़ती है इसलिए उसे बंद कर दिया जाए। शो बिहार में फिर हमारे पास क्या बचेगा? वहां के हजारों गरीब उसमें नौकरी करते हैं, यह उनकी रोज़ी-रोटी का सवाल है। मैं आपको यह भी बताना चाहती हूं कि उत्तर बिहार में लग्भग 11 मिलियन हैक्टेयर कृषि भूमि चूने से युक्त है, वहां कैलकरियस मिट्टी में है। इसमें से 2.3 मिलियन हैक्टेयर लवणी भूमि है।

â€¦(व्यवधान) मैं राजनीति शास्त्र में एम.ए. हूं फिर भी नहीं बताती। मैं सिर्फ पॉइंट्स बता रही हूं। यह लवणी भूमि अनुत्पादक है और उनकी उत्पादकता को 2.5 से 3 मीट्रिक टन प्रति हेक्पाटेयरइराइट्स का प्रयोग करके सुधारा जा सकता है। कलकेरियस भूमियो में गंधक की भी कमी होती है। कृषि श्रेणी से पाइराइट्स का प्रयोग इस भूमि में सुधार हेतु गंधक उर्वरक के पूरक के रूप में भी प्रयोग किया जा सकता है। â€¦(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Let there not be any cross talk.

...(*Interruptions*)

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : एम.ए. पास लोग क्या ऐसे पढ़ते हैं?

MR. CHAIRMAN : Shri Thawar Chand Gehlot, you are not supposed to speak like that. Please observe the rules. Kindly do not interrupt.

श्रीमती कान्ति सिंह : स्भापति महोद्य, हमारे यहां जो PPCL पाइराइट्स की खानें हैं, और पाइराइट्स के माध्यम से सोनगंगा खाद बनती है, उसको सल्फरयुक्त बनाने के लिए 19 करोड़ रुप्ये की आवश्यकता है। हमारे वित्त मंत्री यहां बैठे हैं। मैं उनका ध्यान आपके माध्यम से अपनी ओर आकर्षित करना चाहती हूं

कि कम से कम हमारे यहां की जो PPCL खदान है, उस पर आप विशे रूप से ध्यान दें। हमारे यहां पूरा उत्तर बिहार पानी में डूबा रहता है और हर बार सदन में इस तरह के स्वाल उठाए जाते हैं कि नेपाल की सरकार और भारत की सरकार आप्स में बात करे, कोई सुनिश्चित योजना बनाए ताकि हर साल जो बाढ़ आती है, उसे रोका जा सके।

अंत में यह कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करना चाहती हूं कि अगर इनकी मंशा साफ है तो हमारे बहुत सारे प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार में लंबित हैं, उन प्रोजेक्टों को शीघ्र यहां से कार्यान्वित करते हुए भेजने का काम करें। जैसे कद्वनजला परियोजना है, सोन नहर आधुनिकीकरण योजना है, दुर्गावती जलाशय योजना है, पुनपुन सिंचाई योजना है, जमनिया पंप नहर योजना है, उत्तरी कोइल जलाशय योजना है, स्वर्णरेखा परियोजना है, कोना सिंचाई परियोजना है, पश्चिमी कोसी नहर योजना है, बटेश्वर स्थान पंच नहर योजना है, अपर क्यूल जलाशय योजना है, पुनासी जलाशय योजना है, अरज बैराज योजना है, ये सब योजनाएं केन्द्र सरकार में लंबित हैं।â€¦(व्यवधान)

20.00 hrs.

आपने सारे देश को गिरवी करके रखा हुआ है। यहां तक कि आप दूध भी बाहर से लाने वाले हैं। â€¦(व्यवधान) आपके यहां के लोग कहां जायेंगे।

सभापति महोदय, इसलिए मैं बिहार राज्य और झारखंड राज्य, दोनों राज्यों के लिए विशे पैकेज की मांग करती हूं क्योंकि अगर झारखंड भी बनेगा तो उसका भी विकास होना चाहिए। वहां के लोगों को रोजगार मिलना चाहिए। इसके अलावा केन्द्र सरकार की मंशा वहां कोयले के माइन्स को जो बेच देने की है, उस पर यहां से रोक लगाने की जरूरत है। मैं यह भी कहना चाहती हूं कि झारखंड राज्य में केवल मात्र 26 प्रतिशत ही आदिवासी लोग हैं और बाकी सामान्य वर्ग के लोग हैं। अगर झारखंड राज्य बनता है तो यह सिर्फ उनके अपने स्वार्थ के लिए ही बनेगा। अगर आप चाहते हैं कि वहां आदिवासियों का राज्य हो तो आज सदन में गृह मंत्री या वित्त मंत्री इस बात का ऐलान करें कि झारखंड में अगर कोई मुख्यमंत्री बनेगा तो वह आदिवासी बनेगा। इसके अलावा जो कैबिनेट बनेगी, उसमें भी 70 प्रतिशत आदिवासियों को प्रतिनिधित्व दिया जाये। मैं केन्द्र सरकार से मांग करती हूं कि हम लोगों का बिहार विधान सभा से संशोधित विधेयक में अतिरिक्त पैकेज देने की बात है, उस 1,79,900 करोड़ रुपये की मांग करते हुए मैं बिहार पुनर्गठन विधेयक का समर्थन करती हूं। जयहिन्द।

श्री राजो सिंह (बेगुसराय) : सम्मानीय सभापति जी, बिहार पुनर्गठन विधेयक, 2000 सदन के सामने विचार के लिए प्रस्तुत किया गया है। जब हम इसको पास कर देंगे तो धारा तीन के अनुकूल यह झारखंड राज्य हो जायेगा। गृहमंत्री जी यहां नहीं हैं लेकिन गृह राज्य मंत्री जी यहां हैं। जिन मंत्री जी से हमको बात करनी थी, वे मौजूद हैं। हमारे राज्य के यशवन्त बाबू वित्त मंत्री हैं। हमारे साथियों ने मिला-जुला प्रदर्शन किया। सभी ने एक स्वर से आपका समर्थन किया लेकिन पता नहीं कृतघ्न शब्द अनपार्लियामैंट्री है या पार्लियामैंट्री है जो आपने सोनिया जी को धन्यवाद नहीं दिया। â€¦(व्यवधान) रघुनाथ जी, यहां से बिल राज्य सभा में जायेगा। अगर सोनिया जी का व्हिप नहीं होगा तो राज्य सभा में आपके सारे बिल गिर जायेंगे। â€¦(व्यवधान) आप कहां हैं? जब धनुा यज्ञ होने लगा और सभी लोगों ने धनुा को नहीं तोड़ा तो जानकी और जनक ने कहा कि

तजो वास निधि निज गिरि जाहू,

लिखा न विधि बय जे हित जाहू।

जनक को चिन्ता थी कि धनुा नहीं टूट रहा और जानकी को चिन्ता थी कि मैं कुंवारी रह जाऊंगी। मेरी शादी नहीं होगी। अगर कांग्रेस आपको समर्थन नहीं करती तो आप कुंवारे रह जायेंगे।â€¦(व्यवधान) इसलिए आपकी हिम्मत नहीं है।â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय के माध्यम से मैं आभा जी को संबोधित करना चाहता हूं कि गत वर्ा जब बिल आया था तब आप बहुत दुखी थी, परेशान थी। आप इसलिए परेशान थी क्योंकि बिल पेश नहीं हो सका था। मैं मानता हूं कि आपकी परेशानी स्वाभाविक थी लेकिन आपने कांग्रेस को धन्यवाद नहीं दिया। आपने सोनिया जी को धन्यवाद नहीं दिया।â€¦(व्यवधान) जरा अपने लोगों से पूछिये। रघुनाथ बाबू जी से पूछिये। रघुनाथ बाबू जी ने इतिहास बताना शुरू किया था। â€¦(व्यवधान)

आप भी हैं। आपने कह दिया, आप अपने राम जीवन बाबू से पूछिए। मैं फिगर्स में नहीं जाना चाहता। राम जीवन बाबू ने जो फिगर दी है, वह फिगर प्रमाणित करती है कि बिहार की जो भी सरकारें रहीं, उन्होंने झारखंड क्षेत्र का नुक्सान नहीं किया, फायदा किया। वित्त मंत्री जी, राम विलास बाबू और आप दोनों तो मिले ही हुए हैं, कभी हमारी बात भी सुन लीजिए। अनुसूची 9 और 10 देखिए। आपने जो बिल बनाया है, यह सारे संशय किसने खड़े किए थे, कहां खड़े कि थे। डा. श्रीकृण बिहार के मुख्य मंत्री थे। उन को सत्रह वर्ा तक शासन करने का मौका मिला। लेकिन उन्होंने पंडित जवाहर लाल के नेतृत्व में जो भी बड़े से बड़ा कारखाना था, कहां खड़ा किया। छोटा नागपुर इलाके में खड़ा किया। कठिनाई दूर करना चाहते हैं। अभी मैडम ने कहा कि आदिवासियों की संख्या 28 प्रतिशत है। इस बार की जनगणना में घटकर 26 प्रतिशत हो गई है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं भी चाहता हूं। रघुनाथ झा जी, अभी श्री राम जीवन सिंह ने कहा कि छोटे-छोटे तीन पंचायत का प्रखंड बन जाता है। श्री राम जीवन सिंह, आप बिहार में कैबिनेट मिनिस्टर थे और आपने अपने मंझौल गांव को सब-डिवीजन बना दिया। वह कितने पंचायत का था। श्री रघुनाथ झा जी, आपने शिवहर अपना जिला बना दिया। वहां कितने एम.एल.ए. हैं। एक एम.एल.ए. अपने हैं, दूसरा कोई नहीं है। ...(व्यवधान) मैं भी चाहता हूं कि छोटा राज्य बने लेकिन किसी पर इल्जाम लगाकर नहीं बने। आप इल्जाम लगा रहे हैं। यह सबसे बड़ा राज्य बन रहा है। इसमें 81 एम.एल.ए. जा रहे हैं, 14 सांसद जा रहे हैं और 7 एम.एल.सी. वहां चले जाते लेकिन यशवंत बाबू, आपने प्रोटैक्ट कर दिया।

बरों संभु नृप रहो कुमारी

जन्म-जन्म की रगर हमारी।

रामायण में तुलसीदास ने कहा। आपका यह प्रण पूरा हुआ। आपने प्रण किया था कि जब तक झारखंड राज्य नहीं बनेगा तब तक मैं पटना नहीं जाऊंगा। आप आज झारखंड राज्य बना रहे हैं, अब पटना चलिएगा, पटना से रुसिएगा नहीं। आभा जी, आज आपसे ज्यादा प्रसन्न यशवंत बाबू हैं। ...(व्यवधान) मुख्य मंत्री क्यों बनेंगे, सारे देश के मालिक बने हुए बैठे हैं, सारे खजाने पर बैठे हुए हैं, न खाने देते हैं, न खाते हैं। सांप के सामने रुपया रख दीजिए तो वह न खाएगा न खाने देगा। ये खजाने पर बैठे हुए हैं, न खाते हैं न खाने देते हैं। ...(व्यवधान)

2009 बजे (उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए)

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री (श्री प्रमोद महाजन) : हाउस थोड़ी देर तक बैठेगा, इसलिए मिनिस्ट्री ने माननीय सदस्यों के लिए कमरा नम्बर 70 में डिनर का इंतजाम किया है। ...(व्यवधान)

श्री राजो सिंह : आप तो खाना खिलाते ही हैं, इसमें कहने की क्या जरूरत है। हम सब बिल ऐसे ही पास कर रहे हैं, घबराने की कोई बात नहीं है। ...(व्यवधान)

यशवंत बाबू, जो 14 पार्लियामैंट मैम्बर झारखंड में जाएंगे, उसमें किस तरह का प्रोवीजन कर दिया है, कैसा प्रोवीजन कर दिया। आप जहां के रहने वाले हैं, उसकी पोजीशन क्या है, बता दीजिए।

आप वह बताइये। आप नहीं बताते तो हम बता देते हैं। आपने पृठ 28 पर दिया है, हजारीबाग में कौन-कौन सा निर्वाचन क्षेत्र रहेगा, बरही, बरखागांव, रामगढ़, मांडू और हजारीबाग। आप जब वोट लेने गये थे तब सिमड़िया भी उसमें था। आपने सिमड़िया से भी वोट लिया है। इस सूची के आधार पर सिमड़िया की जो जनता होगी, सिमड़िया निर्वाचन क्षेत्र का जो वोटर होगा, वह आज क्या सोचता होगा, वहां के मतदाता आपके जैसे और हमारे जैसे कानून जानने वाले नहीं हैं। कल वे समझ जाएंगे कि सिमड़िया निर्वाचन क्षेत्र के हमारे प्रतिनिधि यशवन्त बाबू नहीं हैं। दूसरा आपने क्या किया कि विधान सभा के सात निर्वाचन क्षेत्रों में जमुई को मुंगेर में मिला दिया। बिहार में छः विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र पर एक पार्लियामेंटरी कांस्टीट्वेंसी होती है। अभी मुंगेर पार्लियामेंटरी कांस्टीट्वेंसी है, उसमें इन्होंने चकई को जोड़ दिया। जगदम्बी बाबू यहांबैठे हुए हैं, ये गोड्डा से आते हैं, इनके क्षेत्र में चकई था, इसमें आपने प्रोवीजन कर दिया कि चकई को गोड्डा से काटकर बांका में मिला दिया, रेल राज्य मंत्री दिग्विजय बाबू हैं, उनके यहां मिला दिया और इनके यहां दूसरा मिला दिया गया। कौन सा क्षेत्र, जो आज भागलपुर में महगामा है। महगामा निर्वाचन क्षेत्र को आपने गोड्डा में मिला दिया।â€¦(व्यवधान) आप ऐसा मत बोलिये। कोई क्षेत्र किसी का नहीं है। अभी डीलिमिटेशन नहीं हुआ है, केवल आपकी मंशा मैं बता रहा हूं। चतरा का आपने क्या किया, यह बिल है, बिल पर बहस हो रही है, आप बिल पर भी जरा विचार करके देखिये। पृठ 27 पर गोड्डा से महगामा आपने ले लिया और चकई को काट दिया। चकई में चूंकि आपके कम मतदाता लोग रहते हैं, इसलिए उसको काटकर दूसरी जगह कर दिया और आपने चतरा से तीन निर्वाचन क्षेत्रों को निकाल लिया। बाराचक्की को निकालकर आपने औरंगाबाद में दे दिया। फतहपुर को नवादा निर्वाचन क्षेत्र में दे दिया और इमामगंज को गया निर्वाचन क्षेत्र में दे दिया। यह आप क्या करना चाहते हैं।

जिस दिन मैडम ने फैसला कर लिया, हमारी अध्यक्षा ने फैसला कर लिया, नेता विरोधी दल ने फैसला कर लिया कि हमें झारखंड को समर्थन देना है, हमें छत्तीसगढ़ को समर्थन देना है और हमें उत्तरांचल को समर्थन देना है, उसी दिन आपका बिल पास हो गया। मैंने कहा था, "बरों शम्भू न तों रहों कुमारी, जनम-जनम की रगड़ हमारी " । यशवन्त बाबू, तब आपकी पूर्ति हुई है। आप पटना मत जाइये, आप पटना से बहुत नाराज हैं, बिहार भेज दीजिए, मुजफ्फरपुर में घर बना लीजिए। हमारे साथियों ने कहा कि झारखंड का मुख्यमंत्री होने का अवसर नहीं मिला। क्या कृविल्लभ सहाय मुख्यमंत्री नहीं हुए थे, श्री विनोदानन्द झा मुख्यमंत्री नहीं हुए थे और श्री भागवत झा आजाद, जिनके सुपुत्र कीर्ति आजाद वहां से पार्लियामेंट के मैम्बर हैं व जिनका महगामा क्षेत्र है, जो झारखंड में पड़ रहा है, वहां के मुख्यमंत्री प्रतिनिधि नहीं थे। इसलिए यह कहना कि जब कांग्रेस की सत्ता थी तब हमें बहुत नैग्लैक्ट किया गया है, यह गलत बात है। मैं आपके माध्यम से इन्से निवेदन करना चाहताहूंकि जब तक सोनिया गांधी नहीं चाहतीं तो आपका बिल तो जानकी के धनुा यज्ञ की तरह ही रह जाता। यह फैसला हमारा है, इसका क्रेडिट हमें मिलना चाहिए। हमारे उड़ीसा के भाई कह रहे हैं कि मयूरभंज दीजिए, राउरकेला दीजिए, कौन कहां ले जाना है, ले जाइयेगा। अब तो हम पहले झारखंड पास कर देते हैं। अब उड़ीसा के बन्धु झारखंड में फरियाते रहिएगा, अब आपका बिहार से क्या मतलब है।

बिहार विधान सभा के सदस्यों ने चाहे कांग्रेस पार्टी के हों या भारतीय जनता पार्टी के हों, उन्होंने आपसे मांग की थी, लेकिन आपने उसको कोल्ड स्टोरेज में डाल दिया। आपने कहा कि कमेटी बनाएंगे, उसका जो निर्णय होगा, तब कुछ करेंगे, वरना घाटा होगा। आप कोई रोजगार करने थोड़े ही निकले हैं कि घाटे और नफे की सोचें। बिहार विधान सभा में जो बिल पास हुआ था, हुबहू उसको यहां पास करना चाहिए था। लेकिन आपने उसको संशोधित कर दिया। हम इसके विरोधी नहीं हैं। झारखंड क्षेत्र के सात एम.एल.सी. बिहार में ही रहेंगे, इस मामले में आपने ईमानदारी नहीं बरती। आपकी पार्टी के जो लोग हैं, उनके लिए तो आपने प्रावधान कर दिया। 12 लोक सभा सदस्य झारखंड में चले जाएंगे, लेकिन ये सात एम.एल.सी. बिहार विधान परिद में ही बैठेंगे।

वहां के विधान मंडल ने दूसरी सिफारिश आर्थिक पैकेज की थी। आप सत्ता में बैठे हुए हैं इसलिए हम आपसे मांग रहे हैं, कोई भीख नहीं मांग रहे। आज आप सत्ता में हैं, कल दूसरा आएगा। हम रघुनाथ झा जी की तरह रोने की बात नहीं करते, जबकि वे सत्ताधारी दल में हैं। वे कहते हैं कि हमारा खून तो बाढ़ में बह गया, हमें रुपया दो, नेपाल से बात करो। मैं कहना चाहता हूं कि यह कुछ नहीं देंगे। आप बताएं कि क्या आपने वहां के लोगों के कहने पर कभी पैसा दिया है। हमारा 27 प्रतिशत फंड अभी भी यहां पड़ा हुआ है। आप कहते हैं कि वहां फंड खर्च नहीं हुआ। जो प्रोजेक्ट वहां से यहां मंजूरी के लिए आते हैं, उनको पास नहीं करते। श्रीमती सोनिया गांधी जी के कहने पर लालू यादव ने इस बिल का समर्थन किया और विधान मंडल से पास कराकर भेजा। इसलिए लालू यादव और हमारी कांग्रेस की सरकार भी धन्यवाद की पात्र है।

मायावती जी ने कहा, मैं भी कहना चाहता हूं कि अगर आपके दिल में ईमानदारी है, सचमुच में झारखंड के साथ न्याय करना चाहते हैं तो वहां का मुख्य मंत्री किसी आदिवासी को बनाएं तो हम समझेंगे कि आपने सही काम किया है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। (इति)

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (गोड्डा) : उपाध्यक्ष जी, मैं माननीय प्रधान अटल बिहारी वाजपेयी और माननीय आडवाणी जी का हार्दिक अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने लम्बी अवधि से झारखंड की जनता की आकांक्षा को पूरा करने का काम किया है। चुनाव के वक्त में आपने जो वचन दिया था, उसका भी पालन किया है। जब एक राज्य का विभाजन होता है तो लोगों को थोड़ी-बहुत तकलीफ होती है। 1912 में बिहार बंगाल से अलग हुआ, 1936 में उड़ीसा से अलग हुआ और आज 2000 में बिहार से झारखंड अलग होकर एक राज्य बन रहा है। दोनों के विकास के लिए मैं समझता हूं आपसी सहयोग नितांत आवश्यक है। लोकनायक जय प्रकाश नारायण जी ने लोहिया मंच से कहा था कि मैं चाहता हूं बिहार के दो खंड हों। यह भी कहा था कि तभी बिहार के दोनों खंडों का विकास होगा।

यह आंदोलन आज का नहीं है। अदिवासी के प्रतीक पुरुा बिरसा मुंडा जी जो उनके नेता हैं, जो आज वनाचल में भगवान के साथ पूजे जाते हैं, उस समय से लेकर आज तक लोगों का सपना कि झारखंड प्रांत बने, वह आज साकार हो रहा है। इसलिए आज इस सरकार को और इस बिल के समर्थकों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

1977 में लालू यादव जी की सरकार ने झारखंड का अनुमोदन किया था। बीच में चाहे जो कुछ हुआ हो, श्रीमती राबड़ी जी ने विधान सभा में इस बिल को पारित किया है। इसमें कांग्रेस का भी सहयोग रहा है, इसलिए मैं उसे भी धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा था कि जल्दी से बिल पास हो और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसे जल्दी पारित करने के लिए रखा है। झारखंड आंदोलन बहुत पुराना है। 82 वर्ा से यह चला आ रहा है। झारखंड आंदोलन को पहली बार 28 अप्रैल 1988 को राट्रीय दल के एक ही दल भारतीय जनता पार्टी के आगरा अधिवेशन में इसे राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया था। उस समय के तत्कालिक भाजपा के अध्यक्ष आडवाणी जी ने रांची में एतिहासिक प्रदर्शन किया। इस झारखंड प्रदेश के बनाने में भारतीय जनता पार्टी ने जब से हाथ डाला तब से यह स्थिति बनी कि झारखंड बने। आज यह बनने जा रहा है, इसलिए मैं भारतीय जनता पार्टी के नेता को, सरकार को धन्यवाद देता हूं। आज उनकी मनोकामना पूरी होने जा रही है। वनांचल निकलने के बाद यह विचार हो रहा है कि बिहार का क्या होगा, पैकेज मांगा जा रहा है। पहली बार गृह मंत्री जी ने यह आश्वासन दिया और इसके पास होने के पहले से योजना आयोग के उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में एक समिति बना दी जिससे बिहार का अपकार नहीं हो और बिहार का संरक्षण हो, उसके विकास में बाधा नहीं हो। जो पैकेज मांग रहे हैं, पैकेज की व्यवस्था हमारे गृह मंत्री जी ने पहले ही कर दी है लेकिन बिहार को अगर विकसित करना है तो उसके लिए एक राजनैतिक दृढ़ता और निठा की आवश्यकता है। जब पंजाब और हरियाणा उठ सकता है तो बिहार क्यों नहीं उठ सकता ? राज्य को ऊपर उठाने के लिए अच्छी जमीन, वर्ा, नदी तथा खनिज चाहिए, ये सब उसके पास हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि झारखंड के निकलने का मलाल क्यों है? जो भी वहां घोटाले हुए हैं, वे सब झारखंड में ही हुए हैं। झारखंड का

रुप्या घोटाले में ग्या है। यदि यह रुप्या झारखंड में लगता तो उसका कितना कल्याण होता।â€¦(व्यवधान)

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : आप ऐसे ही बोल रहे हैं।â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : रघुवंश जी, हमारे पास पहले से ही टाइम कम है। आपके बात करने से दो मिनट और खराब हो गये हैं।

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : उत्तर बिहार का समस्तीपुर का जो समतल मैदान है, वह इतना उपजाऊ है कि अगर उसे जल और बिजली से सिंचित किया जाये तो आधे हिन्दुस्तान को वही खिला सकता है। आज उसे विकसित करने की आवश्यकता है। इसी तरह से उत्तर बिहार में क्या नहीं है ?

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: May I interrupt for a moment?

Mr. Deputy-Speaker, Sir, there are about 19 more hon. Members who want to speak. Even if you allow all of them only for five minutes each, it will take about two hours from now. May I therefore request that after one or two more speeches you may adjourn the House? ...(*Interruptions*) The hon. Minister of Home Affairs can reply tomorrow. ...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI (GARHWAL): We can reduce the number of Members who want to speak. Or, we can reduce the time allotted to every hon. Member.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Dasmunsi, you may kindly interact with the Minister of Parliamentary Affairs informally and come to a conclusion. After that, I will put it formally.

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Neither the Minister of Parliamentary Affairs nor his junior Minister is here. Whom do I interact with? ...(*Interruptions*)

SHRI BASU DEB ACHARIA (BANKURA): There are about 19 hon. Members to speak and it will take three to four hours. Let the House be adjourned after one or two more speeches. We shall continue this tomorrow. ...(*Interruptions*)

श्री प्रियरंजन दास मुंशी : हम लोग तो बिल को सपोर्ट कर रहे हैं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: It will take a minimum of three hours. If there is some sort of an arrangement by which the time given to each hon. Member could be reduced to five minutes we can conclude this earlier than that. I do not expect that it is possible. If some leaders and the Minister of Parliamentary Affairs interact, there might be some change of getting the time reduced by one hour or even two hours. It can be done. Please do that.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : On behalf of the principal opposition party, I request the House through you that whether the debate and the reply are completed or not we shall conclude the proceedings tonight at 9 p.m. and start again tomorrow. ...(*Interruptions*) We will co-operate with the Government tomorrow.

MR. DEPUTY-SPEAKER: May I ask the hon. Minister of Parliamentary Affairs to respond now?

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI: What I wanted to say was that there are 19 more hon. Members to speak. With all respects, we want that each of them should speak. I want to hear them. After 19 hon. Members complete their speeches, if the hon. Minister replies for an hour and then we take up clause by clause consideration, this will go up to one o'clock in the morning. So, my submission is that we may conclude the proceedings tonight by 9 p.m. or 9.15 p.m. We shall finish this tomorrow. ...(*Interruptions*) We are co-operating. We are not objecting. ...(*Interruptions*) हम चाहते हैं कि बहस चले। आप बोलिए। सभी को बोलने का राइट है।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): The first problem with tomorrow is that we have the debate on autonomy to the State of Jammu and Kashmir. We do not have time to spare for this Bill. The second problem is that day after tomorrow is a Friday, the day for Private Members' Business. Then, we have a Saturday and Sunday. So, we have to use only today to get this Bill passed and to take it to the other House.

I appreciate very much what the hon. Member has said. If he wants, I am ready to withdraw hon. Members who want to speak from our side. But I cannot do it unilaterally.

Members representing every political party in this House have spoken. At least three or four hon. Members from each party, represented in this House have spoken till now. If you want to move a 'closure motion', we do not mind.

But that has to come as a consensus; and I will call the hon. Home Minister now. He will give the reply just now and we can finish it. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me clarify now. Please do not interrupt me.

Mr. Minister, before your arrival here, I was suggesting to Shri Dasmunsi that this type of an arrangement could be done, after having an interaction with you and with other leaders of the parties.

If you could do it, then we can carry on with this discussion by giving only five or seven or eight minutes to each hon. Member. In the meanwhile, you can do that exercise. I wish you all the best.

Now, Shri Jagdambi Prasad Yadav will continue his speech.

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : उपाध्यक्ष महोदय, समय की सीमा को देखते हुए मैं इतना ही कहना चाहता हूं, उत्तर-बिहार का अगर एक-एक चीज का वर्णन किया जाए, वहां पूर्णिया, मधुबनी, अररिया, किशनगंज ऐसे हैं जहां 40,000 से ऊपर पोखरे हैं। यदि इन पोखरों से वैज्ञानिक ढंग से मछली पालन किया जाए तो ये सारे भारत को निर्यात कर सकते हैं। यहां लीची, तम्बाकू और केले की खेती की जा सकती है।â€¦(व्यवधान) वहां खेती करने के लिए अनेक स्रोत हैं। â€¦(व्यवधान) वहां तेलशोधक कारखाना है, अगर उसके साथ पैट्रो केमिकल्स भी जोड़ दिया जाए तो इससे हजारों लोगों को सर्विस मिलेगी और इससे रोजगार बढ़ेगा।

इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आज अच्छे प्रशासन की जरूरत है, जो इच्छाशक्ति को लेकर इसके विकास में लगें।â€¦(व्यवधान) आज झारखंड में बहुत सी चीजें होने के बावजूद भी वह बैकवर्ड बना हुआ है, इसलिए झारखंड की उन्नति करने के लिए केन्द्र सरकार को प्रयास करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री बसुदेव आचार्य (बांकुरा) : उपाध्यक्ष महोदय, हम आज ज्यादा नहीं बोलेंगे, क्योंकि समय थोड़ा है। हम बिहार पुनर्गठन विधेयक, 2000 का विरोध करते हैं। हमारी मार्क्सवादी पार्टी छोटे राज्य के पक्ष में नहीं है। हम पहले भी इस बात को बोल चुके हैं कि हम इसके पक्ष में क्यों नहीं हैं, हम क्यों बिहार का विभाजन नहीं चाहते और क्यों आज यह मांग उठ रही है। हमारा जिला पहले छोटा नागपुर के साथ ही था। पहले मानभूम था और मानभूम का एक अंग हमारा जिला पूर्णिया था। 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग बना, 1955 में राज्य पुनर्गठन आयोग ने इस क्षेत्र को पश्चिम बंगाल के साथ जोड़ने के लिए सिफारिश की, लेकिन राज्य पुनर्गठन आयोग ने उस समय बताया था कि क्यों चोपुरा मानभूम जिला और सिंहभूम का ज्यादा इलाका पश्चिम बंगाल के साथ आना चाहिए,

लेकिन हुआ नहीं। उसमें कुछ कंसीडेशन के लिए था। एक तो एडमिनिस्ट्रेशन के कंसीडेशन का था और दूसरे जो राज्य का पुनर्गठन किया और बताया गया, वह यह है कि -

> "Had language been the only consideration, then Purulia could have emerged as a much larger district with many Bengali speaking industrial areas now in Bihar. "

यह उनका ऑबजर्वेशन था, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। आज जो बातें की जा रही हैं कि छोटा नागपुर या झारखंड का इलाका पिछड़ा हुआ है लेकिन वह क्यों पिछड़ा हुआ है? इतनी प्राकृतिक सम्पदा और खनिज सम्पदा के होते हुए भी आज यह इलाका क्यों पिछड़ा हुआ है? क्या इसका विकास अलग राज्य के बनने से हो जायेगा? आजादी के बाद से हमारे देश में बहुत से छोटे-छोटे राज्य बने। क्या छोटे राज्य बनने से उनका विकास हुआ, उनका पिछड़ापन दूर हुआ और क्या बढ़ती आबादी का समाधान हुआ? मेरा कहना है कि नहीं हुआ। जो पिछली सरकारों को करना चाहिए था वह उन्होंने नहीं किया। जिस तरह की परिकल्पना लेकर इस क्षेत्र के विकास का स्कोप था, उसको ठीक तरह से लागू नहीं किया गया। जो शोषण की बात कही जाती है कि दक्षिण बिहार उत्तर बिहार का शोषण कर रहा है वह गलत बात है। क्या दक्षिण बिहार उत्तर बिहार की कॉलोनी है? ऐसा नहीं है। जो असली समस्या है उसमें हम लोग नहीं जाते हैं। क्यों इस इलाके में 50 साल के बाद भी कोई प्लानिंग विकास के लिए नहीं बनाई गयी? क्यों आज वहां बेरोजगारी बढ़ रही है? आज वहां पर हर तरह की समस्या बढ़ रही है। इन समस्याओं की ओर ध्यान देना चाहिए था वह तो नहीं दिया गया और अब अलग राज्य की बात की जा रही है। अलग राज्य बनने से समस्याओं का समाधान नहीं होगा। हम बिहार के एकजुट रखकर और उस क्षेत्र के लिए एक एटोनोम्स रीजनल काउंसिल बनाकर विकास के लिए कुछ कर सकते हैं। यह सवाल बार-बार आता है और मांग भी बार-बार आती है। लेकिन इस क्षेत्र के विकास के लिए जिस तरह से ध्यान दिया जाना चाहिए था वह ध्यान नहीं दिया जाता।

Deprivation creates a feeling of alienation. एलीनेशन के कारण यह मांग होती है कि हमको अलग कर दो। लेकिन अलग करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का समाधान नहीं होगा। बंगाल में भी यह समस्या आई है।

1985-86 में दार्जिलिंग जिले में बहुत बड़ा आन्दोलन हुआ था। हम वहां की समस्या का समाधान निकाल सके। वहां ऑटोनॉम्स हिल काउंसिल बना कर, उस क्षेत्र के लोगों को अधिकार देकर, उस क्षेत्र के विकास में, उस क्षेत्र की आबादी की भागीदारी से समस्या का समाधान कर सके। 18 जिलों को लेकर एक ट्राइबल ऑटोनोम्स रीजन बना कर उस क्षेत्र के आदिवासियों और गैर आदिवासियों को अधिकार दिए जा सकते हैं। त्रिपुरा में भी ऐसी समस्या थी। त्रिपुरा में वामपंथी मोर्चे की सरकार ने आदिवासी और गैर आदिवासियों को एक जुट रख कर ट्राइबल ऑटॉनोम्स काउंसिल बनाई। हमने वहां बेरोजगारी, गरीबी और दूसरी समस्याओं का जिस तरह समाधान करने की कोशिश की, उसके मुताबिक इस क्षेत्र में भी इसी ढंग से समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। अलग राज्य बना कर इस क्षेत्र का विकास नहीं किया जा सकता। उत्तरांचल, छत्तीसगढ़ और अब झारखंड अलग राज्य बनने जा रहे हैं। इससे दूसरे प्रान्तों में भी ऐसी मांग उठेगी। यह मांग आन्ध्र प्रदेश, महाराट्र और दूसरे प्रान्तों से आएगी। यह देश का बंट्वारा करने को प्रोत्साहन देगी। ऐसा हम नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि राज्य को एक रख कर उस क्षेत्र की समस्या का समाधान किया जाए। वहां के लोगों को अधिकार देकर और सत्ता का विकेन्द्रीयकरण करके समस्या का समाधान किया जा सकता है। धीरे-धीरे ऐसी मांग दूसरे राज्यों में भी उठने लगी है। यदि इस बिल को स्टैंडिंग कमेटी में भेज दिया जाता तो अच्छा होगा। वहां इस पर चर्चा होने के बाद सदन में लाया जाता तो ठीक होता। इस विधेयक को जल्दबाजी में लाया गया है। देश का जिस तरह बंट्वारा करने का मामला चल रहा है, हम उसके विरोधी हैं। हम इस विधेयक का विरोध करते हैं।

.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri K.P. Singh Deo to speak. Please be brief.

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): Sir, I would not be able to be brief because we are an aggrieved party and I

have to plead before this House.

Sir, the birth of a nation is a very joyous occasion. Everyone remembers the `Tryst with Destiny' speech of Pandit Jawaharlal Nehru on the 14th of August midnight, when the voice of a long-suffering people found utterance, not fully but substantially. Therefore, the birth of three States in the last three days, Chattisgarh, Uttranchal and today Jharkhand, is a cause for happiness and joy for many people.

I agree with my colleague, my former Chairman of the Standing Committee on Railways, Shri Basudeb Acharia, that the Bill should have come through the Standing Committee.

Ever since the concept of Standing Committee has come even innocuous Bills like the Cable Television or Coal Bearing Area Bill are not brought to Parliament before being vetted by the Standing Committee. I do not think the Heavens would have fallen if these three Bills would have come through the Standing Committee because most of us are committed to the formation of these three States.

I would like to pay tribute to the sustained struggle, suffering and sacrifice of the people and the leaders who fought for these three new States. People of some of the States like Jharkhand have been waging a war since 1793, the days of the permanent settlement. The hon. distinguished speakers have already mentioned various uprisings. Then came Captain Willkinson who was the Administrator in the Commissioner. Then came O'Donell and many evolutions.

I would also like to mention that it was during the time of Rajiv Gandhi that the whole thing started moving. A lot of efforts were also made by late Rajesh Pilot for all the three States. During the time when Shri Buta Singh was the Home Minister, there was a report called `Leading up to Jharkhand'. In that report 18 districts which are today in Jharkhand were indicated to be infrastructurally weak. It had been pointed out in 1990. Today only justice is being done by the creation of Jharkhand State.

I am very grateful to Shri Prabhu Nath Singh and Shrimati Kanti Singh for the impressive number of projects which they have cited. They were all done by the Central Government and the Congress Government. Not a single thing has happened after that. Yet it remained backward because the attention of the State Government was not there as it should have been.

Sir, the hon. Home Minister was so generous yesterday while speaking on the Uttaranchal Bill that he came out with a statesman like response that if Udham Singh Nagar wanted a couple of *Tehsils* to make it economically viable, then he would not mind taking a fresh look and maybe two *Tehsils* could be added to Udham Singh Nagar so that the sugar plantations and all that could be done. Why is this step-motherly treatment towards Orissa? What does Orissa say? Now, hon. member, Shri Bhartruhari Mahtab, who is sitting here was three times a Congress candidate to Parliament and Assembly. But suddenly, today the Congress has become bad for him...(*Interruptions*). I did not interrupt you. You stood for Parliament and Assembly and you lost. Sir, his own adopted father Dr. Harikrishna Mahtab was a member of the Central Ministry in 1952 in Pundit Nehru's time. But today Congress is a bad word. But it was Congress who started this − whether it was Uttaranchal or Chhattisgarh. We have on record Shri Digvijay Singh, the present Chief Minister of Madhya Pradesh who had welcomed it four years back during his first tenure and not today. Therefore, the Congress has been associated with the economic upliftment of the backward areas. It has always been mindful and concerned about the backward areas, the tribals, Scheduled Castes and the regional imbalances. Maybe, it is not sufficient. Maybe, the successive Government which sometimes I say the heterogeneous conglomerate of 24-Parties will do better than us. Today, I wish our brothers and sisters in these three under-developed areas of Uttaranchal, Chhattisgarh and also Jharkhand to succeed.

I had occasion to stand up during the introduction of the Bill and oppose it at that time. Not that I was opposing the Bill as such because my Party is committed to pass the Bill. This is a process started by the Congress Party which is being completed by this Government and I am grateful to them. Congress Party has always given constructive opposition or criticism. Take for example the Prasar Bharati Bill. It would not have been unanimously passed in this House but for the support of Shri Rajiv Gandhi and the Congress Party. We were the largest Party at that time. Mr. Deputy-Speaker Sir, you were also very much a distinguished Member of that Lok Sabha. We supported the Information Technology Bill; so also these Bills. We have supported all good things.

Why did I oppose it at the stage of its introduction? I opposed it on one condition. Today, if Kashmir is with India, it was after the lapse of the paramountcy on the 15th August 1947. When the then 544 rulers of Indian States had become sovereign, they had a right to opt for Pakistan or the dominion of India. The earliest one was Shri R.N. Singh Deo who was a Member of the First Lok Sabha and who was the grand father-in-law of the present hon. Member Shrimati Sangeeta Kumari Singh Deo. Then there was the father of Shri Bikram Keshari Deo, Shri P.K. Deo, who had his skull fractured at Saraikala when he went to address a peaceful meeting. Shri R.N. Deo was lacerated in jail. So also many distinguished colleagues from here; Shri Sarangan Das, Shri Surendra Mohanty,

Shri Surendranath Dwivedi, Shri Abhimanyu Rath and many others and many MLAs.

Orissa has been a very peace loving State as my old President Shri Trilochan Kanungo has said. We are still peaceful. We believe in the Gandhian method. When Ashoka came and pillaged us, we took it lying down and we came up again. Chanda Ashoka became Dharma Ashoka in Orissa in the Kalinga war. We have borne all that and we are still bearing it.

After 44 years what we are asking this Government today is to do justice to Orissa. When we had the super-cyclone it was never declared as a national calamity although it was treated like one. For the last forty years we have been crying in the wilderness. We are as backward as Uttaranchal or the north-eastern sector. We are continuously ravaged by the weather related phenomena like drought, flood and cyclone. For thirty years we have been going through this. We are chronically backward. Please treat us as a scheduled State or like Uttaranchal or hilly States. The Planning Commission does not listen to us and somehow this Parliament has been deaf to us.

Even in terms of infrastructural development Orissa is the last in the list. In Railways also Orissa is at the last. For irrigation purposes our requirement is Rs.3700 crore whereas we are getting only Rs.75 crore. Today in the Question Hour the third question was my own question. The hon. Minister of Water Resources Shri Arjun Sethi is also from Orissa and the Chief Minister of Orissa is the leader of his Party. What has the Government of Orissa proposed to the Central Government? Only for Rs.75 crore. Why this sort of step-motherly treatment is being shown towards Orissa?

With your permission I would only like to bring certain excerpts of what Shri Surendra Mohanty has said in a note of dissent to the Joint Committee Report on SRC in 1956. He said:

> "In the wilderness or expediency, principles fought against each other until none was left."

He was talking about the Commission and further said:

> "The Commission will investigate the conditions of the problem, the historical background, the existing situation and the bearing of all important and relevant factors thereon. They were free to consider any proposal relating to such reorganisation. The Government expect
>
> that the Commission would, in the first instance, not go into the details, but make recommendations in regard to the broad principles which should govern the solution of this problem and, if they so choose, the broad linesâ€¦ "

But the Commission did so just the opposite. It went into such smaller details including that of Purulia, Manbhum and Dhalbhum and because Purulia was coming to Bengal and Dalbhum would be truncated with Seraikella and Kharswan. It is only two tehsils. Only yesterday, Shri Lal Krishna Advani said that he did not mind giving two tehsils to Udhamsingh Nagar. Why not to Orissa which had merged with Orissa in 1947? In Merger Agreement also, in December 1947 and upto 1949, it was administered by the Collector of Balasore. The Collector of Balasore was looking after Seraikella, Singhbhum and Chaibasa. What was the temporary arrangement? Now, this is what Mr. Surendra Mohanty says in paragraph 9.

> "Seraikella and Kharswan were among the 25 Oriya-speaking States which were integrated with Orissa on 1st January, 1948, pursuant to the merger Agreements signed by the Rulers of these States with the Government of the Dominion of India on the 14th and 15th December, 1947 respectively. Thus, the integration of these States with Orissa, indicated the awareness of the fact that the two States had historical, linguistic, economical and cultural affinity with Orissa. The preamble of the Seraikella Agreement runs as follows:
>
> "Whereas in the immediate interest of the State and its people, the Raja of Seraikella is desirous that the administration of the State should be integrated as early as possible with that of the province of Orissa, in such manner as the Dominion of India may think fit."

Then what happened a little later?

> "Soon after the integration of these two States with Orissa, a controversy was started by Bihar for transferring these two States to Bihar. The situation was further confused by an incident of wanton firing on the Adivasis at Kharswan on the 1st January, 1948, where they had assembled for demonstrating for the formation of a Union of the Eastern States of Orissa and Chattisgarh Agency. Even though the matter was closed and resjudicata for Bihar, the subsequent developments already referred to, re-emphasised the controversy between Bihar and Orissa. In view of this unseemly controversy started by Bihar, the Government of India appoints a Tribunal with Mr. Justice Bavdekar of Bombay High Courtâ€¦"

Sir, I want to bring out the perfidy of the people that was responsible. I do not wish to bring in as to which Government was there because there were not only Governments but also jurists.

> "â€¦.in Ministry of States Resolution No. F.2(35)-P/48 dated New Delhi, the 7th April, 1948 – to adjudicate upon the rival claims of Bihar and Orissa, over these two States, according to the following Terms of Reference: (1) The wishes of the people of the States (2) the historical, economic, linguistic and cultural affinities and (3) considerations of administrative convenience. But on the 18th May, 1948, before the said Tribunal could examine the issue and give an award, the Ministry of States, without ascertaining the wishes of the people and their historical, linguistic and cultural affinities transferred these two States to Bihar temporarilyâ€¦"

These are not my words. These are the quotations from the States Reorganisation Commission and the Joint Committee.

> "â€¦on the plea of lack of geographical contiguity of these two States with Orissa, as Mayurbhanj another Orissa State, had not merged with Orissa, till then. In the meantime, on the 1st January, 1949, the State of Mayurbhanj merged with Orissa, after which the two States of Seraikella and Kharswan established clear geographical contiguity with Orissa. Thus, the logic of events would have been sufficient to induce the Government of India to retransfer these two States back to Orissa. But that was not to be. A temporary expedient has now been made a final arrangement."

SRC also did not do so and an historical aberration to which we have been stuck illegally is holding on to the occupied lines.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO : All these things happened during the Congress regime...(*Interruptions*)

SHRI K.P. SINGH DEO : It may be. Now I do not want to raise political, debating and scoring points. Let us not bring in as to which Government was there and all that.

21.00 hrs.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We do not have time. Shri Singh Deo, please address the Chair. Please ignore that hon. Member. Shri Kanungo, please take your seat.

...(*Interruptions*)

SHRI K.P. SINGH DEO (DHENKANAL): Sir, this Government has pledged to get back all the territory which is under Pakistan-occupied Kashmir. It has pledged to get back all the territory of Ladhak and Akshai Chin which is under China. May I plead with them not to allow the aggressor to enjoy the benefits any longer?...(*Interruptions*)

Coming to this subject, in any case, Mr. Minister you are giving them back to Jharkhand because they are not going to remain in Bihar. With the passing of this Bill, these two tiny *tehsils,* which were part of Orissa, will go to Jharkhand. I would request the hon. Minister to kindly consider giving them back to Orissa. I met the hon. Home Minister. He said that maybe in this Bill it may be difficult to do that. So, I appeal to him that his generosity in granting the two *tehsils* to Udham Singh Nagar may be replicated by giving back to Orissa what they richly deserve.

With these words, I conclude..

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : सभापति महोदय, मैं सिद्धांततः बिहार पुनर्गठन विधेयक, 2000 के पक्ष में हूं और मेरी पार्टी भी छोटे राज्यों की पक्षधर है। हमने शुरू में जब बिल पुरःस्थापित हो रहा था, तब कुछ आपत्ति उठाई थी। आज भी जब विचार के लिए विधेयक लाया जा रहा था, उस समय भी हमने आपत्ति की थी। हमने इसलिए यह आपत्ति की थी ताकि सदन के जरिये ऐसे काम न हो,ऐसी परम्परा स्थापित न हो। इसलिए मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं। अभी मैं हवाला नहीं दूंगा क्योंकि फर्स्ट ऑवर में मैंने बता दिया था कि नियम के तहत इस विधेयक में क्या-क्या जल्दबाजी हुई हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हम लोग गवर्नमैंट की रीढ़ हैं, एलायंस पार्टी हैं, घटक हैं। क्या जरूरत थी ? कभी एन.डी.ए. के सभी सदस्यों को विश्वास में लिया गया? तीन राज्यों के पुनर्गठन का विधेयक लाया गया। तीन राज्यों का विभाजन हुआ है लेकिन एन.डी.ए. के सभी सदस्यों को कभी बुलाया नहीं गया, विश्वास में नहीं लिया गया। मैं यह बात इसलिए दर्ज कर रहा हूं ताकि आगे यह परिपाटी न हो। â€¦(व्यवधान) आप मेरी बात सुनें। हम अपनी बात कह रहे हैं।

इस विधेयक का वित्तीय ज्ञापन पृठ संख्या 50 पर है। इसमें स्पट है कि विधेयक का खंड 40, जो राजस्व के वितरण के संबंध में है, यह उपबंध करता है कि राट्रपति, भारत के संविधान के अनुच्छेद 280 के अधीन गठित वित्त आयोग की सिफारिश पर, विद्यमान बिहार राज्य को संदेय कुल रकम में से, बिहार राज्य और झारखंड राज्य के अंश, आदेश द्वारा ऐसी रीति से अवधारित करेंगे, जो वह ठीक समझे। प्रस्तावित विधान के कार्यान्वयन के संबंध में केन्द्रीय सरकार के विभागो और अभिकरणों के प्रशासनिक व्यय में कुछ आंशिक वृद्धि को छोड़कर, भारत की संचित निधि में से कोई अतिरिक्त व्यय अंतर्वलित नहीं होगा।

महोदय, अभी वित्तीय ज्ञापन के अनुच्छेद 280 का जिक्र किया गया है। 280 अनुच्छेद में, 11वें वित्त आयोग की रिपोर्ट में दिया गया है कि प्रत्येक पांचवे र्वा की समाप्ति पर अथवा इसमें पूर्व जैसा कि भारत के राट्रपति समझें, एक वित्त आयोग के गठन की व्यवस्था की गई है। यह हरेक पांच साल पर ही हो सकता है। इसके अनुच्छेद

275 में लिखा है कि कुछ राज्यों को संघ के अनुदान, ऐसी राशियां जिनकी संसद विधि द्वारा उपबंध करे, उन राज्यों के राजस्व में सहायता अनुदान की रूप में प्रत्येक वर्ष भारत की संचित निधि प्रभावी होगी। जिन राज्यों के विषय में संसद यह अवधारित करे कि उन्हें सहायता की आवश्यकता है, भिन्न-भिन्न राशियां नियत की जा सकें। मैं यह जानना चाहता हूं कि विभाजन में कहां पर राशि नियत की गई है ? इसलिए जब गृह मंत्री या माननीय प्रधान मंत्री जी अपना वक्तव्य देंगे तब हम इस चीज को जानना चाहेंगे क्योंकि पिछले दिन जब गृह मंत्री जी सदन में बोल रहे थे तो उन्होंने साफ कहा था कि इतने लाख करोड़ रुपये शायद कुल मिलाकर पूरे बिहार के पास भी नहीं होंगे। यह नहीं कह सकते लेकिन पहली बार मंत्रिमंडल ने 1998 में राज्य पुनर्गठन की कल्पना का निर्णय लिया।

गृह मंत्री जी ने, पिछले दिनों जब बिल इंट्रोड्यूस हो रहा था, यह विचार व्यक्त किया था। मैं उस निर्णय को पढ़ कर नहीं सुनाना चाहता, मैं उसे कोट नहीं करना चाहता, वह प्रोसीडिंग्स का पार्ट है। चाहे उत्तर बिहार हो चाहे शेष बिहार हो या झारखंड हो, दोनों सम्पन्न रहें, उत्तर बिहार की प्रगति हो, वह समृद्ध हो, दोनों राज्य समृद्ध हों, सुखी हों। जब यह नीयत है, मंशा है तो इसमें राशि का उपबंध क्यों नहीं किया गया। 11वें वित्त आयोग की रिपोर्ट में यह दर्ज नहीं है, इसका कहीं उल्लेख नहीं है। जहां तक इस बिल के उद्देश्य का सवाल है, पृष्ठ 44 में लिखा है। इसका बार-बार जिक्र किया जाता है, स्पैशल पैकेज देने की बात का संकेत जरूर है। इस विधेयक के उद्देश्य और कारणों के कथन में इसका संकेत है। प्रधानमंत्री जी मौजूद हैं। 1998 में, जैसा मैंने जिक्र किया, राष्ट्रपति महोदय के अभिभाषण में भी आया। लॉ डिपार्टमैंट, सारी प्रक्रिया आदि होते-होते, अभी 4-5 महीने में, जो पौजीटिव संकेत होना चाहिए, वह नहीं है। हमारा विरोध सिर्फ आर्थिक पैकेज के बारे में है। शेष बिहार में जो 37 जिले हैं, जिसकी आबादी लगभग सात करोड़ से ऊपर होगी, उसमें केवल यह दिया गया है - सरकार ने झारखंड राज्य की विरचना के परिणामस्वरूप बिहार के शेष भाग के विकास से संबंधित विषयों को अनन्यतः निपटाने के लिए योजना आयोग के उपाध्यक्ष के सीधे भारसाधन के अधीन योजना आयोग में एक समर्पित इकाई स्थापित की है। यूनिट तो स्थापित की गई है लेकिन इसे कार्य रूप में लाना चाहिए। 1998 में फैसला हुआ, अभी चार महीने हो गए, इस समय क्या प्रगति हुई है। बिल को अद्यतन स्थिति के साथ आना चाहिए। स्पैशल इकोनौमिक पैकेज को सकारात्मक रूप से शेष बिहार को देने के संदर्भ में कोई जिक्र नहीं है। क्या चार महीने बाद कदम-ताल हो रहा था? प्लानिंग कमीशन में क्या हुआ। प्लानिंग कमीशन का नाम देने मात्र से काम नहीं चलेगा, व्यवहारिक पक्ष क्या है क्योंकि शेष बिहार में केवल नेपाल, भारत से नदियां निकलती हैं। रघुनाथ झा जी बोल रहे थे, कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे हैं। हमने शुरु में ही इस बात का अर्ज किया कि हम झारखंड राज्य बनने के विरोधी नहीं हैं, हम छोटे राज्य को चाहते हैं लेकिन जो विशेष पैकेज का मामला है, उसमें अनदेखी क्यों की जा रही है। क्या एक बिहार झारखंड को बना कर शेष बिहार को नदी, बालू, पानी में डुबोने की स्थिति पैदा करने से वह राज्य सुखी रह सकेगा ? नेपाल से जो नदियां निकलती हैं चाहे कमला बालान हो, चाहे भूतही बालान हो, चाहे अधवारा समुह हो, चाहे बागमती हो, चाहे कोसी नदी हो, ये शेष बिहार में इतना उपद्रव मचाती हैं कि सात करोड़ आबादी के सारे इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त हो जाते हैं। फ्लड डिवास्टेशन इतना जोर से हो जाता है कि लोग छः महीने बाढ़ में रहते हैं। हृदय पर हाथ रख कर कहें, जो 40 सदस्य जीत कर इस सदन में आते हैं, झारखंड राज्य जो प्रस्तावित है, उसमें 14 सदस्य होंगे। यह जब पारित होगा तो 14 सांसद उधर हो जाएंगे और 40 सांसद शेष बिहार में हो जाएंगे। वे 40 सांसद जहां से आएंगे, उनकी क्या स्थिति होगी। वहां केवल बालू रहेगा, कोई उद्योग नहीं है। चीनी मिल थी, वह भी बंद हो गई। यहां रघुवंश जी हैं। इनका राज है, चीनी मिल का क्या हुआ। वहां कुछ नहीं है। सूत मिल थी, वह भी समाप्त हो गई। उत्तर बिहार में जूट उद्योग था, वह भी बंद है। सब रुग्ण हैं। कोई मिल नहीं, कोई उद्योग नहीं है। कागज की अशोक पेपर मिल, दरभंगा में थी, वह भी समाप्त हो गई। रोजगार का कोई साधन नहीं है। आज 11 लाख खेतिहर मजदूर, जो खास करके खेती पर निर्भर करते हैं, दूसरे प्रान्तों में अपनी जीविका उपार्जन कर रहे हैं।

वहां से 11 लाख मजदूरों का पलायन हो गया जिनमें से 18 लोगों को मार भी दिया गया। वहां के लोग बराबर रेल एक्सीडेंट में मरते हैं, पंजाब में मरते हैं, विभिन्न राज्यों में जाकर रोजी-रोटी के लिए मरते हैं, क्योंकि इंसान रोटी के बिना नहीं रह सकता। जो भी नीड्स हैं, उनमें बाकी नीड्स से तो काम चल सकता है। आवास और कपड़ा तो फटा हुआ भी पहनकर काम चल सकता है, लेकिन जो पेट की ज्वाला है, उसमें आदमी रोटीके बिना नहीं रह सकता। रोटी के लिए उनको दूसरे राज्यों पर निर्भर करना पड़ता है। खेती शेष बिहार की घाटे का व्यवसाय हो गई है। धान, गेहूं और दूसरी फसलों की खेती वहां घाटे का व्यवसाय है। किसान अब खेती नहीं करना चाहते, क्योंकि मजदूर भी वहां से पलायन करके बाहर चले गये हैं। उनको वहां मजदूरी नहीं मिल पाती, चूंकि बाढ़ में सारी फसल नट हो जाती है, हर साल नट होती है। अभी बरसात का महीना है, अभी फ्लड चल रहा है, नदियों में तूफान चल रहा है तो क्या हम सब नदी में चले जायें। आर्थिक पैकेज का पोजीटिव संकेत आपने दिया है, यह अच्छी बात है, लेकिन संकेत देने मात्र से हमारी व्यावहारिक कठिनाई दूर नहीं हो सकती है, शेष बिहार की कठिनाई इससे दूर नहीं होगी। जो बिहार पुनर्गठन विधेयक के द्वारा राज्य बन रहा है, वह किसके लिए बन रहा है। हमें बड़ी खुशी होगी, जब आदिवासी लोगों का मुख्यमंत्री बनाने को सुनिश्चित किया जायेगा। हम एकदम उसके पक्ष में हैं, जो दबे-कुचले लोग हैं, जिनकी आज तक उपेक्षा हुई है और जो भारत के मूल वासी हैं। आदिवासी का मतलब है कि वे भारत की मूल संस्कृति की धरोहर हैं। मैं आदिवासियों के विषय में कह सकता हूं कि भारत की मिट्टी और धरती की मूल धरोहर कोई बिरादरी अगर है तो वह आदिवासी हैं। इसलिए आदिवासी लोगों की रक्षा, उनका विकास, उनका उन्नयन और उनकी प्रगति होनी चाहिए। लेकिन हमें शंका है, आज सदन के इतिहास में दो तारीख को हम दर्ज कराना चाहते हैं कि 24 से 26 प्रतिशत आबादी वहां आदिवासियों की है, गैरआदिवासी लोग वहां 74 प्रतिशत हैं। यहां चौधरी राम टहल जी बैठे हुए हैं, इनका शोषण करने वालों से छुटकारा कैसे होगा, इसे भी माननीय गृह मंत्री जी सुनिश्चित करें, क्योंकि वहां जो एक्सप्लायटर लोग होंगे, वे इनको वहां की राजसत्ता पर चढ़ने नहीं देंगे। राजसत्ता में ही नहीं, बल्कि विकास की सारी चीजों पर बाहर के लोग वहां जमे हुए हैं, जो 76 प्रतिशत लोग हैं, जो गैर-आदिवासी हैं। मुझे शंका है कि कहीं यह झारखंड राज्य कालोनी, उपनिवेश न बन जाये। मैं इसीलिए कह रहा हूं कि शोक लोगों का कहीं यह उपनिवेश न बन जाये, यह मेरी शंका है।

श्री श्यामाचरण शुक्ल (महासमुन्द) : आप क्या कहना चाहते हैं ?

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं कहना चाहता हूं कि आदिवासी वहां का मुख्यमंत्री हो, जो वहां के आदिवासियों के उन्नयन के लिए काम करे। यह झारखंड राज्य में सुनिश्चित हो।â€¦(व्यवधान) यह तो सेंस्स की बात है, मैं डाक्यूमेंट से बोल रहा हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : यादव जी, अब समाप्त कीजिए।

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : यह गलत बात है, वे वहां के मूल वासी हैं, आप उनको शोक नहीं कह सकते।â€¦(व्यवधान)

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : हम तथ्यों के आधार पर बोल रहे हैं, जो भी बात बोल रहे हैं। इतना समय नहीं है, आप कहिये तो हम सेंस्स का भी बतादें। सदन में और भी माननीय सदस्यों को बोलना है। इसलिए झारखंड राज्य किसके लिए बनाने जा रहे हैं। माननीय गृह मंत्री जी का कहना है कि जनता की इच्छा और आकांक्षा को देखते हुए यह किया जा रहा है, यह स्वागतयोग्य है, लेकिन केवल इच्छा और आकांक्षा के आधार पर राज्य को न बांटा जाये। भौगोलिक स्थिति, प्रशासनिक ढांचा और इकोनोमिक वायबिलिटी, विकास की स्थिति, इन सारी चीजों को भी उसमें प्राथमिकता दी जाये। केवल आकांक्षा होगी तो फिर सात करोड़ की आकांक्षा अलग हो जायेगी और ढाई करोड़ की आकांक्षा दूसरी हो जायेगी। तब आकांक्षा में भी टकराव हो जायेगा, इसलिए जनता की आकांक्षा में टकराव न हो, ऐसा कोई आधार बनाना चाहिए, राज्य के विभाजन का। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जो आधारभूत संरचना है, क्योंकि क्षेत्रीय असंतुलन इससे और न बढ़ जाये। मुझे शंका है, इसलिए मैं शंका का निराकरण कराना चाहता हूं। मैं तो इस विधेयक के खिलाफ नहीं हूं, लेकिन मुझे शंका है कि कहीं क्षेत्रीय असंतुलन और न बढ़ जाये।

उपाध्यक्ष महोदय : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : तब तो मैं बैठ ही जाता हूं। â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आपको 15 मिनट हो गये। आप दो मिनट और ले लीजिए। यादव जी, आप नाराज क्यों होते हैं।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : मैं नाराज नहीं हो रहा हूं। आसन सर्वोपरि है। मैं तो आपके आदेश का पालन कर रहा हूं। â€¦(व्यवधान)

मैं आपके आदेश का पालन अक्षरशः करना चाहता हूं। क्षेत्रीय असुंतलन की बात मैं कहना चाहता हूं। रघुनाथ झा जी जहां से आते हैं, शिवहर से, वहां सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर आदि 17 जिलों के लोग ने मिथिलांचल राज्य का नारा दिया है, क्योंकि झारखंड राज्य बन रहा है इसलिए लोग कहते हैं कि मिथिलांचल राज्य बनना चाहिए। इसी तरह से रोहतास के लोग भोजपुर की मांग उठाकर शाहबाद क्षेत्र को अलग करने की बात करेंगे। इस तरह से क्षेत्रीय असंतुलन का भी संकेत उठेगा। इसीलिए हम आधारभूत संरचना की बात कह रहे हैं। उत्तर बिहार की रोड के सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं। वहां जो इंटरनल रिसोर्स मोबिलाइजेशन केपेसिटी है, शेा बिहार में नहीं है। जो आंतरिक संसाधन मोबिलाइजेशन होना चाहिए राज्य को संचालित करने के लिए, राज्य के रेवेन्यू के लिए, वह वहां नहीं है। वहां केवल बालू और नदी है। इसलिए जो शेा बिहार बचेगा, उसमें आंतरिक संसाधन मोबिलाइजेशन की क्षमता नहीं होगी तो वहां योजना का आकार कैसे तय होगा। इसलिए आज सरकार की तरफ से आर्थिक पैकेज की घोाणा होनी चाहिए। गाडगिल फार्मूले के अनुसार प्लान का आकार बनता है। जब गाडगिल फार्मूले के अनुसार राज्यों को वित्तीय सहायता दी जाएगी, प्लान का आकार होगा, तो इन 37 जिलों में आंतरिक संसाधन मोबिलाइजेशन की क्षमता नहीं रहेगी, उनको पैसा नहीं मिलेगा और ये रसातल में चले जाएंगे। वहां की योजनाओं को आकार नहीं मिलेगा, क्योंकि केन्द्र के पास जो पैरामीटर है उसके अनुसार यदि वित्त का आकार बनेगा तो फिर उस राज्य का क्या होगा, इसलिए मैं यह चिंता यहां व्यक्त कर रहा हूं। राज्य की सड़कों के बारे में मैंने निवेदन कर ही दिया है। वहां बिजली की, सिंचाई की क्या हालत है, यह सभी को पता है। जब तक नेपाल और भारत की सरकारें वहां बाढ़ का स्थाई समाधान नहीं खोज लेतीं, उस क्षेत्र का विकास सम्भव नहीं है। यह मामला केवल राज्य सरकार का नहीं है। नेपाल के प्रधान मंत्री जी यहां आए हुए हैं। अभी या फिर कभी उनसे वार्ता करके नदी का फ्लड डिवास्टेशन, स्थाई समाधान नहीं निकलता, तब तक शेा बिहार नहीं बच पाएगा।

उपाध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे समय दिया। मेरे पास कहने को और भी कई बातें हैं, लेकिन इतना समय नहीं है। जिस तरह से इंजीनियरिंग कालेज हैं, टाटा, जमेशदपुर आदि में आइरनओर, ताम्बा तथा अन्य खनिज हैं, वे सब दक्षिण बिहार में हैं, लेकिन उन सभी का मुख्यालय बाहर है।

जो समृद्ध राज्य बनाने की कल्पना इस विधेयक में की गई है उसके लिए गृह मंत्री जी आर्थिक पैकेज की घोाणा भी करें। झारखंड राज्य से हमारा कोई विरोध नहीं है। हमारा निवेदन है कि सरकार अगर अभी आर्थिक पैकेज देने को तैयार नहीं है तो उसको प्रवर समिति को या संसद की संयुक्त समिति को भेज सकती है। उस पर पूरी जांच हो और भली-भांति उस पर विचार करके दिया जाए। आगामी शीतकालीन सत्र में उसको पारित कराया जाए। अभी सिर्फ तीन महीने बाकी हैं अगले सत्र में इसलिए इस बीच कोई पहाड़ नहीं टूट जाएगा, कोई जल्दी नहीं है।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : कांग्रेस पार्टी के द्वारा इस विधेयक के समर्थन की घोाणा पहले ही कर दी गई। इससे भाजपा के लोगों का बड़ा भारी मन इस ख्याल से बढ़ गया कि अब कांग्रेस वाले भी कहते हैं कि प्रवर समिति में भेजिए। एन.डी.ए. के कई प्रमुख घटक के सदस्यों ने मांग की कि प्रवर समिति में भेजिए। हम लोग तो अड़े ही हुए हैं कि प्रवर समिति, स्टैंडिंग कमेटी में भेजिए और इसका औचित्य भी है। किसी पार्लियामेंट्री कांस्टीट्यूएंसी में किसी में सात, किसी में पांच और किसी में चार व्यतिक्रम है और उसमें जैसे तैसे लोगों को किया है। उसका सुधार हो जाता और विधेयक बनता लेकिन सरकार जल्दबाजी में है।

2121 hours (Mr. Speaker *in the Chair*)

मैं नहीं समझ रहा था कि इतनी जल्दबाजी क्यों है कि बिना ब्रेक के गाड़ी चल रही है। लेकिन पहले से मुझे सूचना दी गई थी कि माननीय प्रधान मंत्री जी की इच्छा थी कि चूंकि यह संविधान के संशोधन से संबंधित विधेयक है, इसलिए इसे कमेटी में भेजा जाएगा तथा देश की एक तिहाई आबादी से संबंधित ये तीनों विधेयक हैं। इस कारण इससे इसका औचित्य होता है कि आम तौर पर महत्वपूर्ण विधेयकों को स्टैंडिंग कमेटी में भेजा जाता रहा है। ज्वाइंट सलैक्ट कमेटी में भेजा जाता रहा है लेकिन सरकार जल्दबाजी में है। मुझे नहीं जानकारी थी। माननीय प्रधान मंत्री जी की राय थी, ऐसी सूचना मुझे मिली। पता चला कि वित्त मंत्री जी बहुत जल्दबाजी में है कि झारखंड जल्दी होना चाहिए। यह कल तक की सूचना थी लेकिन आज मुलायम सिंह जी के भाण के समय में भंडा फूटा, भेद खुला कि अभी तक दो वर्षों तक हुकूमत माननीय प्रधान मंत्री जी की हुई लेकिन देश की समस्याओं के समाधान में देश को कुछ नहीं मिला। समस्याएं और बढ़ती ही जा रही हैं। पन्द्रह अगस्त को लालकिले के ऊंचे मंच से क्या भाण होगा, उस भाण के लिए मसाला क्या होगा जिससे 15 अगस्त को किसी हालत में कहने के लिए कुछ हो जाये कि राज्य का बंट्वारा कर दिया, बड़ा भारी काम कर दिया। यह बात मुलायम सिंह जी के भाण से हमें पता चली कि क्यों बिना ब्रेक के गाड़ी चल रही है।

हमारे संबंध में लोगों की धारणा है कि बड़ा भारी विरोधी आदमी है। हम विरोधी आदमी सिद्धांतविहीन, नीतिविहीन कार्य के भारी विरोधी हैं। इसमें चाहे राज का बंट्वारा कर दे और प्रखंड के बंट्वारे में भी मैं विरोधी हूं और पंचायत के बंट्वारे का भी विरोधी हूं। सौ करोड़ लोगों का यह देश है। इसमें विभिन्न जाति, धर्म, भाषा, के लोग यहां रहते हैं। इसको सिद्धांतविहीन और नीतिविहीन ढंग से क्या चलाया जा सकता है? राज्यों के बंट्वारे के संबंध में कोई सिद्धांत नहीं है। इस कारण मध्य प्रदेश के संबंध में मैंने कहा कि छत्तीसगढ़ न बने। देश भर में विभिन्न तरह के सवाल उठ रहे हैं। किसको नाजायज कहा जाए, उनको कैसे नहीं मानिएगा? अन्यथा पिक एंड चूज की राजनीति होगी। राजनैतिक स्वार्थ की राजनीति होगी। कन्वीनिएंस की राजनीति होगी तो इससे देश में समस्याएं बढ़ेंगी, आतंक्वाद बढ़ेगा, आंदोलन होगा, देश के कोने-कोने में हल्ला मचेगा। इसीलिए हम बार-बार कहते रहे हैं कि स्टेट री-ऑरगेनाइजेशन कमीशन बनाओ। कुछ लोग कहते हैं कि हम छोटे राज्य के खिलाफ हैं और कुछ कहते हैं कि छोटे राज्य के पक्ष में हैं। छोटे और बड़े राज्य का क्या मतलब है? इस देश में 15 करोड़ की आबादी का भी राज्य है, 8 लाख की आबादी वाला भी स्टेट है। कौन छोटा और कौन बड़ा है? 1 करोड़ को छोटा माने कि बड़ा माने? दस लाख को बड़ा माने कि छोटा माने। लेकिन नीति सम्मत कोई भी क्राइटीरिया बन जाये, जैसे सन् 1956 में भाषा के आधार पर री-ऑरगेनाइजेशन कमीशन ने स्टेट बनाया था। सभी लोगों ने स्वागत किया लेकिन उसके बाद राजनैतिक रूप से हमें सूट कर रहा है कि नहीं, कहां-कहां तालमेल बैठ गया? इसके हिसाब से माननीय गह मंत्री जी ने इसे सैद्धांतिक रूप से अमली जामा पहनाने की कोशिश नहीं की है।

विधान सभा ने जो प्रस्ताव पारित कर दिया, हम उसको आधार मान लेते हैं। एक नीति सिद्धान्त बता रहे हैं, लेकिन इसमें सच्चाई नहीं है, विश्वसनीय ब्यान नहीं है। यह मैं इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि बारहवीं विधान सभा ने इसी झारखण्ड विधेयक को खारिज कर दिया था। गृह मंत्री जी कम उतारु नहीं थे, उस समय खुराना जी संसदीय कार्य मंत्री थे, बैठक हुई थी, कहा कि राज्य माने या न माने, विधान सभा कहे या न कहे, मैं बांट दूंगा, मैं बिल इन्ट्रोड्युस कर दूंगा। मैं जब उस ब्यान को याद करता हूं और ब्यान जो अब दिया है कि एसेम्बली के कहने को आधार बनाते हैं तथा जब मैं इन दोनों ब्यानों की तुलना करता हूं, तो लगता है कि गृह मंत्रीजी का ब्यान सच्चाई से परे हैं और विश्वसनीय नहीं है। इसलिए आप कोई सिद्धान्त सम्मत बात नहीं कह रहे हैं। इससे देश में समस्यायें बढ़ेगी। जहां तक बृहद झारखण्ड की बात है, जिसमें बंगाल के दो जिले, मध्य प्रदेश के चार जिले, उड़ीसा के दो-तीन जिले और बिहार के सौलह-अठारह जिले, इन सब को मिलाकर झारखण्ड बनना चाहिए। चूंकि, अब असली झारखण्ड नहीं हो रहा था, तो आपकी पार्टी ने वनांचल का नाम रख दिया। तीन राज्य उससे सहमत नहीं हुए, इसलिए बिहार को बांट दिया। यह पोलिटिकल कन्विनिएंस की बात है और सुविधा की बात है। यह सिद्धान्त सम्मत बात नहीं है। गृह मंत्रीजी से ब्यान से स्पट होता है। जैसा कि कहा गया है, यह कैसे हो सकता है कि राज आदिवासी के हाथ में जाए। मध्य प्रदेश के छः जिले - सीधी, शहडोल, बालाघाट, मंडला, उमरु - आदिवासी बाहुल्य जिले हैं। इनको नहीं लिया गया और कहा गया कि आदिवासी दो जिलों में रहेंगे। यहां भी 27 फीसदी आदिवासी हैं, कहते हैं कि राज्य बन जाएगा। मैं कहता हूं कि यह आदिवासियों के भले की बात है। चारों राज्यों के क्षेत्र से झारखण्ड बनता, तो उसमें 60 फीसदी आदिवासी होते, उनकी बोली, उनकी भाषा, उनकी संस्कृति, उनका इतिहास, उनका भूगोल, सब एक जैसा होता, तब जाकर आदिवासियों की आकांक्षाओं की पूर्ति होती, लेकिन वह नहीं हो रहा है। पोलिटिकल कन्विनिएंस उसमें चल रहा है।

सहूलियत का रास्ता अख्तियार कर रहे हैं, लेकिन समस्याओं के समाधान की ओर नहीं जा रहे हैं। इसमें बड़ा भारी शोाण बिहार का हो रही है, मैं तो कहता हूं कि बिहार के साथ दुश्मनी हुई है।

महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं। सिन्दरी फर्टिलाइजर फैक्टरी और नामरूम कारखाना, दोनों के लिए एक कमेटी बनी थी और दोनों के लिए कहा गया था कि रिहैबलिट्शन प्रोग्राम होना चाहिए।

मंत्रिमंडल में कोई जवाब दे सकता है कि नामरूप कारखाना चालू है, रिहैबलिट्शन प्रोग्राम चालू है, लेकिन सिन्दरी फर्टिलाइजर फैक्टरी बन्द पड़ी है। उसको रिहैबलिट्शन प्रोग्राम क्यों नहीं दिया है, जब कि कमेटी ने एक साथ अपनी रिपोर्ट दी। इस सवाल को मैंने दो-तीन बार उठाया, लेकिन नहीं, इसको नहीं होने देंगे। मैं भेदभाव नहीं करता हूं, अब तो यह झारखण्ड में जा रहा है, झारखण्ड का भला करने वालों, मैं पूछना चाहता हूं, सिन्दरी फर्टिलाइजर फैक्टरी कब चालू होगी। आईडीपीएल, खाद के संबंध में एशिया की सबसे अच्छी फैक्टरी है, लेकिन वह बन्द हैं, लेकिन उसको नौएडा में ले जाने की साजिश हो रही है, वह कब चालू होगी ? बिजली परियोजना के संबंध में भी में चार बार सवाल उठा चुका हूं, 734 मेगावाट बिजली परियोजना को क्यों रोके रखा हुआ है ?

अब वह झारखंड में पड़ेगा, तब वह पता नहीं कब चालू होगा। महोदय, पंचायती राज का पैसा आदिवासी इलाके में से चला गया तो पंचायती राज चुनाव होना ही नहीं है। वित्त मंत्री जी कहते हैं कि बिहार में पंचायत चुनाव नहीं कराया है, इसलिए सरकार को दंड देंगे, दस करोड़ आबादी को दंड देंगे या झारखंड को दंड देंगे। हमारा 600 करोड़ रुपया, दसवें वित्त आयोग का हिस्सा बिहार को नहीं दिया और ये कहते हैं कि पंचायत का चुनाव नहीं हुआ। पंचायत का चुनाव नहीं होने के कारण स्व. राजीव गांधी जी के समय में जब संविधान संशोधन हुआ, 73वें संशोधन, भारत के संविधान के आर्टीकल 243 में कहा गया कि मुखिया के पद पर सारे सरपंच, सारे पंचायती राज के पदों पर आदिवासी का, अनुसूचित जाति का आरक्षण होगा और फिर महिलाओं का आरक्षण होगा तथा पिछड़ी जाति का आरक्षण राज्य सरकार चाहे तो करा सकती है। राज्य सरकार उसे अपने कानून में जोड़ सकती है।â€¦(व्यवधान)

महोदय, बिहार की राज्य सरकार ने पिछड़ी जाति को भी आरक्षण का प्रावधान किया। पंचायत के सभी पदों पर 38 करोड़ रुपए खर्च हो गए। इसके लिए अगर उन्होंने पैसे की व्यवस्था नहीं की तो राज्य सरकार ने की और सारे बैलेट पेपर छपवा दिए। जब वोट होने को हुआ तो हाई कोर्ट में चुनौती हुई, उस समय हाईकोर्ट ने क्या फैसला दिया, उसने कहा चूंकि मुखिया सिंगल पद है इसलिए उस पर आरक्षण नहीं होगा, मतलब अनुसूचित जाति का भी आरक्षण नहीं होगा और महिला का भी नहीं होगा तथा अनुसूचित जनजाति का भी नहीं होगा, पिछड़ी जाति का भी नहीं होगा। हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया, जो संविधान के प्रावधानों के विरूद्ध है। अब यह धर्म संकट उपस्थित हुआ है कि राज्य सरकार पंचायती राज का चुनाव हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक कराए या संविधान के प्रावधान के मुताबिक कराए। यदि संविधान के खिलाफ हाईकोर्ट के फैसले के मुताबिक सिंगल पद मुखिया पद का आरक्षण दिए बिना चुनाव कराएंगे, यह आदिवासी विरोधी, महिला विरोधी, हाईकोर्ट के अनुकूल और फिर संविधान के प्रतिकूल होगा। हाईकोर्ट की बात मानी जाए संविधान के खिलाफ, संविधान की बात मानी जाए कोर्ट के खिलाफ, आप कोर्ट की अवमानना जानते हैं, वहां क्या व्यवहार होता है। इसलिए चुनाव नहीं हुआ। सुप्रीम कोर्ट में मामला है। राज्य सरकार के पास कोई विकल्प नहीं था, सुप्रीम कोर्ट में मामला दायर है। आप बिहार को छोड़िए, झारखंड के ट्राइबल ऐरिया में पंचायती चुनाव का कानून ही नहीं है।â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपने अमेंडमेंट भी दिया हुआ है, अब आप समाप्त करिए।

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह : महोदय, सभी माननीय सदस्यों ने, उस पक्ष के एन.डी.ए. के, प्रभुनाथ सिंह जी, श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव, श्री रघुनाथ झा और उस तरफ के भी कुछ सदस्य हैं। आप लोग तो ऐसे ही लगे हुए हैं लेकिन इन लोगों ने कहा और फिर कांग्रेस के, सी.पी.एम. के नेता, मुलायम सिंह जी, कुमारी मायावती जी, आम तौर से सम्पूर्ण सदन की भावना है। गृह मंत्री जी ने कहा है कि हम असेम्बली की भावनाओं की कद्र करते हैं और असेम्बली को आधार बनाते हैं, जो असेम्बली ने प्रस्ताव बांटने के लिए कर दिया। उन्हें सूट करता है तो कहते हैं कि ठीक है, हम असेम्बली की बात मानते हैं और उसी असेम्बली ने कहा है कि पैकेज मिलना चाहिए। उसमें उनकी पार्टी का भी मैं बता रहा हूं, मैं आज भंडाफोड़ कर रहा हूं। असेम्बली की प्रोसिडिंग है, मैं संक्षेप में बता रहा हूं। झारखंड राज्य के गठन के पश्चात बिहार राज्य को होने वाली आर्थिक क्षति की भरपाई के लिए केन्द्र सरकार से 1,79,900 करोड़ रुपए के आर्थिक पैकेज की मांग और उसके औचित्य के संबंध में लिखा हुआ है।

छठी और सातवीं पंचवर्षीय योजना में झारखंड में प्रति व्यक्ति ज्यादा खर्च हुआ था लेकिन सम्पूर्ण बिहार में कम खर्च हुआ था। बिहार में खर्च हुआ 461 रुपया प्रति व्यक्ति और झारखंड में 586 रुपया प्रति व्यक्ति खर्च हुआ। अब मैं जल प्रबंधन एवं सिंचाई संबंधी मामले, सड़क तथा जल विद्युत योजनाओं से संबंधित मामले, सड़क तथा रेल योजनाओं से संबंधित मामले, जल प्रबंधन एवं सिंचाई क्षेत्र में निवेश, जल जमाव की समस्या एवं निदान तथा वित्तीय आकलन पर कहूंगा। मैं समझता हूं अध्यक्ष महोदय, यह जो विधान सभा की कार्यवाही है और विधान परिद की कार्यवाही है, इसको माननीय गृह मंत्री ने देखने का कार्य नहीं किया है और इसको ताक पर रख दिया है। इतना ही नहीं विधान सभा की कार्यवाही जो सर्वसम्मत है और जिसमें सभी पार्टियों के चाहे भाजपा हो, समता हो, कांग्रेस हो, राजद हो, सभी ने सर्वसम्मत प्रस्ताव भेजा है। लेकिन अध्यक्ष महोदय, विधान परिद में भाजपा के जनरल सैक्रेट्री सरजू राय और उसके अध्यक्ष नंद किशोर यादव का जो स्मरण पत्र विधान परिद की कार्यवाही में आया है उसका उपसंहार में एक लाइन में पढ़ देता हूं। वनांचल और शेा बिहार के लिए सहायता पैकेज की सांकेतिक रूपरेखा ऊपर लिखित विवरणों में दी गयी है। शेा बिहार के लिए 1,15,000 करोड़ रुपये और वनांचल क्षेत्र के लिए करीब 85,000 करोड़ रुपये की आवश्यकता आंकी गयी है। ये आकलन इन क्षेत्रों की विकास जरूरतों को देखते हुए प्रस्तुत किये गये हैं। यह विधान सभा और विधान परिद की कार्यवाही में सभी पार्टियों के लोगों ने कहा है कि एक पैकेज मिलना चाहिए। इसलिए मैंने अपने संशोधन में बिहार को 1,79,900 करोड़ रुपये और झारखंड को एक लाख करोड़ देने का संशोधन प्रस्तुत किया है।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY (KOKRAJHAR): Hon. Speaker, Sir, I am very much thankful to your honour for having given me a chance to participate in this debate and discussion on the Bihar State Reorganisation Bill, 2000. But I am extremely sorry to go about everywhere with my head completely shaven.

My learned brother friends from the ruling side, have taken away my valuable heir, neglecting the very very genuine and legitimate demands of the indigenous people of Assam for having a separate State of Bodoland. I lodge my protest â€" as a mark of strong protest -- against the discriminatory policy, attitude and approach of the Government while going to create all these new States in India, namely, Chattisgarh, Uttaranchal and Jharkhand, neglecting the genuine and legitimate demands of the indigenous people of Assam, and I ktonsured my head. I am extremely sorry

to say this,

However, I am pleased to plead through you, the hon. Prime Minister and Home Minister to take a similar policy decision for the creation of the long awaited separate Bodoland on the lines of Chattisgarh, Uttaranchal and Jharkhand. It is not a new demand which is a very very old demand and it is nearly 33 years old.

Sir, on 13th January, 1967 a Mizo delegation came over to Delhi to meet the then hon. Prime Minister, late Shrimati Indira Gandhi to urge upon her for creation of a hill State for Mizo people. While responding to the strong appeal made by the Mizo delegation, the then Prime Minister had assured them of reorganising Assam Federal Plan, if the Government of Assam has not accorded to the tribal people of Assam equitable justice and protection. Since that day onwards, the Bodo people of Assam have been keeping on launching a vigorous, democratic and peaceful mass movement for attainment of a separate State of Bodoland.

In 1993, during the regime of Shri P.V. Narasimha Rao, Bodo people were given a political arrangement, with a name and style of Bodoland Autonomous Council, as a result of signing of the Bodo Accord on 20th February, 1993. But this Bodoland Autonomous Council could not fulfil the genuine hopes and aspirations of the indigenous Bodo people of Assam. Likewise, the Ladakh Hills Autonomous Council, Darjeeling Gorkha Hills Council and Tripura Tribal Areas Autonomous District Council also could not fulfil the genuine hopes and aspirations of the concerned people of the concerned regions.

MR. SPEAKER: Please conclude. You have been given two minutes.

SHRI SANSUMA KHUNGGUR BWISWMUTHIARY : Yes, Sir. In these circumstances, creation of new States is the only lasting political solution. That is why, I strongly urge upon the Government of India, through your honour, and particularly the hon. Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee and the hon. Minister of Home Affairs, Shri L.K. Advani to take a very very concrete and positive policy decision for creation of the much long-overdue separate State of Bodoland on the lines of Uttaranchal, Jharkhand and Chattisgarh without any further delay so as to ensure the question of survival and existence of the indigenous Bodo people, their safety and security and also their all-round growth and development within their separate State of Bodoland.

?144. Sir, with these few words, I support the Bihar State Reorganisation Bill, 2000. But, at the same time, I warmly thank the National Democratic Alliance Government and also extend my love and respect and good wishes to my own *Jharkhandi* tribal brethern and other people living within the would-be new State of Jharkhand.

श्री रामदास आठ्वले (पंढरपुर) : अध्यक्ष महोद्य, मैं बिहार रिऑर्गेनाइज़ेशन बिल, 2000 का विरोध न करते हुए अपनी पार्टी की तरफ से समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। झारखंड का निर्माण होने जा रहा है। छोटे-छोटे राज्य बनाने का हमारी पार्टी समर्थन करती है। सरकार जो बिल लाई है, हम इसका पहली बार इसलिए समर्थन कर रहे है

दो साल से इनके काम का समर्थन करने का मौका नहीं मिला था लेकिन आज सरकार बिहार पुनर्गठन विधेयक लाई है, इसमें बिहार के 18 जिले हैं और 14 लोक्सभा की सीटें हैं और अ्सेम्बली में 81 सीटें हैं। इसमें एस.टी. के लिय 5 सीटें हैं और एस.सी. के लिये एक सीट रिज़र्व है। हमारी मांग है कि एस.टी. में और 5 सीटें रिज़र्व की जायें तथा एस.सी. के लिये दो सीटें और रिज़र्व की जायें।

अध्यक्ष महोद्य, रघुवंश बाबू ने बिहार के लिये 1 लाख 80 हजार करोड़ रुप्ये की मांग की है, उनकी इस मांग को मंजूर करने की आव्श्यकता है। अब यह देखना होगा कि इतना पैसा सरकार के पास है या नहीं? झारखंड राज्य के विकास के लिये कम से कम एक लाख करोड़ रुप्ये की आव्श्यकता है। मुझे आशा है कि सरकार इस मांग पर विचार करेगी।

किया जा रहा यहां देश का बंट्वारा, तो भी यहां गूंज रहा एकता का नारा,

अटल जी, आड्वाणी जी, अगर तुम बिहार और झारखंड को नहीं दोगे चारा,

तो समता वाले और जनता वाले बजायेंगे तुम्हारे बारह।।

अटल जी,बढ़ो तुम आगे, राज है तुम्हारा,

अटल जी, आड्वाणी जी, ल्ड़ो तुम आप्स में, राज है हमारा।।

बाबा साहेब अम्बेडकर ने रिप्ब्लिकन पार्टी ऑफ इंड्या की स्थापना की थी। उस पार्टी की ओर से हम इस विधेयक का समर्थन करते हैं।

श्री भान सिंह भौरा (भटिंडा) : अध्यक्ष महोदय, मैं सी.पी.आई. की तरफ से इस बिल का समर्थन करता हूं और साथ ही कहना चाहता हूं कि इसमें जो 81 विधान सभा सीटें और 14 लोक सभा सीटें रखी गई हैं, वे कैसे बांटी जायेंगी। इसमें 14 लोक सभा की सीटों के विरुद्ध आपने 81 विधान सभा सीटों को रखा है, इसका अनुपात ठीक किया जाए। यदि छ: सीटों का भी हिसाब लगाया जाए तो विधान सभा की सीटें 84 होनी चाहिए। 81 सीटें कैसे बंटेंगी। एक पार्लियामेंट की सीट में जितनी असेम्बली सीटें हैं वे छ: के हिसाब से बंटनी चाहिए, इसलिए इसे 84 सीटें किया जाए।

इसके साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि अभी तीन दिन में तीन स्टेट्स बन गई हैं लेकिन इसमें यह ध्यान रखा जाए कि इन स्टेट्स में आपस में झगड़ा न रहे। जैसे हरियाणा और पंजाब में पानी और चंडीगढ़ को लेकर झगड़ा अभी भी चल रहा है, ये झगड़े न हों और इन झगड़ों को बैठकर निपटाया जाए। इतना कहकर मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष जी, मैं अपनी पार्टी की ओर से इस बिल का कम विरोध करने के लिए खड़ा हुआ हूं। महोदय, जो बिल लाया गया है वह ठीक है। झारखंड में आदिम जाति के लोग बहुत अधिक है। पचास र्वा के बाद महात्मा गांधी का स्वप्न साकार हो गया जब महामहिम राट्रपति श्री के.आर.नारायणन बन गये। मेरी विनती है कि झारखंड का मुख्य मंत्री आदिम जाति का हो और वहां का राज्यपाल भी आदिम जाति का हो। वहां ज्यादा से ज्यादा सीटें आदिम जाति और पिछड़ी जमात को दी जाएं। यह नया राज्य बन रहा है, इसे मेरा प्रणाम है। मैं इसे प्रणाम इसलिए कर रहा हूं कि यहां महात्मा बुद्ध हुए, भगवान महावीर हुए। महात्मा बुद्ध से बाबासाहेब अम्बेडकर ने प्रेरणा ली और बौद्ध धर्म स्वीकार किया। महात्मा गांधी ने भगवान महावीर से प्रेरणा ली और अहिंसा को स्वीकार किया। बिहार बहुत महान है। इतना ही नहीं यहां के रक्षा मंत्री श्री जॉर्ज फर्नांडीज ने बिहार से दीक्षा ली और समता पार्टी बनाई, उनके दो चेले श्री पासवान जी और श्री शरद यादव जी बने। बिहार इतना महान है।

अध्यक्ष महोदय, यहां श्री लालू प्रसाद और कांग्रेस का नाम लेना भी जरूरी है। ये दोनों सांठ-गांठ करके यह बिल लाये हैं। इतना ही नहीं, विद्यमान गृह मंत्री जी और पिछले संसद सदस्य श्रीमान लाल कृण आडवाणी जी की रथयात्रा का घोड़ा लालू प्रसाद ने ही अटकाया था। अभी जो राज्यों का निर्माण हुआ है उससे लालू प्रसाद जी का घोड़ा इतना आगे जायेगा और इनका घोड़ा पीछे रह जायेगा। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री बीर सिंह महतो (पुरूलिया) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक की ओर से प्रस्तावित बिहार पुनर्गठन बिल, 2000 का स्वागत करता हूं।

मैं आपके माध्यम से सदन को याद दिलाना चाहता हूं कि ऑल इंड्रिया फार्वर्ड ब्लाक पिछले 35-40 सालों से सदन में और सदन के बाहर भी बराबर इसका पक्षधर रहा है। अगर देश का सर्वांगीण विकास करना है, देश की संस्कृति और सभ्यता को विकसित करना है तो छोटे राज्यों का निर्माण आवश्यक है, अनिवार्य है। इसीलिए हमारी पार्टी विदर्भ राज्य के लिए महाराट्र में कई वर्षों से आंदोलन चला रही है। झारखंड राज्य का मुद्दा बहुत पुराना है। अब इस मुद्दे को सफलता मिल रही है। झारखंड राज्य के लिए जो प्रस्ताव आया है वह देरी से आया है, देर आयद, दुरुस्त आयद। अंत में, मैं सरकार को और सभी माननीय सदस्यों को इस बिल को पास करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI PRAMOD MAHAJAN): Mr. Speaker, Sir, there are many speakers who wanted to speak on this Bill, but could not do so because of paucity of time. I request you to kindly accept the suggestion made by them that they can lay the speeches on the Table of the House.

MR. SPEAKER : Yes. The written speeches can be laid on the Table of the House. They will go on record.

Hon. Minister Shri L.K. Advani to reply now.

श्रीमति रेणु कुमारी (खगड़िया) अध्यक्ष महोदय, मैं झारखंड राज्य के समर्थन में खड़ी हुई हूं। लेकिन अलग होने का दर्द चंद शब्दों में व्यक्त कर रही हूं।

जब 1912 मे बिहार बंगाल से और 1936 में उड़ीसा से अलग हुआ तब किसी ने सोचा भी नहीं था कि बिहार के लिए दक्षिण बिहार के अलगाव की एक और लड़ाई लड़नी बाकी है। दरअसल प्रकृति ने बिहार को दो स्पट भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित किया हुआ है' एक पठारी इलाका (दक्षिणी बिहार) जिसका क्षेत्रफल 80 लाख हैक्टेयर और आबादी 2 करोड़ 80 लाख है एवं दूसरा मैदानी क्षेत्र (उत्तर बिहार, मध्य बिहार) जिसका क्षेत्रफल 98 लाख हैक्टेयर, आबादी 6 करोड़ 48 लाख है।

22 जुलाई 1997 को जब बिहार विधान सभा में झारखण्ड राज्य के पक्ष में लालू प्रसाद की सरकार ने प्रस्ताव पास किया तो आशा नहीं थी कि ठीक एक वर्ष बाद ही इसी सरकार के इस मुखिया (मुख्यमंत्री न होते हुए भी) को ठीक इसके विपरीत कहना पड़ेगा कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा तथा झारखंड बनने पर उत्तर-मध्य बिहार की जनता को बालू फांकना पड़ेगा।

दरअसल इन घोणाओं में 20 वर्षों तक अनवरत राज करने की डुगडुगी बजाने वाले श्री लालू प्रसाद की राज लिप्सा ही बोलती थी। लेकिन श्री लालू प्रसाद चारा घोटाला में फंसे थे। उन्हें भरत जैसा उनके खड़ाऊं की पूजा करने वाला एक भी नहीं दिख रहा था। लेकिन उन्हें गद्दी सौंपनी थी। चारा घोटाला

---

* Speech Laid on the Table of the House

